
खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें :→ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 02 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –268 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.


- नफरत की धांय-धांय
- मजबूरी नहीं, जरूरी .. 04
- पुतिन के दफ्तर से 5 कि.मी. दूर यूक्रेन का...
- डोकसूरी तूफान से मरने वालों की संख्या... 09
- रियायती टमाटर की बिक्री बेअसर, नहीं थमी...
- जुलाई में जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 1.65 ... 11
- इंग्लैंड के अब तक के...
- हमें हाल ही के ... 10


## सार संक्षेप



### मुख्यमंत्री ने प्रदेश के एक बार फिर टाइगर स्टेट बनने पर दी बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के एक बार फिर टाइगर स्टेट बनने पर मंत्रि–परिषद के साथियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सबसे अधिक 785 बाघ मध्यप्रदेश में होना प्रदेश की बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में प्राप्त इस उपलब्धि के लिए वन मंत्री डॉ. कुंअर विजय शाह ने उनका पुष्प–गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की परकेपिटा इन्कम में हुई वृद्धि और गरीबों की संख्या में आई कमी के लिए भी मंत्रि–परिषद के सदस्यों को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रि–परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप प्रदेशवासियों की आय बढ़ी है, साथ ही प्रदेश में गरीबी भी कम हो रही है। प्रदेश में परकैपिटा इन्कम 1 लाख 40 हजार रुपए प्रति वर्ष हो गई है।



### सूचना

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-अब लव जिहाद रोकने के लिये युवकों को बंदूक चलाने की ट्रेनिंग देने की बात सामने आई है।

**चुहिया- हां प्रिये**- नफरत के पाठ जब तक पढ़ाये जाते रहेंगे, तब तक तुम कोई इससे ज्यादा उम्मीद मत करो।

### सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को किया तलब, कहा

# मणिपुर में कानून व्यवस्था हो चुकी ध्वस्त

### राज्य में 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं करने पर हैरानी जताई

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के केस में मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पुलिस की जांच को सुस्त बताया। कोर्ट ने कहा कि राज्य में कानून–व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है।

कोर्ट ने हैरानी जताई कि राज्य की जातीय हिंसा में लगभग 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं की गई। बाद में भी जब 6000 से ज्यादा एफआईआर हुईं तो इनमें चंद गिरफ्तारियां की गईं। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)को कोर्ट में हाजिर होकर इन सभी सवालों का जवाब देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है।

पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें एक्स और वाई नाम से संबोधित किया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी। कुकी महिलाओं से दुष्कर्म और हत्या के मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह रिपोर्ट कानून के खिलाफ है।



> सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर पुलिस से नाराजगी जताते हुए कहा कि- राज्य में कानून एवं व्यवस्था और संवैधानिक तंत्र पूरी तरह चरमरा गया है। यह साफ है कि पुलिस ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति पर से नियंत्रण खो दिया है और अगर कानून एवं व्यवस्था तंत्र लोगों की रक्षा नहीं कर सकता तो नागरिकों का क्या होगा?

इसमें पीड़ित महिलाओं के नाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तुरंत निर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी से शेयर मत करना। मीडिया को मत देना। नहीं तो पीड़ितों के नाम सामने आ जाएंगे। कोर्ट बोला कि हम अपनी कॉपी में करेक्शन कर लेंगे। इस पर केंद्र ने कहा कि हमने इसे किसी से शेयर नहीं किया। हमारे पास हमारी कॉपी है और एक कॉपी सिर्फ बेंच के सामने रखी गई है।

**पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई पर पूछा सवाल** – शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से मुर्दाघर में रखे शवों की पहचान स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी मांगी। पीठ ने यह भी कहा कि वह जाना चाहती है कि हिंसा प्रभावित इलाकों में कितने स्कूल हैं। उनमें कितने छात्र हैं। वहां क्या हालात पढ़ाई के लिए अनुकूल हैं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा, स्थिति बेहद परेशान करने वाली है।

## सदन में अविश्वास प्रस्ताव पर 8 से 10 अगस्त तक चर्चा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव चर्चा की तारीख तय हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव पर 8 से 10 अगस्त तक सदन में चर्चा चलेगी। 10 अगस्त को पीएम मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देंगे। इंडिया गठबंधन की ओर से सदन के नियम 198 के तहत मणिपुर मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने स्वीकार कर लिया था। 26 जुलाई को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को संबोधित करते हुए एक नोटिस दिया था।

### मोदी को मणिपुर पर बोलने की फुर्सत नहीं : खड़ग

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी प्रचार कर रहे हैं और विपक्षी दल उनसे संसद में बयान देने की मांग कर रहे हैं लेकिन इस मुद्दे पर उन्हें बोलने की फुर्सत नहीं है। उन्होंने कहा सरकार विपक्ष को बोलने नहीं दे रही है और भ्रम फैलाने की पूरी कोशिश की जा रही है

# प्रदेश में कोई भी भूमिहीन और आवासहीन नहीं रहेगा : शिवराज



### मुख्यमंत्री का वादा- सबको मिलेगा पक्का घर

- मुख्यमंत्री ने 70 हजार हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश
- 9.54 लाख स्वीकृत आवासों में से 6.81 लाख आवास पूर्ण
- भू-माफिया से छुड़ाई गई 23 हजार एकड़ भूमि पर बनेंगे गरीबों के मकान
- 30 हजार को कुल 300 करोड़ की राशि अंतरित की

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के शहरी क्षेत्रों सहित ग्रामों में कोई भूमिहीन और आवासहीन नहीं रहेगा। हर व्यक्ति को पक्का घर मिलेगा। प्रदेश में भू–माफियाओं से लगभग 23 हजार एकड़ भूमि छुड़वाई गई है, जिन पर गरीबों के पक्के मकान बनाये जायेंगे। प्रदेश में स्वीकृत 9 लाख 54 हजार स्वीकृत आवासों में से 6 लाख 81 हजार आवास बन गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आवास योजना का लाभ प्राप्त करने वाले 3 हितग्राहियों से संवाद भी किया। इनमें आगर मालवा जिले के नलखेड़ा की श्रीमती अंजली यादव, धार के विष्णु कुमार और नरसिंहपुर की श्रीमती लता बाई शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हितग्राहि यों से उनके परिवार के सदस्यों और परिवारों द्वारा किए जा रहे कार्य, व्यवसाय की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में भी हितग्राहियों से बातचीत की। हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास और अन्य योजनाओं के लाभ के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान को हृदय से धन्यवाद दिया। >>शेष पृष्ठ 2 पर



## लव जिहाद रोकने के लिए असम में हथियारों की ट्रेनिंग?

### वायरल वीडियो पर पुलिस की कार्यवाई

**दरांग।** असम पुलिस ने दरांग जिले के एक स्कूल में लव जिहाद रोकने के लिये हथियार प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर मामला दर्ज किया है।

मंगलदाई पुलिस ने कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। दरांग पुलिस ने ट्वीट किया, महर्षि विद्या मंदिर, एक शिविर के दौरान मंगलदाई में राष्ट्रीय बजरंग दल ने हथियार चलाने की भी प्रशिक्षण दिया, जिसके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। वीडियो को देखने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले वायरल एक वीडियो देखने के बाद पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने दरांग जिले के पुलिस अधीक्षक को मामला दर्ज निर्देश दिया था। बजरंग दल के सदस्यों को स्कूल में हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हुए दिखाने वाला एक वीडियो वायरल हुआ था। उल्लेखनीय है कि बजरंग दल ने कहा कि जिले के मोरनोई गांव में आयोजित शिविर में 350 युवाओं को बंदूकें चलाने, मार्शल आर्ट के अलावा कला, राजनीति और आध्यात्मिकता का पाठ सीखने का प्रशिक्षण दिया गया।

### महाराष्ट्र में बड़ा हादसा

# पुल से क्रेन पलटी, 17 की मौत, 3 घायल

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की सहायता

**मुंबई/ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मंगलवार तड़के एक बड़े हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गये हैं। जिले के शाहपुर के पास समृद्धि राजमार्ग पर हो रहे पुल निर्माण के काम में लगी क्रेन अचानक पलट गई।

घटना की जानकारी पर फौरन राष्ट्रीय आपदा राहत बल की दो टीमें मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गईं। टीम ने अब तक 17 शवों को निकाल सकी हैं। घायल हुए तीन लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। राहत कार्य में लगे लोगों ने आशंका जताई है कि मलबे में अब भी कुछ लोग दबे हो सकते हैं।

**दुर्घटनास्थल मुंबई से करीब 80 किमी दूर है**

अधिकारियों के मुताबिक, घटना मुंबई से करीब 80 किलोमीटर दूर शाहपुर तहसील के सरलांबे गांव के पास आधी रात को करीब 12 बजे हुई। जो क्रेन गिरी वह एक विशेष प्रयोजन वाली मोबाइल गैन्ट्री क्रेन थी जिसका उपयोग पुल निर्माण और राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं में प्रीकास्ट बॉक्स गर्डर्स स्थापित करने के लिए किया जाता था। घटना के तुरंत बाद, पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीमों को बचाव कार्य के लिए



तैनात किया गया। उन्होंने कहा, मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में समृद्धि एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान पुल के स्लैब पर क्रेन गिरने से हुई श्रमिकों की मौत पर मंगलवार को शोक जताया। उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से इस दुर्घटना के प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी या परिजन को दो–दो लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

## कांतिलाल भूरिया बने कांग्रेस चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष

### कमलनाथ, दिग्विजय समेत कई नेताओं को भी मिली जगह



**नई दिल्ली/भोपाल।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मध्य प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार समिति और चुनाव समिति के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने 34 सदस्यों वाली एक समिति का गठन किया है। इसमें पार्टी के कद्दावर नेता कांतिलाल भूरिया को चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके साथ ही इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस 15 अगस्त से पूर्व कई समितियों का भी गठन कर सकती है।

कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए चुनाव अभियान समिति के गठन को अपनी ओर से स्वीकृति दे दी है। इस समिति में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के अलावा 30 से अधिक वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। >>शेष पृष्ठ 2 पर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

### आदेश — दवा फर्जी है या असली अब मालूम चलेगा एक क्लिक पर

# आज से दवाओं पर होगा क्यूआर कोड?

**नई दिल्ली।** आज से देश में 300 दवाएं क्यूआर कोड के साथ मिलेंगी। इसकी मदद से ग्राहक फर्जी और असली दवा में फर्क पता कर सकेंगे। केंद्र सरकार के इस आदेश का पालन नहीं करने वाली कंपनी को जुर्माना भरना होगा।

देश में बढ़ रहीं नकली दवाओं की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने दवाओं पर क्यूआर कोड लगाने का आदेश जारी किया है। ड्रग्स कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया ने 300 फार्मा कंपनियों को 1 अगस्त 2023 से क्यूआर कोड लगाने का आदेश दिया है। आदेश के मुताबिक देश के टॉप 300 दवा ब्रांड को अपनी दवाओं पर क्यूआर कोड लगाना होगा। डीसीजीआई का आदेश नहीं मानने पर दवा कंपनी को जुर्माना देना होगा।

देश की टॉप फार्मा कंपनियां अब अपनी दवाओं पर क्यूआर कोड लगाएंगे। एलिग्रा, शेलकेल, काल्पोल, डोलो और मेफ्टेल जैसी दवाएं इसमें शामिल हैं। ड्रग्स कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया ने बताया है कि- जो भी कंपनी इस आदेश को पूरा नहीं करेगी उसे जुर्माने के दायरे में रखा जाएगा। केंद्र सरकार ने कुल 300 दवाओं पर क्यूआर कोड लगाने का आदेश दिया है।

क्यूआर कोड स्कैन कर ग्राहक दवा से जुड़ी बुनियादी जानकारी हासिल कर सकते हैं। यूनिक प्रोडेक्ट आइडेंटिफिकेशन कोड के द्वारा दवा का जेनेरिक नाम, ब्रांड




का नाम, मैन्यूफैक्चरर का नाम, दवा की मैन्युफैक्चरिंग तारीख के साथ–साथ उसकी एक्सपायरी डेट और दवा बनाने वाली कंपनी का लाइसेंस नंबर भी पता चल जाएगा।

देश में बढ़ते नकली दवा के कारोबार को रोकने के लिए सरकार ने यह कड़ा कदम उठाया है। नवंबर 2022 में केंद्र सरकार ने बताया था कि वह दवाओं पर क्यूआर कोड लाने की प्रक्रिया में है। हाल में ही इसके संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर बताया गया कि 1 अगस्त 2023 से देश की प्रमुख फार्मा कंपनी अपनी दवाओं पर क्यूआर कोड लगाएंगी। सरकार ने इसके लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 में संशोधन कर क्यूआर कोड लगाना अनिवार्य कर दिया है।

आईडीएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष विरंची शाह ने बताया है कि 1 अगस्त 2023 के बाद बनने वाली 300 कंपनियों के ब्रांड के बैच में पैकेजिंग पर क्यूआर कोड डाले जाएंगे। सरकार के इस कदम का असर एलेग्रा, डोलो, ऑगमेंटिन, एस्थलिन, लिम्सी, सेरिडॉन, कोरेक्स, कालपोल, अनवांटेड–72 और थायरोनॉर्म जैसे लोकप्रिय दवा ब्रांड पर पड़ेगा। इन ब्रांड की दवाएं अधिक मात्रा में बाजार में बिकती हैं और उन्हें सालाना कारोबार या सालाना बिक्री के आधार पर छांटा गया है। सूत्रों ने बताया है कि सरकार के इस फैसले से दवा की कीमत 5 से 7 फीसदी तक बढ़ सकता है।

# देश-विदेश

## भरतपुर के 4 इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित

जयपुर। पड़ोसी हरियाणा के नूंह जिले में हिंसा के बाद मंगलवार को राजस्थान के भरतपुर जिले के चार इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने पहाड़ी, कामां, नागर और सीकरी में आज सुबह 6 बजे से अगले 24 घंटे तक इंटरनेट बंद करने के आदेश दिए हैं।

# नूंह हिंसा में पांच की मौत, गुरुग्राम में भी उत्पात

**नूंह।** हरियाणा के नूंह में सोमवार को ब्रजमंडल 84 कोस शोभायात्रा पर पथराव और फायरिंग के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पत्थरबाजी, गोलीबारी और आगजनी में दो होम गार्ड के जवानों की मौत हो गई है। गुरुग्राम में भी धार्मिक स्थल पर हमला हुआ है, इसमें एक की मौत हो गई है। नूंह हिंसा में डीएसपी समेत 12 पुलिस कर्मचारी घायल हैं। इसके अलावा 20 से अधिक आम लोग घायल हैं। इंटरनेट सेवा को बुधवार तक बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले की सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। नूंह की आंच गुरुग्राम तक पहुंच गई। गुरुग्राम के बादशाहपुर सोहना रोड पर हुड़दंग हो गया है। सोहना रोड पर सरेआम उत्पात और लूट मच गई। तोड़फोड़ के साथ दुकान से सामान लूट करते युवा कैमरे में कैद हो गए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**प्रदेश में कोई....** मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रवीन्द्र भवन, भोपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आवास योजना के 30 हजार हितग्राहियों को 300 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 70 हज़ार हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया और हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आवास योजना में समग्र प्रगति के आधार पर सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले निकायों को पुरस्कृत किया। आवास आवंटन प्रमाण-पत्र वितरित मुख्यमंत्री ने कोकता ट्रांसपोर्ट नगर भोपाल के 5 हितग्राहियों श्रीमती माया श्रीवास्तव, श्रीमती लक्ष्मी राठौर, श्री सतीश कुमार धाकड़े, श्रीमती सोनम रैकवार और शुभम मांझी को स्थाई आवास आवंटन प्रमाण-पत्र वितरित किये। समारोह को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने संबोधित करते कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के पिटारे से प्रतिदिन प्रदेश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिये करोड़ों रूपये खर्च किये जा रहे हैं।

**कांतिलाल भूरिया.....** इसमें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह, वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी और राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा के नाम शामिल किए गए हैं। साथ ही कमलनाथ की सरकार में रहे पूर्व मंत्रियों को भी जगह दी गई है। इसमें जीतू पटवारी, बाला बच्चन और तरुण भनोट को भी जगह मिली है। इसके अतिरिक्त पार्टी के सभी आनुषांगिक संगठनों के अध्यक्षों और एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रमुखों को भी चुनाव अभियान समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।


## PUBLIC NOTICE

I hitherto known as RADHEY SHYAM HARIJAN S/o Late.Ram Pal Employed as Post MM. Section RSSD, Personal No. 6967382 at COD, Jabalpur (M.P.), Residing at H.No. 56 Brigrediyar Saharan Nagar, C.O.D Colony Koyla Nagar, Kanpur, U.P.- 208011 have changed my name shall hereafter be known as RADHEY SHYAM.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

RADHEY SHYAM HARIJAN
Signature
( in existing old name)

## PUBLIC NOTICE

I hitherto known as IQUBAL MOHAMMED S/o LATE Hussain Baksh Employed as Post. Watchman (MTS), Card No. 14980, ID 23531707 at College of Material Management Jabalpur (M.P.), residing at H.No. 2393, Sheetalamai Ward, Opposite Sethi Furniture, Post Bai ka Bagicha, Jabalpur (M.P.)- 482001 have changed my name shall hereafter be known as IQBAL MOHAMMAD.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

IQUBAL MOHAMMED
.Signature
( in existing old name)

## न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0797/अ-6/2023-24

### आम इश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम गढ़ा प.ह.नं. 6 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंशुल श्रीवास्तव पिता स्व. श्री नर्मदा प्रसाद श्रीवास्तव निवासी नव निवेश कालोनी गढ़ा नगर जबलपुर के द्वारा ग्राम गढ़ा बंदोबस्त नंबर 399 प.ह.नं. 6 में स्थित भूमि खसरा नंबर 144/2/2/6 में से रकवा 0.0140 हेक्टे. पर फौती नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-01/08/2023
पेशी दिनांक-08/08/2023

तहसीलदार गोरखपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

ACCREDITED BY NAAC ``B`` Dt. 17/05/2022
Ph.No.: 07162-236477, Fax: 07162-243257, Mob. No. 9425360861
E-Mail: hegpgchi@mp.gov.in
Website:-www.mpcollege.nic.in/gapgcchhindwara/index.htm

पत्र क्रमांक/1793/2023 छिंदवाड़ा, दिनांक 31/07/2023

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा सत्र 2023-24 के लिए पुस्तकें क्रय करने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत विवरण website-www.mptender.gov.in पर उपलब्ध है। ऑनलाईन बिड जमा करने की अंतिम तिथि 18/08/2023 सायं 5:30 बजे तक होगी।

(डॉ. पी.आर. चंदेलकर) प्राचार्य
शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

## निविदा/नियुक्ति /जाहिरात

## न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जिला- जबलपुर

रा.प्र.क्र./0630/अ -6/2023-24

### //आम इश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुंगवा प.ह.नं. 10 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सोंसन सिंह पति अजय सिंह, अजय सिंह पिता किशोरी लाल गौंड निवासी म.नं.-49, बाबू कॉलोनी मेडीकल कैम्पस गढ़ा जबलपुर के द्वारा ग्राम कुंगवा बंदोबस्त नम्बर ... प.ह.नं. 10 में स्थित भूमि खसरा नंबर 80/23, 81/21, 69/1, 80/1, 81/1 में से रकवा 1000 वर्गफुट पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 01/08/2023**
**पेशी दिनांक- 07/08/2023**

अतिरिक्त तहसीलदार एवं
र.नं. 845 कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर

## निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)
## मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

ज्ञाप क्रं. 11/वाद/सा-2/2023-24 दिनांक 26.07.2023

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्में जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती हैं, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| सं. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7 |
| 1. | 23/सा./मु.अ./ 2023-24 दिनांक 26/07/2023 (प्रथम आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना के अन्तर्गत बरगी कालोनी करेली, मोहद, पनारी का वार्षिक रखरखाव का कार्य वर्ष 2023-24 एवं करेली कालोनी में वाटर प्रुफ्रिंग का कार्य। | रु. 12.19 लाख (रू. बारह लाख उन्नीस हजार मात्र) (पी.डब्ल्यूडी. एस.ओ.आर. 01/12/2020 पर लागू) | रु. 25000/- (रू. पच्चीस हजार मात्र) | रु. 2000/- (रू. दो हजार मात्र) | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in. का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरांत केवल ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय- दिनांक 10.08.2023 17.30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा) मुख्य अभियंता
रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-17585/23

## In The Court of XXII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur

Presiding Officer:
विश्वेश्वरी मिश्रा

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

**(MJC SUC/0000109/2023)**

हुस्नारावी...... आवेदक
Vs
श्रीमान प्रबंधक महोदय केनरा बैंक.......अनावेदक

**Process Id**- 2023
पेशी दि.:-10/08/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हुस्नारावी पता मलिक नरसिंहपुर के बाजू में वार्ड नम्बर-39 अली नगर छिंदवाड़ा, जिला-छिंदवाड़ा ने मृतक मोहम्मद सईद कुरैशी निवासी- अली नगर वार्ड नं.-30 छिन्दवाड़ा म.प्र. की केनरा बैंक शाखा केन्ट केन्टोनमेंट जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 अगस्त 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 अगस्त 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 12 जुलाई 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन व उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्रीमती विश्वेश्वरी मिश्रा)
बाइसवें सिविल न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड
र.नं. -847 जिला जबलपुर (म.प्र.)

## कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला नरसिंहपुर

कार्यालय कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन कक्ष क्रमांक 77 फोन नम्बर 07792-230512 ई-मेल wcdnar@mp.nic.in

### निविदा विज्ञप्ति

संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक/2758/3599/2018/50-2 (एएन) दिनांक 26.12.2018 एवं कलेक्टर महोदय नरसिंहपुर का पत्र दिनांक 09.01.2019 द्वारा प्राप्त निर्देशों के पालन में एवं टेक होम राशन परिवहन व्यवस्था हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 15.03.2023 में लिये गये निर्णय अनुसार नरसिंहपुर जिला में संचालित 06 बाल विकास परियोजनाओं में प्राप्त होने वाले पूरक पोषण आहार टेक होम राशन का परियोजना कार्यालयों में आंगनबाड़ी केन्द्र/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों तक 01 वर्ष की अवधि के लिये परिवहन किये जाने हेतु दिनांक 01.08.2023 से दिनांक 28.8.2023 तक कार्यालयीन कार्यदिवसों में (अवकाश दिवसों को छोड़कर) कार्यालयीन समय में निविदा आमंत्रित की जाती है। परियोजनावार आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | परियोजना का नाम | आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या | मिनी आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या | कुल आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरसिंहपुर | 210 | 31 | 241 | |
| 2. | गोटेगांव | 187 | 05 | 192 | |
| 3. | करेली | 162 | 22 | 184 | |
| 4. | चांवरपाठा | 187 | 02 | 189 | |
| 5. | चीचली | 187 | 13 | 200 | |
| 6. | सांईखेड़ा | 170 | 16 | 186 | |
| | योग- | 1103 | 89 | 1192 | |

उपरोक्तानुसार परियोजना स्तर से आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पूरक पोषण आहार टेकहोम राशन परिवहन व्यवस्था हेतु शासन द्वारा अधिकतम राशि रुपये 100.00 प्रति क्विंटल निर्धारित है। अत: परिवहन किये जाने हेतु अच्छुक निविदाकर्ता दिनांक 01.082023 से दिनांक 28.08.2023 तक रुपये 500.00 नगर जमा कर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला नरसिंहपुर कलेक्ट्रेट कक्ष क्रमांक 77 से कार्यालयीन समय में आकर निविदा प्रपत्र, विस्तृत शर्तें एवं अन्य विवरण प्राप्त कर निविदायें जमा कर सकेंगे।

जी-17587/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास, जिला-नरसिंहपुर

## इंडियन बैंक Indian Bank
## इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय: जय स्तंभ चौक, सतना
फोन नं.: 07672 - 414418, 414406

### विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस**

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **''जहाँ है जैसी है एवं बिना कोई आधार के''** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी दवारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्म: **(1) https://www.ibapi.in (2) http://www.mstcecommerce.com** पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतना मुख्य | 1. मेसर्स सांई मार्केटिंग प्रोप्रा. श्री चन्द्रकांत देवानी पिता श्री देवानंद देवानी, भारत ऑइल मिल के पास, टिकुरिया टोला, सतना (म.प्र.)- 485001 बधंककर्ता- 2. श्री चन्द्रकांत देवानी प्रोप्रा. मेसर्स सांई मार्केटिंग पिता श्री देवानंद देवानी, सिंधी कैम्प, सब्जी मंडी रोड, सतना (म.प्र.)- 485005 जमानतदार- 3. श्री अमित कुमार जिंदवानी पिता श्री भूल चन्द्र जिंदवानी, सिंधी कैम्प, सब्जी मंडी रोड, सतना (म.प्र.)- 485005 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग खुली भूमि जो कि श्री चन्द्रकांत देवानी पिता श्री देवानंद देवानी एवं श्री अमित कुमार जिंदवानी पिता श्री भूल चन्द्र जिंदवानी के स्वामित्व की है स्थित अराजी खसरा नं. 246/2/1/1/2, एरिया 1837.50 वर्गफुट, कोलगांव बांधवगढ़ कॉलोनी के पीछे, वार्ड नं. 13, सतना (सेलडीड नं. 3690 दिनांक 25.02.2012)। चतुर्सीमा: उत्तर- रोड, दक्षिण- जितेन्द्र सिंह, पूर्व- विक्रेती की भूमि, पश्चिम- खन्ना जी की अराजी।<br>Property ID No. IDIB50183698423 | 28-09-2018<br>11-06-2019<br>Rs. 21,31,157/-<br>+ ब्याज 28.09.2018 से एवं अन्य खर्च | Rs. 15,64,000/-<br>Rs. 1,56,400/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 2 | कटनी मुख्य | ऋणी- 1. मेसर्स सिद्धि विनायक राईस मिल प्रोप्राइटर श्री अमित कुशवाहा, ग्राम- मझगवां, तहसील- बड़वारा, कटनी (म.प्र.) प्रोप्राइटर/बंधककर्ता- 2. श्री अमित कुशवाहा प्रोप्रा.. मेसर्स सिद्धि विनायक राईस मिल पिता श्री राकेश कुशवाहा, राम मनोहर लोहिया वार्ड, त्रिसोलिया गली, संस्कार भारती स्कूल के पीछे, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.) | सम्पत्ति के सभी भू- भाग निर्मित मिल प्लांट के साथ एवं मशीनरी एवं भवन खुला प्लाट जो कि श्री अमित कुशवाहा पिता श्री राकेश कुशवाहा के स्वामित्व का है, स्थित खसरा नं. 780/1 नामांतरण पश्चात नया खसरा नं. 780/3, एरिया 0.13 हेक्टे. या 13988 वर्गफुट, प.ह.नं. 01, एन.बी.नं. 332 स्थित ग्राम- मझगवां, रा.नि.मं.- बड़वारा, तहसील- बड़वारा, जिला- कटनी। चतुर्सीमा: उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण- रूपा कस्तोर की भूमि, पूर्व- अन्य की भूमि, पश्चिम- पक्का रोड। एवं दृष्टिबंधक प्लांट एवं मशीनरी<br>Property ID No. IDIB50371966717 | 24-09-2019<br>21-01-2020<br>Rs. 60,78,880.15<br>+ ब्याज 24.09.2019 से एवं अन्य खर्च | Rs. 37,05,000/-<br>Rs. 3,70,500/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 3 | कटनी मुख्य | ऋणी- 1. मेसर्स शिव सागर इंडस्ट्रीज प्रोप्रा. श्री रमेश लाल सिंघानी, म.नं. 316/1, बाबा नारायण शाह वार्ड, ए.डी.एम. लाईन, माधव नगर, कटनी- 483501 प्रोप्राइटर/जमानतदार- 2. श्री रमेश लाल सिंघानी, म.नं. 316/1, बाबा नारायण शाह वार्ड, ए.डी.एम. लाईन, माधव नगर, कटनी- 483501 जमानतदार- 3. श्री गौरव सिंघानी पिता श्री रमेश लाल सिंघानी, म.नं. 316/1, बाबा नारायण शाह वार्ड, ए.डी.एम. लाईन, माधव नगर, कटनी- 483501 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग नजूल/पुर्नवास भूमि शीट नं. 2, भूमि एवं भवन स्थित प्लाट नं. 316/1 (पुराना प्लाट नं. 316), एरिया 3720 वर्गफुट, ग्राम- टिकुरी, एन.बी.नं. 188, प.ह.नं. 43, बाबा नारायण शाह वार्ड, ए.डी.एम. लाईन्स, माधव नगर, कटनी (म.प्र.)। चतुर्सीमा: उत्तर- किशन चंद का मकान, दक्षिण- प्रकाश चंद असरानी, पूर्व- बाबा नारायण शाह हॉस्पिटल, पश्चिम- मेन रोड।<br>Property ID No. IDIB50054623033 | 05-04-2018<br>04-09-2018<br>Rs. 1,79,93,322.75<br>+ ब्याज -04.04.2018 से एवं अन्य खर्च | Rs. 82,11,000/-<br>Rs. 8,22,000/-<br>Rs. 1,00,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 4 | कटनी मुख्य | ऋणी- 1. मेसर्स कान्हा ट्रेडिंग कम्पनी (प्रोप्रा. श्री अशोक कुमार यादव), रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास, माधव नगर गेट, विजय रोड लाइंस सीढ़ियों के ऊपर, कटनी (म.प्र.) ऋणी/बंधककर्ता- 2. श्री अशोक कुमार यादव पिता श्री राजा राम यादव, हर्ष नगर, अर्जुन पैलेस के सामने, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.) जमानतदार- 3. श्रीमति अर्चना यादव पत्नि श्री अशोक कुमार यादव, हर्ष नगर, अर्जुन पैलेस के सामने, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.) जमानतदार/बंधककर्ता- 4. श्री विकेश कुमार जैन पिता रामअवतार जैन, पता- म.नं. 448/2, नई बस्ती कटनी, एल.आई.सी. ऑफिस, जगमोहन दास वार्ड नं. 10, मुड़वारा, कटनी (म.प्र.) जमानतदार- 5. श्री शीशेन्द्र कुमार मिश्रा पिता श्री भानू प्रताप मिश्रा, मकान नं. एम.आई.जी.- 18, स्कीम नं. 06, न.बं. 223, प.ह.नं. 29/46, नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी, तहसील एवं जिला- कटनी (म.प्र.) | **सम्पत्ति 1:** भूमि एवं भवन एवं उस पर निर्मित जो कि श्री अशोक कुमार यादव के स्वामित्व की है, स्थित पी.सी.नं. 29/46, एस.नं. 223, स्कीम 6, भूखान- 7 स्थित नगर सुधार न्यास कॉलोनी, महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी, तहसील- कटनी, एरिया 189 वर्गमीटर या 2033.64 वर्गफुट। चतुर्सीमा: उत्तर- एचआईजी मकान नं. 03 की बाऊंड्री, दक्षिण- 12 मीटर चौड़ी रोड, पूर्व- प्लाट नं. 02, पश्चिम- प्लाट नं. 08<br>Property ID No. IDIB50217643434 | 10-10-2019<br>21-01-2020<br>Rs. 1,84,08,670.32<br>+ ब्याज 10.10.2019 से एवं अन्य खर्च | Rs. 84,44,000/-<br>Rs. 9,93,400/-<br>Rs. 50,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | **सम्पत्ति 2:** भूमि एवं भवन एवं उस पर निर्मित जो कि श्री विकेश जैन के स्वामित्व की है, स्थित खसरा नं. 185/10 एवं 185/15, एरिया 0.025 हेक्टे. या 3100 वर्गफुट स्थित ग्राम- छाका, एन.बी. 234, पी.सी.नं. 40/50, रा.नि.मं. मुड़वारा 2, तहसील- कटनी, चतुर्सीमा: उत्तर- मुन्ना चौधरी की भूमि, दक्षिण- बाल्मीक की भूमि, पूर्व- रामकिशोर की बाऊंड्रीवॉल, पश्चिम- बायपास रोड।<br>Property ID No. IDIB502176434341 | | Rs. 32,60,000/-<br>Rs. 3,06,000/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | **सम्पत्ति 3:** भूमि जो कि श्री अशोक कुमार यादव के स्वामित्व की है, स्थित खसरा नं. 254/2, एरिया 0.202 आर्या स्थित मौजा- लेदारी, पी.सी.नं. 01, झुकेही, रा.नि.मं. अमदरा, तहसील- मैहर, जिला- सतना। चतुर्सीमा: उत्तर- शाहनगर पन्ना रोड, दक्षिण- रामकली पटेल की अराजी, पूर्व- दीपचंद असाटी की भूमि, पश्चिम- रामकली पटेल की अराजी।<br>Property ID No. IDIB502176434342 | | Rs. 6,82,000/-<br>Rs. 75,700/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| | | | **सम्पत्ति 4:** भूमि जो कि श्री अशोक कुमार यादव के स्वामित्व की है, स्थित खसरा नं. 254/3, नामांतरण पश्चात नया खसरा नं. 254/2 एवं डायवर्सन खसरा नं. 254/2, एरिया 0.203 आर्या स्थित मौजा- लेदारी, पी.सी.नं. 01, झुकेही, रा.नि.मं. अमदरा, तहसील- मैहर, जिला- सतना। चतुर्सीमा: उत्तर- शाहनगर पन्ना रोड, दक्षिण- रामकली पटेल की अराजी, पूर्व- ब्रजेश मिश्रा की अराजी, पश्चिम- अशोक यादव की अराजी।<br>Property ID No. IDIB502176434343 | | Rs. 6,85,000/-<br>Rs. 76,100/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 5 | उमरी | ऋणी- 1. श्री अखिलेश चन्द्र खरे पिता श्री जे.पी. खरे, खरे कुंज, मकान नं. 369, गली नं. 09, नार्थ जवाहर नगर, सतना- 485001 सह- ऋणी एवं बंधककर्ता- 2. श्रीमति रूपाली खरे पत्नि श्री अखिलेश चंद्र खरे, खरे कुंज, मकान नं. 369, गली नं. 09, नार्थ जवाहर नगर, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं भवन सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति रूपाली खरे पत्नि श्री अखिलेश चन्द्र खरे, स्थित अराजी खसरा नं. **371/15Ka/1A/74/8**, एरिया- 2352 वर्गफुट या 218.58 वर्गमीटर (उत्तर से दक्षिण- 42 फुट एवं पूर्व से पश्चिम- 56 फुट) स्थित मौजा सतना वार्ड नं. 28, प.ह.नं.- 96, आर.आई. सर्किल- सतना।, ब्लॉक- सोहावल, तहसील- रघुराज नगर, जिला- सतना- 485001, चतुर्सीमा: उत्तर- भल्लू यादवु का मकान, दक्षिण- 3 फुट पैसेज विक्रेता की अराजी, पूर्व- प्रस्तावित कच्चा पैसेज विक्रेता की भूमि, पश्चिम- भल्लू यादव एवं अन्य की अराजी।<br>Property ID No. IDIB6305776268 | 26-09-2022<br>28-12-2022<br>Rs. 8,75,127/-<br>+ ब्याज -26.09.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 32,40,000/-<br>Rs. 3,24,000/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 6 | उमरी | ऋणी- 1. मेसर्स के.जी.एन. मोटर्स (प्रोप्राइटरशिप फर्म) (प्रोप्रा. श्री राजा मोहम्मद), पन्ना नाका, उमरी, सतना- 485001 प्रोप्राइटर/ बंधककर्ता/ जमानतदार- 2. श्री राजा मोहम्मद पिता शेख नासिर, लेन नं. 11, विजन पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल के सामने, वार्ड नं. 35, पेट्रोल पम्प के पास, नजीराबाद, सतना- 485001 जमानतदार- 3. मोहम्मद अब्दुला चिश्ती पिता कारीदीन मोहम्मद चिश्ती, गली नं. 7, नई बस्ती, नजीराबाद, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं भवन सम्पत्ति स्वामी- श्री राजा मोहम्मद पिता शेख नासिर, स्थित खसरा नं. 754/2/23, एरिया 0.008 हेक्टे. स्थित मौजा- धवारी, प.ह.नं. 77, तहसील- रघुराजनगर, ब्लॉक सोहावल, जिला- सतना। चतुर्सीमा: उत्तर- श्री फूल चन्द्र कुशवाहा की भूमि, दक्षिण- 20 फुट चौड़ी रोड, पूर्व- श्री मोहम्मद हामिद का मकान, पश्चिम- श्री फूल चन्द्र कुशवाहा की भूमि।<br>Property ID No. IDIB50479782944 | 30-05-2022<br>22-08-2022<br>Rs. 49,82,423/-<br>+ ब्याज -30.05.2022 से एवं अन्य खर्च | Rs. 35,00,000/-<br>Rs. 3,50,000/-<br>Rs. 25,000/-<br>दि. 23-08-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |
| 7 | वैढ़न | ऋणी- 1. मेसर्स वंदना इन्टरप्राईजेस (प्रोप्रा. श्री अनिल कुमार वर्मा), मेन रोड ताली, अग्रसेन ऑटोमोबाइल्स के पास, पोस्ट- वैढ़न, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886 प्रोप्राइटर/ बंधककर्ता/ जमानतदार- 2. श्री अनिल कुमार वर्मा पिता श्री अंबिका प्रसाद वर्मा, ग्राम- पचखोरा, वार्ड नं. 30, पोस्ट- वैढ़न, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886 जमानतदार- 3. श्री सुशील कुमार वर्मा पिता श्री अंबिका प्रसाद वर्मा, ग्राम- पचखोरा, वार्ड नं. 30, पोस्ट- वैढ़न, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886 जमानतदार- 4. श्री चंद्रिका प्रसाद वर्मा पिता श्री लक्ष्णधारी प्रसाद वर्मा, पंजरेह बस्ती, वार्ड नं. 05, मोरवा, पोस्ट- मोरवा, तहसील- सिंगरौली, जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486889 | 1. आवासीय डायवर्टेड भूमि सम्पत्ति स्वामी- श्री अनिल कुमार वर्मा, स्थित खसरा नं. 542/1 एरिया- 0.027 हेक्टे. स्थित ग्राम- पचखौरा, पोस्ट- वैढ़न, तहसील एवं जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886, चतुर्सीमा: उत्तर- राजेश सिंह की भूमि, दक्षिण- लालमन सेन की भूमि, पूर्व- राजेश सिंह की भूमि, पश्चिम- प्रस्तावित रोड।<br>Property ID No. IDIB50226102175<br>2. आवासीय डायवर्टेड भूमि सम्पत्ति स्वामी- श्री अनिल कुमार वर्मा, स्थित खसरा नं. 480/2 एरिया- 0.037 हेक्टे. स्थित ग्राम- पचखौरा, पोस्ट- वैढ़न, तहसील एवं जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886, चतुर्सीमा: उत्तर- नगर निगम रोड, दक्षिण- नरेन्द्र सिंह की भूमि, पूर्व- नगर निगम रोड, पश्चिम- वृहस्पति सिंह का मकान।<br>Property ID No. IDIB502261021751<br>3. आवासीय डायवर्टेड भूमि सम्पत्ति स्वामी- श्री अनिल कुमार वर्मा, स्थित खसरा नं. 456/2/2 (पुराना नं. 456/1/2) एरिया- 0.014 हेक्टे. स्थित ग्राम- पचखौरा, पोस्ट- वैढ़न, तहसील एवं जिला- सिंगरौली (म.प्र.)- 486886, चतुर्सीमा: उत्तर- कुबेर की भूमि, दक्षिण- लवकेश सिंह की भूमि, पूर्व- देवनारायण की भूमि, पश्चिम- प्रस्तावित रोड।<br>Property ID No. IDIB502261021752 | 20-08-2022<br>16-11-2022<br>Rs. 66,00,271/-<br>+ ब्याज -20.08.2022 से एवं अन्य खर्च | 1. Rs. 24,00,000/-<br>1. Rs. 2,40,000/-<br>Rs. 50,000/-<br>2. Rs. 28,75,000/-<br>2. Rs. 2,87,500/-<br>Rs. 50,000/-<br>3. Rs. 8,40,000/-<br>3. Rs. 84,000/-<br>Rs. 50,000/-<br>दि. 06-09-2023 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- क्र.सं. 1 से 6 के लिए- 23/08/2023, क्र.सं. 7 के लिए- 06/09/2023, सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक, ई- नीलामी प्लेटफार्म https:ibapi.in and https://www.mstcecommerce.com, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

**दिनांक: 02/08/2023, स्थान- सतना** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

# देश-प्रदेश

उवाच


**प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी**

**भोपाल,देशबन्धु।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण में 332 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों के कारण आज प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 40 हजार रुपए से अधिक है। प्रदेश में सवा करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। यह सब विकास कार्यों और गरीब कल्याण योजनाओं का परिणाम है। वहीं नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिदिन प्रदेश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं।



# मप्र के कर्मचारियों को 35 साल की सेवा पर मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतनमान

## दो से लेकर दस हजार रुपये का लाभ



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में नियमित कर्मचारियों के हित में शिवराज सरकार ने मंगलवार को बड़ा निर्णय लिया। अब 35 साल की सेवा पूरी करने पर कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाएगा। इसका लाभ वेतन, महंगाई भत्ते और पेंशन में होगा। एक जुलाई 2023 से यह समयमान वेतन स्वीकृत किया गया है। इससे शासन पर 250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस व्यवस्था को लागू करने सभी विभागों के समान संवर्गों के लिए सुनिश्चित करियर प्रोन्नयन योजना लागू करने की स्वीकृति दी गई। चतुर्थ समयमान वेतनमान मिलने से कर्मचारियों को दो से लेकर दस हजार रुपये तक लाभ होगा। प्रथम श्रेणी अधिकारियों को आठ से दस हजार, द्वितीय श्रेणी में छह से आठ हजार, तृतीय श्रेणी में दो से चार हजार और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दो हजार रुपये तक लाभ होगा। पेंशन में भी कर्मचारियों का चतुर्थ समयमान वेतनमान का लाभ मिलेगा। प्रदेश में अभी तक कर्मचारियों को तृतीय समयमान वेतनमान की पात्रता थी, जबकि राज्य प्रशासनिक और वित्त सेवा के अधिकारियों को पांचवां समयमान वेतनमान दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्री परिषद की बैठक में अनेक निर्णय

राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों को पांचवां समयमान वेतनमान देने की घोषणा मुख्यमंत्री ने पिछले सप्ताह की है। इसी कड़ी में सरकार ने कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान देने का निर्णय लिया है। कैबिनेट ने इसके अलावा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए 20 प्रतिशत भूखंड का आरक्षण, भू-भाटक और विकास शुल्क में 50 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया। मुद्रा योजना की पूर्व से मौजूद इकाइयों, जिनका एक सितंबर 2022 के बाद नवीनीकरण किया जा रहा है, उन्हें मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ मिलेगा।

### खिरकिया, नारायणगंज, खड्डी और डिंडौरी में खुलेंगे कॉलेज

बैठक में डिंडौरी, नारायणगंज मंडला, खिरकिया हरदा और खड्डी सीधी में नए कालेज खुलेंगे। साथ ही सतना के ताला में वाणिज्य और रामनगर में विज्ञान एवं वाणिज्य, रायसेन के सिलवानी में विज्ञान संकाय प्रारंभ किया जाएगा। इसी तरह ताला कालेज में संस्कृत, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, न्यू रामनगर सतना कालेज में अर्थशास्त्र, भूगोल, संस्कृत, इतिहास और अमरपाटन कालेज में कंप्यूटर साइंस विषय प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई। छह कालेजों में स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन विषय प्रारंभ करने के लिए 341 पदों के सृजन सहित अन्य व्यय के लिए 78 करोड़ 35 लाख रुपये की स्वीकृत किए गए। सीहोरा, कैमोर, बिजावर, जैरोन, रामपुर नैकिन और तिलगारा में नई आइटीआइ की स्थापना के साथ नर्मदापुरम के पालीटेक्निक में सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की अनुमति दी गई।


### युवाओं को मिलेगी कला प्रशिक्षण फैलोशिप

गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि परंपरागत एवं जनजातीय लोक कला को बढ़ावा देने के लिए मध्य प्रदेश जनजातीय संग्रहालय के माध्यम से प्रदेश के एक हजार युवाओं को तीन महीने के लिए कला प्रशिक्षण फैलोशिप दी जाएगी। इसमें दस हजार रुपये दिए जाएंगे। बैठक में नर्मदापुरम जिले में शिवपुर और सीधी जिले में मड़वास नई तहसील बनाने की स्वीकृति दी। इसके लिए तहसीलदार सहित कुल 34 पद स्वीकृत किए गए। दूरसंचार की सुगमता एवं विस्तार दिशा-निर्देश 2023 का भी अनुमोदन किया। इसमें यह प्रविधान किया है कि सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति पर स्थापित मौजूदा दूरसंचार अवसंरचना स्थल पर कोई व्यक्ति या एजेंसी खोदाई या खनन कार्य करता है, तो सामान्य पोर्टल के माध्यम से संबंधित अनुज्ञप्तिधारी को सूचित करेगा।



गृहमंत्री शाह ने कहा, विरोध का कोई आधार नहीं

# दिल्ली अध्यादेश बिल लोकसभा में पेश







**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इस पर सदन में विपक्षी नेताओं ने हंगामा किया और शेम-शेम के नारे लगाए।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बोले- ये बिल संविधान का उल्लंघन है, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश है। अमित शाह ने कहा कि संविधान, संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। बिल के खिलाफ जो बयान दिए जा रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक हैं, उनका कोई आधार नहीं है। इस बिल का नाम गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) बिल 2023 है। इसे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पेश किया।

- अधीर रंजन ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया
- सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की है कोशिश

### बीजेडी-वाईएसआरसीपी का मिला समर्थन

बीजेडी ने दिल्ली सर्विस बिल पर सरकार का समर्थन करने की बात कही है। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि पार्टी इस बिल पर सरकार के साथ है। वाईएसआरसीपी ने भी इस बिल पर सरकार को समर्थन की बात कही है।

### विधेयक के पक्ष में क्या है आंकड़ा

लोकसभा में अकेले भाजपा बहुमत में है। 543 सदस्यीय सदन में उसके अकेले 301 सदस्य हैं। और एनडीए सहित आंकड़ा 333 है। लेकिन राज्यसभा में एनडीए अल्पमत में है। वहां भाजपा के 93 सदस्यों को जोड़कर एनडीए के सदस्यों की संख्या 105 ही है। पांच मनोनीत और दो निर्दल सांसदों को भी जोड़ दिया जाय तो यह संख्या 112 हो जाएगी। बावजूद यह आंकड़ा बहुमत से आठ कम है।

239 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए कुल 120 सासदों की जरूरत होगी। लेकिन बीजद और वाईएसआर कांग्रेस के नौ-नौ सदस्यों के समर्थन के चलते यह आंकड़ा 130 हो जाएगा और विधेयक को लेकर सरकार की राह आसान हो जाएगी।

## लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए मोदी



### कार्यक्रम में शरद पवार की उपस्थिति से विपक्षी दलों के माथे पर बल

**पुणे।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की 103वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री मोदी ने यहां एसपी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की मौजूदगी में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे लोकमान्य तिलक का पुरस्कार मिला, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। मैं इसलिए भी खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार लेने के लिए पुणे की इस पवित्र भूमि पर आने का अवसर मिला।

उधर इस समारोह में एनसीपी प्रमुख शरद पवार की उपस्थिति से महाविकास अघाड़ी और विपक्षी दलों के माथे पर बल पड़ गये है। उल्लेखनीय है कि महाविकास अघाड़ी और शरद पवार की पार्टी के ही कुछ नेताओं ने श्री पवार से इस कार्यक्रम से दूरी बनाये रखने की मंशा जाहिर की थी।

राहुल का सत्तारूढ़ दल पर बड़ा आरोप

# भाजपा ने देश में नफरत का केरोसिन फैलाया

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए विपक्ष अब तेजी से लामबंद हो रहा है। इसके चलते सत्तारूढ़ दल पर विपक्ष के हमले भी तेज होते जा रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगते हुए कहाकि सतारूढ़ दल ने देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। हाल के दिनों में हुई कुछ हिंसक घटनाओ को लेकर गांधी ने कहा कि भाजपा, मीडिया और उसके साथ खड़ी कुछ ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। साथ ही देश के मौजूदा हालात का समाधान भी उन्होंने बताया और कहा कि सिर्फ मोहब्बत ही देश में लगी इस आग को बुझा सकती है।

राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया हाल की कुछ घटनाओं महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई हिसंक घटना और हरियाण के नूह में शोभा यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद आई है। महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर- मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ के एक सिपाही ने परस्पर बहस के दौरान अपने वरिष्ठ सहयोगी सहायक उपपुलिस निरीक्षक पर अंधाधुंध फायरिंग झोंक दी थी और उस घटना में तीन यात्रियों सहित कुल चार लोगों की जान चली गई। वहीं हरियाणा के नूह में शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान झड़प हुई। जिसमें अराजक तत्वों ने कई गाड़ियों में तोड़-फोड़ और आगजनी की।

### राहुल गांधी ने सब्जी विक्रेताओं से की बातचीत



सब्जियों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार सुबह एशिया के सबसे बड़े सब्जी थोक बाजारों में से एक आजादपुर मंडी गए। वह सुबह करीब चार बजे उत्तरी दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं से बातचीत की। उनका आजादपुर मंडी का दौरा सब्जियों की बढ़ती कीमतों के बीच हुआ। सब्जियों की कई किस्में 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक कीमत पर बिक रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में टमाटर 200 रुपए प्रति किलो से भी ज्यादा कीमत पर बिक रहा है।

# पटना हाईकोर्ट से जातीय जनगणना को हरी झंडी

## सर्वे की तरह कराने के लिए सरकार को मिली मंजूरी

**पटना,देशबन्धु।** बिहार में जाति आधारित गणना का कार्य अब फिर से शुरू किया जाएगा। जातीय गणना से रोक हट गई है। पटना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जातीय गणना के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया।


चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन व जस्टिस पार्थ सार्थी की खंडपीठ ने लगातार पांच दिनों तक याचिकाकर्ता और बिहार सरकार की दलीलें सुनीं। कोर्ट ने जाति आधारित जनगणना बताने वालों की भी पूरी दलील सुन ली और फिर सरकार के उस दावे का पक्ष भी सुना, जिसके अनुसार यह जाति आधारित सर्वे है। कोर्ट ने इसे सर्वे की तरह कराने की मंजूरी दे दी है। अदालत के इस फैसले से नीतीश कुमार सरकार ने राहत की सांस ली। पटना उच्च न्यायालय ने 4 मई को जाति आधारित गणना के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए इस पर अस्थायी रोक लगाई थी। अब इस फैसले को पटना उच्च न्यायालय ने जायज ठहराया है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल एनडीए की सरकार ने बिहार में जाति आधारित गणना कराने का फैसला लिया था। इसके बाद दो चरणों में गणना कराने का निर्णय लिया गया। इस साल जनवरी में इस कार्य के पहले चरण की शुरुआत की गई। जबकि, दूसरा चरण अप्रैल में शुरू हुआ। दूसरे चरण के दौरान पटना उच्च न्यायालय ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जाति आधारित गणना पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी।

### जातीय गणना के खिलाफ दायर याचिकाओं को किया खारिज

# पृथ्वी की कक्षा छोड़कर चांद की तरफ बढ़ा चंद्रयान-3

## इसरो ने कहा, पांच अगस्त का दिन अहम

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया। इसरो ने बयान में कहा कि चंद्रयान-3 ने पृथ्वी की कक्षा का चक्कर पूरा कर लिया है और अब यह चांद की तरफ बढ़ रहा है। इसरो ने बताया कि अब अगला कदम चांद है। पांच अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान चांद की कक्षा में प्रवेश करेगा। इसके बाद 16 अगस्त तक अंतरिक्षयान चांद की कक्षा में चक्कर लगाएगा। 17 अगस्त को चंद्रमा की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर अलग होगा। 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चंद्रयान-3 को चांद की सतह पर लैंडिंग करनी है।




**दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा चंद्रयान-3**

इसरो ने 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से दोपहर दो बजकर 35 मिनट पर अपनी महत्वकांक्षी योजना चंद्रयान-3 अंतरिक्षयान को रवाना किया था। चंद्रयान-3 में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। लैंडर और रोवर चांद के दक्षिण ध्रुव पर उतरेंगे और 14 दिन तक वहां प्रयोग करेंगे। इस मिशन के जरिए इसरो पता लगाएगा कि चांद की सतह पर भूकंप कैसे आते हैं साथ ही चंद्रमा की मिट्टी का अध्ययन भी करेगा।

# सेना के अधिकारियों की यूनिफार्म में किया गया बदलाव

## ब्रिगेडियर व उससे ऊपर रैंक के अधिकारियों की यूनिफार्म होगी समान

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** भारतीय सेना के अधिकारियों की यूनिफार्म में नए बदलावों को मंजूरी दी गई है। इस मंजूरी के अंतर्गत 1 अगस्त से सेना में ब्रिगेडियर और ब्रिगेडियर से ऊपर के रैंक के सभी अधिकारी के लिए एक समान यूनिफॉर्म लागू की गई है।

अभी तक विभिन्न सैन्य अधिकारी अपनी संबंधित रेजिमेंट को दर्शाने वाली अलग-अलग यूनिफॉर्म पहनते हैं। अभी तक पैराशूट रेजिमेंट के अधिकारी मैरून रंग की टोपी पहनते हैं, जबकि पैदल सेना, बख्तरबंद कोर, लड़ाकू सहायता हथियारों और सेवाओं के अधिकारी हरे, काले और नीले रंग की टोपी पहनते हैं। इस नए बदलाव से सेना में विभिन्न रेजिमेंट और सर्विसेज व हथियारों को दर्शाने वाली अलग-अलग वर्दी और साज-सामान पहनने वाली प्रथा समाप्त हो गई है। सेना के अधिकारियों का कहना है कि अब सैन्य अधिकारियों की टोपी, कंधे पर पहने जाने वाले बैज, वर्दी के कॉलर पर पहने जाने वाले जॉर्जेट पैचेज, बेल्ट और जूते एक जैसे होंगे। सेना की यूनिफार्म में किए जा रहे इस महत्वपूर्ण बदलाव का अर्थ यह है कि ब्रिगेडियर पद पर पहुंचने के उपरांत पैरा अधिकारी अब मैरून रंग की टोपी नहीं पहनेंगे और न ही बख्तरबंद अधिकारी अपनी विशिष्ट बेल्ट पहनेंगे। हालांकि, अभी भी कर्नल रैंक और उससे नीचे के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक फ्लैग रैंक यानी ब्रिगेडियर और उनसे ऊपर के अधिकारियों के हेडगियर, शोल्डर रैंक बैज, गॉर्जेट पैच, बेल्ट और जूते अब मानकीकृत और एक समान हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक इसके अलावा फ्लैग-रैंक के अधिकारी भी अब डोरी नहीं पहनेंगे। गौरतलब है कि इसी वर्ष, महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाली सेना के कमांडरों की बैठक आयोजित की गई थी।

आरबीआई ने 31 जुलाई तक का दिया आंकड़ा

# 2000 रुपए के 88 फीसदी नोट बैंकों में वापस आए

**मुंबई।** दो हजार रुपए के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच आरबीआई ने मंगलवार को कहा कि प्रचलन में मौजूद 2000 रुपए के 88 प्रतिशत बैंक नोट 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आ गए हैं। प्रचलन में 2000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य, जो 31 मार्च तक 3.62 लाख करोड़ रुपए था, 19 मई तक घटकर 3.56 लाख करोड़ रुपए हो गया। बैंकों के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आए 2000 रुपए के नोटों का कुल मूल्य 3.14 लाख करोड़ रुपए है, जो कुल का 88 प्रतिशत है। आरबीआई ने कहा कि फिलहाल 2000 रुपए के 0.42 लाख करोड़ रुपये के बैंक नोट प्रचलन में हैं। केंद्रीय बैंकों के आंकड़ों से पता चलता है कि प्रचलन से वापस किए गए नोटों में गभग 87 प्रतिशत जमा के रूप में और शेष 13 प्रतिशत को दूसरे मूल्यवर्ग के नोटों में बदला गया। आरबीआई ने लोगों से आग्रह किया है कि वे 30 सितंबर 2023 की समय सीमा से पहले भीड़ से बचने के लिए अपने पास मौजूद 2000 रुपए के बैंक नोटों को जमा कर दें या बदल लें। अब केवल दो महीने हैं।

### इस साल 30 सितम्बर तक वापस किए जा सकेंगे नोट

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 31/07/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री करमजीत सिंह वाधवा पिता स्व. श्री साबनसिंह वाधवा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 736-737 इंदिरा गांधी मार्ग सिविल लाईन जबलपुर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 10000400766 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित प्रथम तल 1920 व.फु. आरसीसी द्वितीय तल 1920 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज करमजीत सिंह , श्री मंजीत सिंह पिता स्व. साबन सिंह वाधवा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.08,नगर निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

पत्रांक- स. अधि./2023/...
दिनांक 31/07/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी वंशकार पति झल्लू वंशकार भवन/क्रमांक 3033/एटी वार्ड ...... भूतल 728 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 3033/एटी पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 08, में समस्त प्रपत्रों सहित प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-08 भानतलैया, नगर निगम, जबलपुर**
र.नं. 846

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं आर्मी नं. 2706514M, RANK - NK, NAME MD DILSHAN ALI KHAN, UNIT- GRC JABALPUR MP 482001 (23 GRENADIERS) निवासी VILLAGE- BAKIYA DIYARA, POST- BAKIYA DIYARA, TEH BARARI, DISTT- KATIHAR, STATE- (BIHAR) PIN- 813209 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम BIBI ISHRAT दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम BIBI ISHRAT KHATOON हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम BIBI ISHRAT KHATOON को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।

गलत नाम - BIBI ISHRAT
सही नाम -BIBI ISHRAT KHATOON

## सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड

# ओरोपी सचिन बिश्नोई भारत प्रत्यर्पित, अजरबैजान से लाया गया गैंगस्टर

**नई दिल्ली।** सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी सचिन बिश्नोई को मंगलवार को अजरबैजान से भारत लाया गया। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने ये जानकारी दी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की एक टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए अजरबैजान का दौरा किया था जिसके बाद प्रत्यर्पण किया गया। सचिन बिश्नोई पंजाब के फाजिल्का का रहने वाला है। सचिन बिश्नोई, जो गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का चचेरा भाई है, को पंजाबी गायक की हत्या के पीछे मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक माना जाता है। मूसेवाला की हत्या पिछले साल 29 मई को दिनदहाड़े मनसा में उनके पैतृक गांव के पास बदमाशों ने गोली मारकर कर दी थी। वह महिंद्रा थार एसयूवी चला रहे थे, जब 10-12 हमलावरों ने बहुत करीब से 20 राउंड से अधिक गोलियां चलाईं।

### ईडी ने पवन मुंजाल के घर की ली तलाशी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन मुंजाल के आवास और कई अन्य स्थानों पर तलाशी ली। ईडी सूत्रों के मुताबिक, एजेंसी के अधिकारियों ने मुंजाल और 10 अन्य के परिसरों पर तलाशी ली। सूत्र ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी की कार्रवाई मुंजाल के खिलाफ राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) मामले की शिकायत पर आधारित है। सूत्र ने दावा किया कि डीआरआई टीम को मुंजाल के परिसर से विदेशी मुद्रा मिली है।

जबलपुर, बुधवार 2 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नफ़रत की धांय-धांय...

देश अंततः उस मुकाम पर खड़ा दिखाई देने लगा है जहां उसे पहुंचाने की सुनियोजित योजना पिछले एक दशक से बनाई और क्रियान्वित की गई है। वैसे तो इसका खाका लगभग एक शताब्दी से बनाकर समाज के आगे रख दिया गया था परन्तु उसे राज्य की शक्ति और सत्तारुढ़ पार्टी का समर्थन हालिया 8-9 वर्षों में मिला है। इस शक्ति और समर्थन के रक्तरंजित प्रतिफल की एक झलक जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में देखने को मिली जब एक कांस्टेबल ने सियासी बहस से बौखलाकर 4 लोगों को गोलियों से भूनकर रख दिया। इनमें तीन एक सम्प्रदाय विशेष के थे तो चौथा व्यक्ति आरक्षक का वरिष्ठ अधिकारी ही था। इतना ही नहीं, उसने लहू से तरबतर लाशों के सामने बाकायदा भाषण दिया और अन्य यात्रियों को समझाया कि 'जिसे भी भारत में रहना है, उन्हें किसे वोट देना चाहिये।' हत्या के तुरन्त बाद लोगों के समक्ष जो उद्‌बोधन कांस्टेबल ने दिया वह पिछले कुछ समय से लगाये जा रहे नारों की ही प्रतिध्वनि है जो चेतावनियों व धमकियों की शक्ल में सुनाई देती रहती है। देश के ज्यादातर हिस्सों में कभी एकाकी तो कभी समवेत स्वर में ऐसी धमकियां उन सभी को मिल रही हैं जिन्हें अलग समाज का हिस्सा मान लिया गया है और उन्हें बहुसंख्यकों से दोयम नागरिक का दर्जा दे दिया गया है। इन नारों के शिकार वे भी होते हैं जो इससे असहमत होते हैं और मानते हैं कि यह देश अल्पसंख्यकों का भी उतना ही है जितना अन्य लोगों का।

12956 क्रमांक की यह ट्रेन सोमवार की सुबह जब मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में थी, एएसआई टीकाराम मीणा व दो अन्य आरक्षक साथियों के साथ आरोपी कांस्टेबल चेतन कुमार चौधरी कोच की एस्कॉर्ट ड्यूटी पर था। मीणा की किसी राजनैतिक टिप्पणी से वह एकाएक तैश में आ गया। उसने अपनी आटोमेटिक राइफल से मीणा एवं उसके साथ बैठे अब्दुल कादिर भानपुरवाला पर फायरिंग कर दी। फिर वह पेंट्री कार में गया। वहां उसने सदर मोहम्मद को गोलियों से उड़ाया। तत्पश्चात बी-6 कोच में जयपुर के असगर अली को मार डाला जो काम की तलाश में मुंबई आ रहा था। फिर करीब 6 बजे चेतन ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी व उतरकर भागने लगा। जीआरपी ने उसे मुंबई के समीपवर्ती उपनगर मीरा रोड व दहिसर के बीच हथियारों के साथ पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि चेतन गुस्सैल है और इन दिनों अवसाद में था। सवाल सिर्फ यह खड़ा नहीं होता कि ऐसी मानसिक अवस्था में उसे क्यों ड्यूटी पर तैनात किया गया बल्कि घटनाक्रम से परे जाकर यह देखा जाना चाहिये कि जिन केन्द्रीय बलों के जवानों को हमेशा से धर्मनिरपेक्ष माना जाता रहा है, उसका एक सदस्य एक वर्ग विशेष को निशाना बनाकर एक-दो नहीं पूरे 12 राउंड फायर करता है। साथ ही मृत शरीरों के पास खड़े होकर एक खास तरह की विचारधारा के अनुरूप बातें करता है। वह साफ संदेश देता है कि अगर लोगों को इस देश में रहना है तो उन्हें किन-किन लोगों को वोट देना होगा यानी किस पार्टी और लोगों को समर्थन देना होगा। साफ है कि अल्पसंख्यकों को दिया जाने वाला यह संदेश देश भर के अल्पसंख्यकों को भयभीत करेगा; और ऐसा करना ही उसका मकसद है।

ऐसा नहीं है कि देश में कोई पहली बार चलते-फिरते या बस-ट्रेन में सफर करते हुए सहयात्रियों के बीच राजनैतिक विचार-विमर्श हुआ हो। नुक्कड़ों, चौक-चौराहों, चाय, पान, नाई की दुकानों से लेकर सभागारों व सभाओं तक हमेशा से हर तरह की बहसें होती आई हैं। इनमें सियासती बहसें भी शामिल हैं। विचारों से असहमति के बीच भी ऐसी तक़रीरें होती रहती हैं। हाल के वर्षों की राजनैतिक फिज़ा कुछ ऐसी बदली है कि अब असहिष्णुता चरम पर है। वैचारिक विरोधियों व दूसरे धर्मावलम्बियों को देश का दुश्मन बतलाना, गद्दार कहना, पाकिस्तान-अफगानिस्तान भेजना, नक्सली, धर्मविरोधी साबित करना संवाद कला का नवाचार है जिसने सहिष्णु व सभ्य लोगों को इस वैचारिक प्रक्रिया से बाहर कर दिया है। अब बहस का क्षेत्र अंधभक्ति में लीन, तर्क -विवेक से विहीन तथा कुपढ़ों के अधीनस्थ हो गया है। वहां तथ्यों व यथार्थ पर आधारित विचार-विमर्श कम और गाली-गलौज से सनी भाषावली मुखर है। बड़ी संख्या में लोग उस नयी संस्कृति का हिस्सा हैं जो राष्ट्रभक्ति के नाम पर ट्रोल आर्मी के सदस्य बन गये हैं।

देश के ही कुछ वर्गों को अपने दुश्मन मान लेने वाले ये लोग हिंसा व घृणा से लबरेज़ हैं जो हथियारों से लैस होने पर अगर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं तो आश्चर्य ही क्या है? यह वही राह है जिस पर चलकर हमारे राजनैतिक पुरखों ने आजादी लेने से तक इंकार कर दिया था और तय किया था कि भारत को खून से लथपथ रास्तों पर चलना मंजूर नहीं है वरन वह बुद्ध, महावीर और गांधी के बताये रास्ते पर चलकर स्वतंत्र देश बनेगा चाहे उसके लिये उसे कितना भी इंतज़ार क्यों न करना पड़े। दुर्भाग्य से वह विचारधारा लोगों के मनो-मस्तिष्क और सत्ता पर कुछ इस कदर काबिज हो गई कि अब अहिंसा कायरता है और धर्मनिरपेक्षता एक वर्ग विशेष का तुष्टिकरण। समावेशी समाज की अवधारणा उपहास का विषय बन गया है तो समानता का सिद्धांत कूड़ेदान में फेंके जाने योग्य बतलाया जा रहा है।

नफ़रत की बोली और हिंसक व्यवहार पर लगाम न लगी तो समाज उस बिन्दु पर जाकर खड़ा हो जायेगा जहां से उसे वापस बुलाना असम्भव हो जायेगा। हथियारों की धमक जिन्हें कर्णप्रिय लगती हो और अगर इसे ही वे शक्ति का प्रतीक मानते हैं तो शायद वे यह नहीं समझते कि बारूद फटने के पहले न तो समीप खड़े व्यक्ति की जाति पूछता है और न ही बंदूक-तमंचे से निकली गोली की दिलचस्पी किसी का धर्म जानने में होती है। बुलेट के आगे अब्दुल, सदर, असगर और टीकाराम एक सरीखे हैं।

# मजबूरी नहीं, जरूरी है गठबंधन

अभी 'इंडिया' के गठन को भी पक्का और फाइनल नहीं मानना चाहिए। लेकिन नीतीश कुमार ने जब दोबारा भाजपा का साथ छोड़ते हुए अपने लिए विपक्ष को एक करने की भूमिका तय की तब से बात काफी आगे बढ़ चुकी है। और इस सफलता के लिए नीतीश कुमार को बधाई बनती है। सिर्फ उन्हें ही नहीं लगभग सारे विपक्ष वालों को बधाई बनती है कि उन्होंने मतभेद के अनगिनत प्रसंगों को दरकिनार करके इस पहल को आगे बढ़ाया है और अरविन्द केजरीवाल द्वारा पहले दौर में उठाए गए हंगामे को भी संभाल लिया है। दूसरे दौर में अन्य बड़े हंगामे तो नहीं दिखे लेकिन कुछ खटर-पटर हुई। तय मानिए ऐसा अंत तक चलेगा क्योंकि राज्यों की राजनीति में आमने -सामने के दल भी इस खूबसूरत नाम वाले गठबंधन का हिस्सा बन गए हैं। जब चुनाव होगा तो लड़ना तो होगा ही। फिर मुद्दे और एजेंडा तय करना है, केन्द्रीय नेता न सही राज्यों के नेता या प्रमुख दल की स्वीकार्यता मुद्दा है, संसाधन जुटाने और बांटने का सवाल होगा। समन्वय का मुश्किल काम है। अब सुरजीत और जार्ज फर्नांडीस नहीं हैं लेकिन उनकी भूमिका तो बची है और जो भी निभाएगा उसे दंडवत-प्राणायाम करना ही होगा। फिर सामने बैठा ताकतवर शासक जमात भी चुप क्यों बैठेगा। उसने भी तोड़-फोड़ शुरू कर दी है और आगे और सक्रिय होगा ही।

जिस तरह से नरेंद्र मोदी और भाजपा ने इस 'इंडिया' गठबंधन को लेकर प्रतिक्रिया दी है वह ठीक उसी उम्मीद वाली नहीं है जो मोदी-शाह की ताकतवर जोड़ी या सत्ता और संसाधन से लैस भाजपा या फिर विशाल संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की फौज के हर हाल के समर्थन के लिए आश्वस्त दल से की जा रही थी। किसी पासवान, किसी सहनी, किसी मांझी, किसी राजभर जैसों को फिर से जोड़कर अपना एनडीए खड़ा करना और उसमें अकाली दल और अजीत सिंह की पार्टी को ही नहीं केसीआर की पार्टी और जगन मोहन रेड्डी को लाने की कोशिश करना तो बहुत स्वाभाविक कदम हैं और अगर मोदी तथा शाह जुटेंगे तो उनके गठबंधन में 38 क्या बावन दल होने में देर नहीं लगेगी। और अगर गठबंधन का नेतृत्व भाजपा करेगी, नरेंद्र मोदी नेता होंगे तो न कार्यक्रम/एजेंडे को लेकर कोई गिला-शिकवा होगा न संसाधनों को लेकर। पर मोदी जी ही नहीं पूरी भाजपा मंडली, खासकर आज पार्टी को निर्णायक दिशा देने में प्रभावी लोगों और प्रवक्ताओं की जो प्रतिक्रिया दिखती है उसे लेकर बहुत कुछ कहने की जरूरत नहीं है। उसमें कहीं न कहीं डर है, खीझ है, कुंठा है। कुल मिलाकर वह भाजपा और खुद मोदी जी के पक्ष को हल्का बनाती है। अब 'इंडिया' को लेकर इतने तरह की बात करने की जरूरत नहीं थी।

लेकिन उससे ज्यादा गंभीर बात भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करना है कि



अरविन्द मोहन

> भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करना है कि गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है।

गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है, कमजोर से कमजोर सामाजिक समूह और क्षेत्रीय आबादी द्वारा अपना नेता सामने करने, अपनी आकांक्षाओं को सामने रखने और वोट की राजनीति द्वारा उनको आगे बढ़ाने की पुष्टि करता है। शुरुआती कांग्रेसी राजनीति में प्रो. रजनी कोठारी जिस 'रेनबो कॉलिशन' को देखते थे और जिसकी वास्तविकता और कमजोरियों को भी गिनाते थे वह बाद की राजनीति में गठबंधनों द्वारा ही हासिल किया जाता रहा है। ऐसा 67 के गैर कांग्रेसवाद के समय भी हुआ और 77 के जनता पार्टी प्रयोग के समय भी। बाद में भी यह काम एनडीए और यूपीए ही नहीं वाम मोर्चा या रामो-वामो जैसे नामों से होता रहा है। यह अलग बात है कि कांग्रेस और बड़ी पार्टियों को ही नहीं विचारधाराओं और एक नेता से ज्यादा मजबूती से जुड़ी पार्टियों को खुले रूप में इसे स्वीकार करने में मुश्किल होती रही है। कांग्रेस अपने चंडीगढ़ अधिवेशन तक अकेले चलाने का प्रस्ताव करती रही तो वाम दल बिना अपना दबदबा मनवाए गठबंधन करने से परहेज की रणनीति अपनाए रहे।

राष्ट्रीय स्तर पर खुला गठबंधन अटलबिहारी वाजपेयी के दौर में बना और उसे बनाने के लिए धारा 370 की समाप्ति, राममंदिर और तीन तलाक जैसे मुद्दों को भी भाजपा ने ताक पर रख दिया। फिर कांग्रेस का नखरा भी गया और वाम दल भी माने। व्यावहारिक राजनीति में सिद्धांतों-विचारों का जोर काम होने का भी फर्क पड़ा। इसकी कीमत नेता का कद अव्यावहारिक रूप से बढ़ना और उसे हथियाने के लिए सारे कुकर्म के रूप में सामने आया।

देश भर में जोर नहीं चला तो अपने प्रदेश या इलाके भर में ऐसा हुआ। और ऐसा दौर आया जब अधिकांश प्रदेशों से कथित राष्ट्रीय पार्टियों की तो विदाई हुई ही केंद्र सरकार में भी क्षेत्रीय दलों के नेता निर्णायक भूमिका में आ गए। ममता, जयललिता और मायावती ने अटल जी को 'पानी पिला दिया' तो लालू, बादल, चौटाला, पंवार, चंद्रबाबू, करुणानिधि और मुलायम केंद्र सरकारों के भी 'भाग्यविधाता' बने। और अटल जी या नरसिंह राव और मनमोहन सिंह की सरकार बाकी किसी से खराब चली हो यह भी नहीं कहा जा सकता। लालू जी पर्याप्त काबिल रेल मंत्री साबित हुए।

यह दौर लोक सभा और संसद की बनावट पर भी रंग छोड़ने वाला हुआ। एक समय ऐसा आया कि कथित राष्ट्रीय पार्टियों (या चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त) के सांसदों की संख्या पीछे रहने लगी और क्षेत्रीय दलों के सांसद ज्यादा होने लगे। नरेंद्र मोदी के उदय के साथ यह क्रम कुछ बदलता दिखा-क्षेत्रीय दलों का वोट प्रतिशत तो 2014 में बढ़ा लेकिन सीटों में गिरावट आई। 2019 में दोनों में कमी हुई तो कई राजनैतिक पंडित कहने लगे कि क्षेत्रीय राजनीति या पारिवारिक पार्टियों या जाति आधारित पार्टियों की राजनीति के गिरने की शुरुआत हो चुकी है। मोदी जी का व्यक्तित्व और भाजपा-संघ का एजेंडा नेतृत्व और वैचारिक बिखराव को पलटने के तर्क भी तैयार करने लगा। दूसरी ओर रामविलास की पार्टी को मटियामेट करने, मुकेश सहनी की पार्टी को समाप्त करने, जीतनराम मांझी की पार्टी को दुरदुराने, ठाकरे की पार्टी को तोड़ने, चौटाला पार्टी को बिखराने, पवार पार्टी को विभाजित करने जैसे काम हुए या खुद से हो गए। पर विपक्षी एकता का मजाक उड़ना भी जारी रहा। 'इंडिया' का स्वरूप उभरते ही (जिसमें अभी भी कई मजबूत गैर-भाजपा दल नहीं आए हैं) भाजपा और मोदी-शाह के इस अभिमान का अंत भी दिखता है। इसकी प्रतिक्रिया में एनडीए को पुनर्जीवित करना तो स्वाभाविक कदम लगता है पर खुद भी गठबंधन सरकार चलाते हुए (जी हां, अभी की मोदी सरकार भी गठबंधन वाली ही है) गठबंधन की राजनीति को कोसना असल में अपनी बेचैनी और कुंठा को दिखाता है। अपने सर्वमान्य और सर्वकालीन महान नेता बनाने के सपने के टूटने की बौखलाहट दिखती है।

# इंडिया ने मोदी और एनडीए का बहुत कुछ दांव पर चढ़वा दिया

■ एस. सेतुरमन

भारत में एक स्पष्ट रूप से प्रभावी विपक्षी गठबंधन के उद्भव के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने तीसरे कार्यकाल को सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा में आवश्यक संख्या को लेकर अधिक उत्साहित नजर आ रहे हैं।

भाजपा सरकार के मुखिया 2024 के लिए बने नये 26-पार्टियों वाले विपक्षी गठबंधन को 'कट्टर भ्रष्ट समूहों के सम्मेलन' कहते हुए कहा कि उससे तो 'वंशवाद/ पारिवारिक शासन' को ही बढ़ावा मिलेगा, और उसके देश का कोई भला नहीं होगा। वह जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं वह इस बात का खुलासा करता है कि भाजपा वास्तव में मूलभूत रूप से बदलते राजनीतिक परिदृश्य के कारण कितना चिंतित हो उठी है।

> मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्होंने अपनी विदेश यात्राओं और सरकारों के प्रमुखों तथा जी-20 के वर्तमान अध्यक्ष को गले लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कद हासिल किया है, को भी अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करनी होगी। फिर यह ऐसे समय में हो रहा है जब मणिपुर जैसी देश में होने वाली घटनाएं, और एक प्रशंसित लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकारों के अतिक्रमण को विदेशों में प्रतिकूल ढंग से नोटिस लिया जा रहा है। भारत के विश्व के केंद्र में होने के बड़े दावों के संदर्भ में लोकसभा चुनाव-2024 को एक भू-रणनीतिक घटना के रूप में भी देखा जा सकता है।

परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है इसमें कोई संदेह नहीं है। नवगठित 26-पार्टियों वाले गठबंधन- खुद को इंडिया घोषित करने वाली कांग्रेस और मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां- भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन - अधिक आशाजनक आर्थिक और राजनीतिक कार्यक्रम तैयार करेगी, यह भी तय है। परन्तु इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें पूरे देश में सीट-बंटवारे का समायोजन करना होगा।

इंडिया गठबंधन के साझेदारों की सितंबर में मुंबई में बैठक होने वाली है ताकि भाजपा के राजनीतिक आख्यान के मुकाबले एक विपक्षी राजनीतिक आख्यान तैयार करने में प्रगति हो सके। देश को बढ़ते रोजगार और सामाजिक न्याय के साथ सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है। भाजपा का 2014 का 'अच्छे दिन' का वायदा मोदी सरकार के नौ साल बाद भी आम लोगों के हित में नजर नहीं आ रहा है।

मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 'हम बड़ा सोचते हैं, बड़े सपने देखते हैं और बड़े काम करते हैं' यह प्रधानमंत्री का दावा है जो शेष राजनीतिक भारत को 'भ्रष्ट' कहकर खारिज करता है।

भाजपा जीतने के जोखिमों को भी जानती है और उसने खुद को हाई गियर में डाल लिया है। पहले तो उसे तीन राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ - जहां 2023 के अंत से पहले विधानसभा चुनाव होने हैं, पर जीत हासिल करनी है। शिवराज सिंह के नेतृत्व वाले मध्य प्रदेश को बनाये रखने के लिए भाजपा अपेक्षाकृत आश्वस्त है, परन्तु यह कांग्रेस के कब्जे वाले राजस्थान में अधिक कठिन लड़ाई में सामने आई है, जहां पार्टी को अभी भी अपनी आंतरिक दरारों से उबरना बाकी है।

भाजपा 'सामूहिक नेतृत्व' की पेशकश कर रही है। अपनी पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे को यह स्वीकार्य नहीं है, जो मैदान में उतरने के लिए अपने चेहरे पर जोर देती हैं। भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एक स्वीकार्य समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं, शायद लोकसभा सीटों के लिए 'मोदी फेस' की तरह। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ही मजबूत दिख रहा है।

दक्षिण में कर्नाटक में अपनी हार के बाद भाजपा उत्तर और पश्चिम (उत्तर प्रदेश और गुजरात के अलावा) में अपनी संख्या में कमी की भरपाई करना चाहती है। इस प्रकार, लोकसभा में अपनी 39 सीटों के साथ तमिलनाडु को पहले से कहीं अधिक महत्व मिला है और भाजपा द्रमुक को उसकी मजबूत पकड़ से उखाड़ने की साजिश रच रही है। 2019 में, एम के स्टालिन (अब सीएम) के नेतृत्व वाली द्रमुक (तब सत्ता में नहीं थी) ने 25 सीटें हासिल की थीं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह सुनिश्चित करने के लिए तमिलनाडु की देखभाल कर रहे हैं कि डीएमके की सीटों में भारी कमी आये।

अमित शाह द्वारा स्टालिन सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एक मजबूत द्रमुक विरोधी अभियान शुरू किया गया था, क्योंकि उन्होंने रामेश्वरम में श्री अन्नामलाई की 'पदयात्रा' को हरी झंडी दिखाई थी, जो एक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं जो अब तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख हैं। यह पहली बार है कि मोदी सरकार अपने गृह मंत्री अमित शाह के माध्यम से एक गैर-भाजपा राज्य सरकार को 'भ्रष्ट' करार देती है जिससे नया तनाव पैदा हो गया है। द्रमुक के एक मंत्री ने गृह मंत्री की कटु आलोचना की कि वह 'बिना किसी आधार के' ऐसे आरोप लगा रहे हैं।

यह सब, पार्टी और मोदी सरकार दोनों स्तरों पर, अपने चुनावी बहुमत के बावजूद, तमिलनाडु में 'द्रविड़' सरकार से जल्द से जल्द छुटकारा पाने के लिए दृढ़ संकल्पित भाजपा के अभियान का हिस्सा है। राज्यपाल आरएन रवि द्रविड़ विचारधारा पर सवाल उठाते रहे हैं और स्टालिन सरकार के साथ कई तरह से गंभीर विवाद में रहे हैं। भाजपा ने अपने नेताओं की कुछ टिप्पणियों के माध्यम से अपने सहयोगी अन्नाद्रमुक को नाराज करके कुछ गलतियां की हैं, लेकिन पार्टी इंडिया गठबंधन को चुनौती देने के लिए और अधिक सहयोगी जुटाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में नरेंद्र मोदी बनाम एम के स्टालिन है।

## पावन प्रसंग

### अपनी क्षमता बढ़ाएं चुनौतियों से लड़ें

प्रकृति पहेलियां पूछने में माहिर हैं। उसकी पहेली बड़ी अबूझ एवं रहस्यमयी होती हैं। इन पहेलियों का हल जीवन के व्यापक अनुभव में ही खोजा-पाया जा सकता है- जो ढूंढेगा, पाएगा अवश्य। प्रकृति में ऐसा कुछ भी नहीं है,जिसका समाधान नहीं है और जिसे पाया नहीं जा सकता। बस, इस गूढ़ता को जानने और वांछित फल की प्राप्ति के लिए हम सदा तत्पर बने रहना चाहिए। जो ऐसा कर पाते हैं अंतर्निहित क्षमताओं में अभिवृद्धि होती है और उनके व्यक्तित्व का निरंतर विकास होता है। उन्हें नवीन बोध मिलता है और उनके जीवन में उपलब्धियों के नए प्रसून फूलते हैं। ये सब प्रकृति की नई चुनौतियों को स्वीकार करने से ही होता है। चुनौतियां जीवन में अनायास भी आती हैं और इन्हें योजनाबद्ध तरीके से आमंत्रित भी किया जाता है। जो इन चुनौतियों से भागते हैं, पलायन करते हैं, उनका जीवन सामर्थ्यहीन, डरपोक एवं कमजोरियों से घिर जाता है; क्योंकि ऐसे चुनौती को देखते ही तनावग्रस्त हो जाते हैं, तनाव से भर जाते हैं और उनकी शारीरिक एवं मानसिक शक्तियां काम करना बंद कर देती हैं। आधुनिक शोधों से पता चलता है कि तनाव वस्तुतः चुनौतियों की समुचित व्याख्या का अभाव एवं अपनी क्षमताओं का सही आकलन न कर पाने के कारण जन्म लेता है। परिस्थितिजन्य एवं स्वयं के बुलावे पर आई चुनौतियों को हम ठीक-ठीक जान नहीं पाते हैं। जब हम इन्हें नहीं जान पाते हैं तो इनसे जूझने का साहस नहीं होता है और हम ऐसी चीजों से भाग खड़े होते है, तब हमें तनाव देने वाले कारक डराते हैं, और हम उनसे डर जाते हैं।

तनाव एक और कारण से भी जीवन में पनपता है और वह है कि हम अपनी क्षमताओं और सामर्थ्यों से अनभिज्ञ बने रहते हैं। हमें विश्वास ही नहीं रहता कि हम इन चुनौतियों को स्वीकार कर सकते हैं और इनसे पार भी पा सकते हैं; जबकि वास्तविकता कुछ और है। वास्तविकता है कि कुदरत ने हम सबको असीम सामर्थ्यों से युक्त बनाया है। बस, इन्हें हम जानते नहीं हैं, पहचान नहीं पाते हैं। हम तो ऐसे हैं जैसे विराट सुवासित चंदन के वनों के मालिक होकर भी चंदन की कीमत नहीं जानते और सामान्य लकड़ी के मोल उसे बेचने को विवश होते हैं। हम ऐसे हैं कि हीरे की खान में छिपे कोयले के साथ हीरे को चमकीला पत्थर मानकर कौड़ी के मोल बेचते चले जा रहे हैं। जिस दिन हम उसे पहचान लेंगे, हमें अपनी सामर्थ्य का सही बोध हो जाएगा, हम चुनौतियों से भागेंगे नहीं, बल्कि उनसे खिलौने के समान खेलने में आनंद उठायेंगे।

हमारे पास अनगिनत सामर्थ्य है। इनमें से प्रमुख है हमारी भावना, ज्ञान एवं व्यवहार की शक्ति। जो चुनौतियों का सामना करते हैं, उनके पीछे उनकी शक्तियों की आधारशिला है। वे अपनी सामर्थ्यों की खुदाई करते हैं और उनमें से एक नई सामर्थ्य की खुदाई करते हैं जिनमें ऐसी सामर्थ्य पैदा हो जाती है, वे जीवन में तनाव में घिरकर भी तनावमुक्त होते हैं, क्योंकि वे तनाव से निजात पाने के तरीके ईजाद कर लेते हैं। उनके जीवन में सवालों का हल होता है, समस्याओ का समाधान होता है और वे चुनौतियों से बेहतर ढंग से जूझ लेते हैं तथा नई-नई चुनौतियों को आमंत्रित करके उनसे अपनी सामर्थ्यों की धार पैनी करते रहते हैं।

चार्ल्स डार्विन बीस वर्षों तक बुखार से पीड़ित थे, परंतु इस बुखार को नजरअंदाज करके उन्होंने संसार में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं की प्रजातियों की कष्टसाध्य खोज-बीन की और इसी का परिणाम था कि वे 'ओरिजिन ऑफ न्यू स्पेशिज' नामक कालजयी ग्रंथ की रचना कर सके। महान आयुर्वेदाचार्य ऋषि यदि चुनौतियों को न स्वीकारते तो सामान्य व्यक्ति की तरह अपने रोग से आक्रांत रहते, परंतु अपने शरीर पर असाध्य घाव एवं उसकी असहनीय पीड़ा से पीड़ित वन-वन भटके और बिना ठहरे समाधान खोजते रहे। अंततः उनकी पीड़ा से संवदित होकर सारे वनस्पति-जगत अपने गुण-धर्मों को स्वतः प्रकट करने लगे और उन्होंने चरक संहिता का रूप लिया, जो चिकित्सा के क्षेत्र में प्रकाशस्तंभ के समान खड़ा सर्वज्ञ आलोक फैला रहा है। इन्होंने चुनौतियों को स्वीकारा और उनसे ऊबरने एवं जूझने की कुशलता पाई तथा औरों को भी इससे परिचित कराया।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### क्यों लड़कों की तरह पढ़ नहीं सकती लड़कियां?

क्या लड़की होना पाप है? कोई गुनाह है? आखिर क्यों लड़की को यह बार-बार एहसास दिलाया जाता है कि वह एक लड़की है? लड़कियों को बचपन से ही इस तरह से ढाला जाता है कि वह सिर्फ घर के कामों के लिए ही बनी है। बाहर की दुनिया से उनका कोई वास्ता दूर-दूर तक नहीं है। लड़के और लड़कियों में बचपन से ही भेदभाव किया जाता है। लड़के और लड़कियों दोनों को यह सिखाया जाता है कि तुम कौन सा काम कर सकते हो और कौन-सा नहीं? बचपन से ही कामों को बांट दिया जाता है। लड़कियों को बहुत से खेलों में भाग लेने से मना किया जाता है कि तुम एक लड़की हो, यह खेल तुम्हारे लिए नहीं है, समाज क्या कहेगा? पितृसत्तात्मक समाज में लड़कियों का कोई वजूद ही नहीं है। वह खुद के लिए कोई फैसला भी नहीं कर सकती है जबकि लड़का अपना फैसला खुद ले सकता है। लड़कियां वही करेंगी जो घर के मर्द बोलेंगे, पढ़ाई-लिखाई भी घरवालों की मर्जी से करेगी। यहां तक कि एक लड़की अपनी पसंद का कपड़ा भी नहीं पहन सकती है। उक्त बातें कहते-कहते गांव की किशोरियों के चेहरे उदास व रूआंसू हो जाते हैं।

यूनिसेफ की रिपोर्ट की मानें तो दुनिया भर में, 129 मिलियन लड़कियां स्कूल से बाहर हैं। इनमें क्रमशः 32 मिलियन प्राथमिक स्कूल की उम्र की, 30 मिलियन निम्न-माध्यमिक स्कूल की, 67 मिलियन उच्च-माध्यमिक स्कूल की उम्र की लड़कियां शामिल हैं। लड़कियों की शिक्षा में गरीबी, बाल विवाह, लैंगिक असमानता, हिंसा एवं शिक्षा में निवेश करते समय गरीब परिवार अक्सर लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में गांव भी तेजी से बदल रहे हैं। लोग जागरूक व आधुनिक सोच के हो रहे हैं। लड़कियों की शिक्षा को महत्त्व दिया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर आज भी कुछ ऐसे दलित-महादलित व पिछड़े परिवार हैं जहां लड़कियां पढ़ाई से महरूम हैं। ऐसे परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाने में बच्चे से लेकर बूढ़े तक मजदूरी पर निर्भर हैं। परिणामतः शिक्षा की लौ नहीं जल पाती है। अशिक्षा के कारण ऐसे परिवार आंडबरों व सामाजिक कुरीतियों व कुचक्रों में जकड़े होते हैं। इन समुदायों में आज भी लड़कियों की शिक्षा के प्रति घोर उदासीनता है।

प्रश्न यह उठता है कि आखिर क्यों हमारा समाज महिलाओं और किशोरियों को शिक्षा जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित रखता है? क्या यह समाज केवल पुरुषों से बनता है? ग्रामीण इलाकों में ऐसे टोले-कस्बों की कमी नहीं जहां लड़कियों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। लड़कियों को सांस भी लेने के लिए परिवार के पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ता है। हमारा समाज जितना ज्ञान लड़कों को देने के लिए व्याकुल रहता है, उतना ही अगर लड़कियों को दी जाए तो वह न केवल सशक्त होंगी बल्कि देश से महिलाओं पर अत्याचार और शोषण का खात्मा भी मुमकिन हो सकता है। हालांकि राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक किशोरियों की शिक्षा के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्हें मैट्रिक, इंटर, यूजी, पीजी आदि करने के लिए प्रोत्साहन राशि और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड भी दिए जा रहे हैं। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा पंचायती राज में 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर दी गई है। इसके बावजूद यदि ऐसे समुदायों में सरकार की योजनाएं एवं नीतियां दम तोड़ रही हैं तो इनके क्रियान्वयन पर फिर से समीक्षा करने की ज़रूरत है।

**सिमरन कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**



## सिंचाई क्षमता

2003 7 लाख हे.

2023 47 लाख हे.

2025 में होगी 65 लाख हे.

# किसान सम्मेलन

2 अगस्त 2023 | दोपहर 3:00 बजे | जिला मंदसौर

**₹ 5477 करोड़**
की सिंचाई परियोजनाएं

**1.35 लाख हेक्टेयर**
भूमि होगी सिंचित

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**
द्वारा

### आगर-मालवा

**लोकार्पण**

कुण्डालिया दाब युक्त सिंचाई परियोजना चरण-1

4 तालाब/बैराज

### मंदसौर

**लोकार्पण**

गरोठ सिंचाई परियोजना

3 तालाब/बैराज

**भूमिपूजन**

मल्हारगढ़ दाब युक्त परियोजना

## विकास पर्व

16 जुलाई से 14 अगस्त, 2023



सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

सेना हैडक्वार्टर एमबी एरिया का स्थापना दिवस समारोह

# देशभक्ति ही राष्ट्रसेवा है, इस ध्येय पर सेना के जवान सदैव तत्पर हैं





**जबलपुर, देशबन्धु।** सेना के जवानों के लिए देशभक्ति सबकुछ है। इस देशभक्ति के लिए ही वे हमेशा तत्पर रहते हैं और राष्ट्रसेवा में योगदान देते हैं। देश के लिए मर मिटना भी जवानों को गवारा नहीं हैं, क्योंकि सेवा की शपथ के दौरान वे खुद को भारत मां की शान के लिए न्यौछावर करने की कसम खा लेते हैं। भारतीय सेना के शौर्य, गौरव और शक्ति का प्रतीक एमबी एरिया हैडक्कॉर्टर में स्थापना दिवस मनाया गया।

**पुष्पचक्र किए अर्पित** - कार्यक्रम में शहीदों के सम्मान में पुष्पांजलि और पुष्पचक्र अर्पित किए गए। इस दौरान एमबी एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल एमके ने सभी रैंकों से युद्ध कौशल और प्रशासनिक भूमिकाओं में प्रशिक्षण लेने और देश सेवा के लिए तत्पर रहने की प्रेरणा दी।

**रोचक है इतिहास** - एमबी एरिया की स्थापना 1 अगस्त 1824 को मेजर जनरल जे अर्नोल्ड (ब्रिटिश अधिकारी) द्वारा सागर डिविजन के रुप में की गई थी। इसके बाद, सैन्य संबद्धता में बदलाव और मध्य प्रदेश और बिहार के पुनर्गठन, छत्तीसगढ़ और झारखंड के नए गठन के कारण डिवीजन ने अपने पदनाम में बदलाव किए। वर्षों बाद 4 मार्च 2002 को इसे जबलपुर में मुख्यालय एमबी एरिया का वर्तमान पदनाम प्राप्त हुआ।

**बड़ी ईकाइयों की जिम्मेदारी** - मुख्यालय एम बी एरिया के अधीन मप्र, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश की बड़ी ईकाइयों की सहायता करने की जिम्मेदारी है। सेना द्वारा इन राज्यों में नागरिक अधिकारियों की सहायता, अतिरिक्त आंतरिक सुरक्षा कर्तव्य, आपदा प्रतिक्रिया अभियान, बाढ़ राहत अभियान, पूर्व सैनिकों के मामलों का प्रबंधन कार्य प्रमुखता से किया जाता है।

# संस्कारधानी में बन रहा भव्य तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालय

## साआनन्द सम्पन्न हुआ मंगल कलश आनन्द महोत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया में जिनवाणी तत्वरसिक श्री तारण तरण दिगम्बर जैन समाज द्वारा संगमरमर की तीन मनोहारी वेदी से सुशोभित भव्य एवं मनोहारी श्री तारण तरण दिगम्बर जैन चैत्यालयजी का निर्माण किया जा रहा है।

जिनशासन सेवक दीपक राज जैन एवं तारण समाज अध्यक्ष सतीश समैया ने बताया कि श्रावण शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार के शुभ दिन मनोहारी वेदी के पुण्य आर्जक परिवार के निवास से भक्ति भाव पूर्वक मंगलगान करते हुए मंगल कलश शौभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुई तारण तरण चैत्यालयजी पहुंची जहां सकल समाज ने चौबीस तीर्थंकर भगवंतों सहित श्रीगुरु महाराज एवं जिनवाणी माता का जयघोष करते हुए पण्डितश्री संतोषकुमार जैन भाईजी एवं पण्डितश्री सुनिलकुमारजी जैन के मार्गदर्शन में भजन मंडली के मंगलगानों के साथ विधि विधान पूर्वक मंदिर विधि कर भाव पूजा करते हुए मनोहारी वेदी पर मंगल कलशों की स्थापना कराई।

**सौभाग्यशाली परिवार** -तारण तरण चैत्यालयजी की संगमरमर की मनोहारी वेदी पर मंगल कलश विराजमान करने का पावन सौभाग्य पुण्यार्जक सर्वश्री सेठ परिवार, दिगंबर परिवार सहित भगतजी परिवार को प्राप्त हुआ जिनके शुभ एवं मंगल भावों की सकल समाज ने कोटिशः अनुमोदना कर शुभकामनाएं दी।

**इनका मिला सहयोग** -गुरुभक्तों द्वारा जिनशासन की मंगल प्रभावना का एक दिवसीय सुंदर अनुष्ठान विविध उपलब्धियों सहित साधर्मी वात्सल्य भाव के साथ साआनन्द सम्पन्न हुआ जिसे सफल बनाने में श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय ट्रस्ट कमेटी जबलपुर, युवा परिषद, महिला मण्डल, वीरश्री मण्डल सहित समस्त जिनशासन सेवक गुरु भक्तों का अपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

मार्केट में फ्रेंडशिप डे को लेकर मिल रहे कई गिफ्ट्स

# फ्रेंड्स को करेंगे स्मार्टवॉच गिफ्ट, फ्रेंडशिप बेल्ट से होगी पक्की दोस्ती




**जबलपुर, देशबन्धु।** अगस्त का पहला संडे दोस्तों के नाम रहता है। इस साल फ्रेंडशिप डे 6 अगस्त को है। दोस्तों को स्पेशल गिफ्ट देने के लिए सिटी मार्केट में कई प्रोडक्ट सज चुके हैं। क्योंकि अब यूथ को सिर्फ फ्रेंडशिप बेल्ट ही नहीं, बल्कि स्मार्टवॉच जैसे गिफ्ट भी देने की तैयारी में है।

### स्मार्ट फ्रेंडशिप बेल्ट

फ्रेंड्स के बीच फ्रेंडशिप बैंड का क्रेज सबसे पुराना है। मार्केट में इस बार स्मार्ट फ्रेंडशिप बेल्ट आए हैं। इनकी कीमत 500 रुपए से शुरू है। इसके साथ ही लेदर, क्लॉथ, रबर मैटेरियल में मिल रहे हैं। फ्रेंडशिप बैंड की कीमत सिटी मार्केट में 20 रुपए से शुरू होकर 200 रुपए तक की रेंज में मिल रहे हैं।

### फोटो फ्रेम और कोलाज

फ्रेंडशिप बेल्ट के साथ लोग अपने दोस्तों को ड्रेसेज भी गिफ्ट करते हैं। दोस्ती को हमेशा यादगार बनाने के लिए फोटो फ्रेम और फोटो कोलाज फ्रेम खास है। फ्रेंडशिप फोटोफ्रेम मार्केट में खास हैं।

### परफ्यूम, क्रिस्टल आइटम्स

गिफ्ट शॉप पर बेल्ट के अलावा, शो पीस, स्टेशनरी सामान जैसे डायरी, पैनसेट, पर्ल सेट, फोटो फ्रेम, क्रिस्टल आइटम्स, परफ्यूम की पर्चेजिंग खूब हो रही है। इसके साथ ही पर्ल सेट, परफ्यूम, क्रिस्टल आइटम्स, रिस्ट वॉच, कपल स्टेच्यू पसंद किए जा रहे हैं।

### ये गिफ्ट भी हैं खास

- फ्रेंडशिप सर्टिफिकेट
- वॉलेट
- ड्रेसेज
- पर्स एंड वॉलेट
- आर्टिफिशियल ज्वेलरी



# महिलाओं ने खेली धार्मिक प्रश्नोत्तरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** विद्युत परिवार मराठी मित्र मंडल के तत्वावधान में अधिमास में गणेश अथर्वशीर्ष पाठ कार्यक्रम महाराष्ट्र व्यायामशाला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्लोक पाठ किया गया, वहीं 1001 बार पाठ अथर्वशीर्ष का पाठ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने हरे परिधान धारण किए। पूजन के बाद प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई। इस मौके पर मनीषा हेलकार, स्मिता मोतीवाले, जयवंत खारपाटे, दिलीप खानविलकर, सीएस झाडगवकर, अरुण गायकी, संजय इंदुरकार मौजूद थे।

# सामाजिक चेतना का प्रतीक हैं साहित्यकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रकृति, परमात्मा,परिवेश और राष्ट्रीय भाव से जुड़ी कविताएं सामाजिक जागृति का प्रतीक हैं। साहित्यकारों ने अपने सृजन से समाज की सुप्त चेतना को जागृत करने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है।

तदाशय के उद्गार राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी में अतिथियों ने यक्त किए। वर्तिका की सावनी काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सुभाष शलभ ने की। मुख्य अतिथि युवा कवि आलोक पाठक थे। सरस्वती वंदना ज्योत्सना शर्मा ने प्रस्तुत की।

# हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में नर्मदा स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा हुई



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रत्येक माह की पूर्णिमा को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का चतुर्मास विश्राम होने के कारण पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर प्रातः 7:00 बजे से आश्रम में ही नर्मदा स्वर्ण कलश की राधा रानी तुलसी मैया लड्डू गोपाल जी परिक्रमा संचालक भगवान हनुमान जी महाराज की एक साथ संकीर्तन करते हुए 108 परिक्रमा कर कन्हैया जी का झूला झूलाकर आनंद उत्सव आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में मनाया गया। सभी भक्तों को पुरुषोत्तम माह में मालपुआ का वितरण कराया गया। महाआरती एवं भंडारे का आयोजन हुआ इस अवसर पर नर्मदा महाआरती में डॉ सुधीर अग्रवाल, शिव शंकर पटेल संकीर्तनाचार्य पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल सुरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 02 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा। नक्षत्र-श्रवण।**

मेष -व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ -विदेश में रहने वाले स्नेहीजन तथा मित्रों के समाचार आपको खुशी देंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति के लिए अच्छा अवसर है। लंबे प्रवास का आयोजन हो सकता है। धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन खुश रहेगा।

मिथुन -आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। **क. 300-388**

कर्क -आज का दिन दोस्तों और स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों का भी आनंद प्राप्त होगा। व्यापार में भी लाभ होने की संभावना अधिक है। भागीदारों से भी लाभ होगा।

सिंह -मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं। व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग आज नहीं के बराबर मिलेगा।

कन्या -आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा। आज बौद्धिक चर्चाओं में न उतरना आपके लिए हितकारी रहेगा।

तुला -आज आप शारीरिक रुप से शिथिलता और मानसिक रुप से चिंता का अनुभव करेंगे। माता के विषय में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति से संबंधित कामों में सावधानी बरतें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी। नए काम का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है।

धनु -आज आपका मन दुविधा में फंसा रहेगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। निर्धारित कामों को पूर्ण न कर पाने से मन में हताशा भी बनी रहेगी। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना आपके लिए बेहतर होगा।

मकर -आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे। नौकरी और व्यापार के स्थान पर आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ -आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें। अदालती कार्यवाही में संभलकर चलें।

मीन -आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। नए मित्रों से भी संपर्क होगा, इसका आपको भविष्य में लाभ होगा। **मा . 170-245**

**4,5,7,9,40,53,78,95,67,01,24,86**

# इमाम हुसैन की बारगाह में विशाल लंगर ए आम का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** नये मुहल्ले स्थित बंद कुएं मे हज़रत इमाम हुसैन की बारगाह मे विशाल लंगर ए आम का एहतेमाम किया गया। आयोजन की सरपरस्ती अल्हाज खतीबे एशिया कौसर रब्बानी ने की। सुबह शुरूआत मे कुरान ख्वानी का एहतेमाम किया गया जिसके बाद शहरे जबलपुर मे अमन शांति भाईचारा क़ायम रहने की दुआ की गई। लंगर ए आम मे महिलाओं और मासूम बच्चों ने भी बड़ी तादाद मे शिरकत की। सुबह से शुरू हुए लंगर मे लगभग 4 हजार लोग शरीक हुए। आयोजक समाजसेवी पप्पू वसीम खान ने बताया हज़रत इमाम हुसैन ने जो कर्बला मे शहादत पेश की है तो उनकी बारगाह मे नजरो न्याज़ पेश ये लंगर ए आम विगत कई वर्षो से आयोजित किया जा रहा है। मतीन अंसारी, जमा खान, याकूब अंसारी, सफीक हिना, मुबारक कादरी अशरफ मंसूरी, ताहिर खान, बाबू ख़ान, सैय्यद कादिर अली कादरी मेहबूब बंगाली, मुईन खान, सहित हज़ारो लोगों ने लंगर ए आम मे शरीक हुए। जावेद खान, नजीब खान ने लंगर मे आए मेहमान हज़रात का इस्तकबाल कर शुक्रिया अदा किया।

# श्री गुप्तेश्वर महादेव का गंगेश्वर महादेव श्रृंगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी को संध्या आरती में गंगेश्वर महादेव श्रृंगार किया गया। श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज के सानिध्य में श्रावण में पुरूषोत्तम मास की पूर्णिमा के अवसर पर पूजन अर्चन आरती में बसंत मिश्रा ,राजेश तिवारी ,कमलेश अग्रवाल,उत्कर्ष रावत,कमलेश जयसवाल,राजेंद्र त्रिपाठी,एकलव्य ठाकुर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



# कष्टों को पल भर हर लेते हैं महादेव -स्वामी नरसिंह दास

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर जीव के जीवन काल में सुख दुःख का काल चक्र निरंतर गतिशील रहता है। प्रारब्धवश जीव दुःख को सहने का सामर्थ्य नहीं रखता, जीव सद्गुरु के मार्गदर्शन में महादेव से मात्र अंर्तमन से प्रार्थना करता है तो महादेव क्षण भर सभी दुखों का अंत कर देते हैं । श्रावण महोत्सव रूद्राभिषेक पूजन योगाचार्य राम लाल रजक, मनोज रोशनी नारंग, आचार्य रामफल शास्त्री, कामता शास्त्री ,एस बी मिश्रा ,चन्द्रप्रकाश महाराज, रामजी ,लालमणि मिश्रा ,प्रियांशु हिमाशु ,संदीप ,सुनील प्रवीन चतुर्वेदी, अमित शास्त्री सहित श्रृध्दालु जन उपस्थित रहे ।

# कर्नाटक की कसूती कढ़ाई से सजे परिधान



**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्ल्ड एम्ब्रॉयडरी दिवस के मौके पर छात्राओं ने विभिन्न प्रांतों की एम्ब्रॉयडरी बनाकर तरह-तरह के परिधान निर्मित किए। किसी ने पंजाबी की फुलकारी से दुपट्टा सजाया, तो किसी ने लखनवी चिकनकारी से सूट को डिफरेंट लुक दिया। इस बीच कर्नाटक का कसूरी और कच्छ का कठियावाड़ी स्टाइल भी साड़ी में देखने को मिला। नवाचार और हुनर का यह रंग शासकीय होमसाइंस कॉलेज के टेक्सटाइल विभाग में नजर आया। कार्यक्रम में विभान की छात्राओं द्वारा तरह-तरह के परिधानों में एम्ब्रॉयडरी करके उन्हें यूनीक लुक दिया गया।

### इन एम्ब्रॉयडरी का काम

- पंजाब की फुलकारी
- बंगाल का कांथा वर्क
- लखनऊ की चिकनकारी
- कर्नाटक की कसूती
- कच्छ काठियावाड़ की सिंधी तरोपा
- उड़ीसा का पिपली वर्क

### स्टेम एंड क्रॉस स्टिच

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने एम्ब्रॉयडरी में सटीन स्टिच, स्टेम स्टिच, क्रॉस स्टिच, बुलियन ,चैन स्टिच का उपयोग किया। कशीदाकारी का उपयोग साड़ी ,ब्लाउज ,कुर्ते ,दुपट्टे, टॉप ,कुशन कवर ,बैग ,पिलो कवर में किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, विभागाध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा, डॉ. रीना भैरव, डॉ. रचना अग्रवाल मौजूद रहीं।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री नरेश कुमार काछी**- गोरखपुर निवासी श्री नरेश कुमार काछी (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती नरबद बाई मिश्रा**- नारायण नगर गुलौआ चौक गढ़ा निवासी श्री राजेश्वर प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती नरबद बाई मिश्रा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला यादव**- उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री प्रमोद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला यादव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप चौधरी**- वल्दी कोरी की दफाई लालमाटी निवासी श्री जगदीश चौधरी के पुत्र श्री दिलीप चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई वर्मा**- दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री राम अवतार वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई वर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मन्नो रानी वर्मा**- सिद्धबाबा वार्ड लालमाटी निवासी श्री राजेंद्र कुमार वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मन्नो रानी वर्मा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शिल्पी कौर**- अवंनी विहार शास्त्री नगर बाजनामठ निवासी श्री प्रणय कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती शिल्पी कौर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जित्तू चौधरी**- हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री प्रीतम चौधरी के पुत्र श्री जित्तू चौधरी (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आलोक सिंह**- उदय नगर नं. 1 व्हीकल रोड निवासी श्री सत्य नारायण सिंह के पुत्र श्री आलोक सिंह (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजा चौधरी**- बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री भिल्ली प्रसाद चौधरी के पुत्र श्री राजा चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शिशिर कुमार सरकार**- विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री शिशिर कुमार सरकार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## इमारत की 13वीं मंजिल से गिरी युवती की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत बंदरिया तिराहा स्थित ओजस इम्पीरिया इमारत की 13वीं मंजिल से कूदकर एक युवती ने जांच दे दी है। जिस किसी ने भी यह मंजर देखा भौंचक्का ही रह गया। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर शिनाख्ती के प्रयास शुरु कर दिए है।

पुलिस से जानकारी के अनुसार बंदरिया तिराहा गोरखपुर



स्थित ओजस इम्पीरिया में मंगलवार शाम 4.45 बजे के लगभग एक युवती लिफ्ट से 13वीं मंजिल पर पहुंच गई। जहां से युवती ने कुछ मिनट बाद ही छलांग लगा दी।

जमीन पर गिरते ही युवती के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौके पर ही मौत हो गई। युवती को गिरते देख अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों में भय का मौहाल बन गया। खबर मिलते ही गोरखपुर थानाप्रभारी अरविंद चौबे मौके पर पहुंचे, जिन्होंने आसपास के लोगों से मृतका की शिनाख्त कराई। लेकिन किसी ने पहचान नहीं की। अपार्टमेंट के लोगों ने पुलिस को बताया कि मृतक महिला अपार्टमेंट में रहती ही नहीं है। यहां किससे मिलने आयी और उसके साथ क्या हुआ? यह जांच का विषय है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लेते हुये अपार्टमेंट व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं।

पुलिस का यह भी कहना है कि युवती खुद ही कूदी है या फिर उसके साथ कोई हादसा हुआ है यह जांच के बाद पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर लिया है।

## राजकुमारी बाई बाल निकेतन के एमएम नेमा अध्यक्ष एवं एसएस माहेश्वरी सचिव बने

**जबलपुर, देशबन्धु।** 103 वर्ष पुरानी एवं प्रतिष्ठित संस्था श्री राजकुमारी बाई बाल निकेतन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में संस्था परिसर में प्रो. डॉ. अनिल धगट चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुये। जिसमें निम्न पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को निर्वाचित घोषित किया गया। अध्यक्ष-एडवोकेट मदनमोहन



नेमा, उपाध्यक्ष- पं. रोहित दुबे, उपाध्यक्ष- संतोष भाई पटेल, सचिव- श्यामसुन्दर माहेश्वरी, सह सचिव- राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष- सीए प्रद्युम्न गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य- प्रकाश सदानी, गिरिराज चाचा, हरिबल्लभ जेठा, डॉ. सुनील देशपांडे, भरत अग्रहरि, श्रीमती मधु सुरजन, किरण के.सी. अग्रवाल, हरीश रीझवानी, सुभाष अग्रवाल, वी.पी. दुबे, यशवंत सेंगर, सहयोजित सदस्य- रविन्द्र मिश्रा, विमला खरे, संस्थापक प्रतिनिधि- आदित्य माहेश्वरी को पदभार सौंपा गया है।



## श्री गुरु रविदास बहुउददेश्य महिला मंडल जबलपुर

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री गुरु रविदास बहुउददेश्य महिला मंडल के द्वारा सावन सोमवार को गुरु रविदास मंदिर में पूजा अर्चना की और ग्वारीघाट में सभी सुहागनों को हरी चूड़ी और लाल चूड़ी बिंदी आदि वितरित की और सभी ने मिलकर गेम्स और हाऊजी का भी आनंद लिया जिसमें आशा चौधरी, वंदना चौधरी, श्यामा अहिरवार, कुसुम अहिरवार,रूपा अहिरवार, श्यामा देवी, रंजना राज, नमिता राज, आशा अहिरवार माया रोहित आदि मौजूद रही।

## स्व.प्रतुलचंद्र द्विवेदी की 100 वीं जयंती पर रामलला मंदिर ग्वारीघाट में पूजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्व.प्रतुलचंद्र द्विवेदी स्मृति सेवा समिति के सहसंयोजक अंकित द्विवेदी ने बताया कि समिति द्वारा स्व.प्रतुलचंद्र कि 100 वीं जयंती कार्यक्रम पुष्पांजलि अर्पित सावन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक रामानुज तिवारी प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित रहे एवं उनके सानिध्य में सिद्ध रामलला मंदिर ग्वारीघाट पूजन अर्चन प्रसाद वितरण के पश्चात तुलसी के पौधों का वितरण श्रद्धालुओं को किया गया ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रतुलचंद्र द्विवेदी स्मृति सेवा समिति के अध्यक्ष अतुल चन्द्र द्विवेदी मासाब दीपक सिंह राजपूत, नंदन दुबे, पुनीत गुप्ता, अनमोल द्विवेदी संतोष जैन सुनील विश्वकर्मा, अमित पासवान, राजा राजपूत, अंकित द्विवेदी आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्काउट एवं गाइड ने मनाया विश्व स्कार्फ़ दिवस



**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व स्काउटिंग सूर्योदय दिवस एवं विश्व स्कार्फ दिवस के अवसर पर मंगलवार को भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ जबलपुर द्वारा, जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जबलपुर जिले के गणमान्य नागरिकों को स्कार्फ़ पहनाकर स्कार्फ की महत्ता को बताया गया।

इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त अजय तिवारी, हेड क्वार्टर कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी, जिला सचिव देवेंद्र कुमार भट्ट, जिला संगठन आयुक्त वीके झारिया, जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजय आनंद साहू, नीलेश आर्य, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर राहुल राजपूत, रूपेश भुसारी, लेखराम यादव, प्रतिभा दुबे, मंत्रो इक्का, अमिता चौधरी, सोनिया ट्रेजा आदि उपस्थित रहे।



## कृविवि के डॉ. आर. एस. शुक्ला बने संचालक प्रक्षेत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा पादप प्रजनक एवं आनुवांशिकी विभाग के आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस शुक्ला को विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण प्रक्षेत्र का महत्वपूर्ण दायित्व संचालक प्रक्षेत्र बनाया गया है। गौरतलब है कि डॉ. आरएस शुक्ला 1996 से गेहूं अनुसंधान से जुड़े हैं, इनके 39 वर्षों के सेवाकाल में विश्वविद्यालय के अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं के प्रभारी की जिम्मेदारी के साथ ही उत्कृष्ट गेहूं के अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक के रूप में ख्याति अर्जित की है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने का काम भाजपा सरकारों ने किया : योगिता सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्र एवं प्रदेशो में भाजपा की सरकारों ने महिला हितैषी योजनाओ के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है और आज महिलायें आत्मनिर्भर, निर्भीक और स्वावलंबी बनी है, यह बात भाजपा महिला मोर्चा दिल्ली प्रदेश की अध्यक्ष योगिता सिंह ने केंट विधानसभा में आयोजित महिला लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।



महिला मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम के दौरान जबलपुर पहुंची योगिता सिंह ने सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि हम 75 साल से आजाद हैं महिला शक्ति, मातृ शक्ति सिर्फ कहने के शब्द हुआ करते थे पर जबसे केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी तब उन्होंने मातृ शक्ति की पहचान देश को कराई है।

उन्होंने कहा मप्र में मुख्यमंत्री शिवराज के नेतृत्व में तो पहले लाड़ली लक्ष्मी, कन्यादान जैसी योजनाएं चलाकर बच्चियों के भविष्य को उज्वल बनाने का कार्य किया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष योगिता सिंह जबलपुर प्रवास के दौरान उत्तर विधानसभा में के गोपाल सदन में आयोजित मंगल गौरी पूजा में शामिल हुई जहाँ बड़ी संख्या में बहिनों से भेंट की। श्रीमती सिंह पश्चिम विधानसभा में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुई।

## 6 अगस्त को मुख्य स्टेशन मुख्य आयोजन को लेकर तैयारी शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा 6 अगस्त को मुख्य स्टेशन में अमृत महोत्सव के आयोजन को लेकर काफी गंभीर है। इस आयोजन को लेकर तैयारियों की रूपरेखा बनायी जा रही है। इसी संदर्भ में अधिकारियों की एक बैठक देर रात्रि तक चली। इसमें अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, प्रदीप कुमार वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन सुनील कुमार श्रीवास्तव (द्वितीय) डीसीएम नितेश सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक पंकज दुबे, अखिलेश नायक आदि ने हिस्सा लिया। मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह इस आयोजन को लेकर सभी बिन्दुओं पर तैयारी करें और भव्यता के साथ इसे सफल बनाने में सभी प्रकार के प्रयास करें। उल्लेखनीय है कि मुख्य रेलवे स्टेशन महाकौशल में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता अपर महाप्रबंधक श्री सक्सेना प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश सीसीएम रवीन्द्र श्रीवास्तव ने सभी सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये हैं।

## दीक्षितपुरा का शातिर बदमाश पुलिस के लिये बना सिर दर्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत दीक्षितपुरा क्षेत्र में एक शातिर बदमाश नीरज ठाकुर से क्षेत्रीयजन उसके भय से परेशान है। क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय निवासी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नीरज के खिलाफ थाने में 50 से अधिक गंभीर अपराध दर्ज हैं। जिससे क्षेत्र के लोग उससे खौफ खाते हैं। जो पुलिस के लिये भी सिर दर्द बना हुआ है। कोई उसके खिलाफ बोलने से भी डरता है।

## तत्पर पोर्टल आउटसोर्स कार्मिकों का बनेगा मददगार

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय के तत्वावधान में आज शक्तिभवन के केन्द्रीय ग्रंथालय में भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) द्वारा आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त निधि- आशीष कुमार ने कहा कि आउटसोर्स कार्मिकों के हित व सुविधा को



देखते हुए 'तत्पर पोर्टल' प्रारंभ किया गया है। यह पोर्टल आउटसोर्स कार्मिक की किसी दुर्घटना में मृत्यु होने पर मददगार बनेगा। इस पोर्टल में मृत्यु मामलों की रिपोर्टिंग के लिए त्वरित सुविधा प्रदान की गई है। दुर्घटना मृत्यु प्रकरण में तत्पर पोर्टल में कार्मिक का नाम, यूएएन नंबर, मोबाइल नंबर, मृत्यु तिथि व आधार नंबर को दर्ज करने पर मृत कार्मिक के परिवार को सहायता राशि उपलब्ध करवाने के प्रकरण का त्वरित निबटारा हो सकेगा।

## भाजपा कार्यालय में माझियों का प्रदर्शन आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र माझी मछुआ श्रमिक संघ भोपाल की जिला शाखा की अध्यक्ष रागिनी कश्यप एवं जिला मंत्री गोविंद रैकवार ने संयुक्त रूप से बताया कि भाजपा सरकार माझी मछुओं की समस्याओं का निदान करने की दशा में केवल आश्वासन और वादे पिछले 18 वर्षों से कर रही है। नदी तालाबों का आवंटन पूंजीपतियों को और गैर मछुओं को किये जा रहे हैं। जिससे वंशानुगत मछुआ बेरोजगारी का शिकार हो रहा है। इसी तरह से ढीमर, केवट, कहार, मल्लाह आदि को माझी आदिवासी नहीं मानने से समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन के प्रांतीय आव्हान पर भाजपा कार्यालय रानीताल के समक्ष आज 2 अगस्त 2023 को दोपहर 12 बजे से प्रदर्शन कर प्रदेशाध्यक्ष भाजपा के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाध्यक्ष को सौंपने का निर्णय लिया।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र विद्युत नियामक आयोग के पत्र क्रमांक 2023 13/02/23 एवं पत्र क्रमांक 2197, 25/10/22 के तारतम्य जबलपुर शहर वृत्त स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम आज 2 अगस्त को प्रात: 11 बजे आहुत किया गया है। सम्मानीय विद्युत उपभोक्ता से अनुरोध है कि बिलिंग, मीटर, नये कनेक्शन टीसी वोल्टेज आदि संबंधित शिकायतों के लिये मिशन कम्पाउंड परिसर संभागीय कार्यालय में आहुत फोरम में उपस्थित होकर अपनी शिकायते पंजीबद्ध करवाये प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही कर संबंधित शहर संभाग द्वारा नियमानुसार निराकरण किया जायेगा।

## रेलवे द्वारा ऑपरेशन नन्हे फ़रिश्ते के अंतर्गत किये जा रहे सराहनीय कार्य

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नन्हे फ़रिश्ते अभियान के तहत घर से भागे हुए, अपहृत हुए, बिछुड़े हुए बालक एवं बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों/चाइल्ड लाइन को सुपुर्द किया। कटनी आरपीएफ पोस्ट पर 30 जुलाई को ऑन ड्यूटी गस्त के दौरान उपनिरीक्षक शिशिर कुमार को कटनी स्टेशन प्लेटफॉर्म नं. 05 पर एक लड़का संदिग्ध अवस्था में



मिला। उसे रेसुब पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपक कुमार, उम्र 10 वर्ष, निवासी जिला सिंगरौली म.प्र. बताया। आरपीएफ द्वारा चाइल्ड लाईन आवाज संस्था के प्रतिनिध ज्ञान दास चौधरी के आरपीएफ पोस्ट पर उपस्थित होने पर उक्त नाबालिक बच्चे को उसके माता-पिता तक पहुंचाने के आशय से गवाहों के समक्ष पाकसाफ हालत में सुपुर्द कर किया गया। इसी प्रकार सतना आरपीएफ पोस्ट पर 31 जुलाई को उप निरीक्षक प्रदीप कुमार तिवारी एवं आरक्षक सचिन शुक्ला द्वारा एक नाबालिग बालक को आरपीएफ पोस्ट के सामने घूमते हुए पाए जाने पर पूछताछ किया तो उसने अपना नाम प्रांशु यादव, उम्र 12 वर्ष, निवासी सतना मध्य प्रदेश बताया बालक को आरपीएफ पोस्ट पर लाया गया एवं सूचना चाइल्ड हेल्प लाइन सतना को दी गई।

# जिला न्यायालय में बैंक की शाखा खुलने से अधिवक्ताओं में हर्ष

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला न्यायालय परिसर में बैंक की शाखा खोलने की बहुप्रतीक्षित चली आ रहीं मांग मंगलवार को पूरी हो गई। दरअसल जिला न्यायालय परिसर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायधीश आलोक अवस्थी ने किया। जिससे वकीलों में काफी हर्ष नजर आया, क्योकि अब अपने कामों के लिये यहां वहां भटकना नहीं पड़ेगा। बैंक की शाखा खुलने को लेकर अधिवक्ता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व सचिव राजेश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों को धन्यबाद ज्ञापित किया है।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने बताया कि जब 1 नवम्बर 2018 को जिला न्यायालय नई बिल्डिंग में शिफ्ट हुआ था, उसके पूर्व से ही उन्होंने नये न्यायालय में बैंक और पोस्ट ऑफिस खुलने की बात की थी और इस संदर्भ मे तत्कालीन सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा को भी पत्राचार किया था। उन्होंने बताया कि अधिवक्ताओं के हितों को देखते हुये एवं उनकी बैंक संबंधित समस्याओं को देखते हुये उन्होंने एवं सचिव राजेश तिवारी द्वारा समय-समय पर उच्च न्यायालय मे पत्राचार किया। इस संबंध में उन्होनें पोर्टफोलियो न्यायाधीश सुजॉय पॉल से भी चर्चा की। साथ ही साथ वर्तमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी द्वारा भी इस संबंध में काफी कोशिश की। जिसका ही परिणाम है कि आज उनके द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी, सचिव राजेश तिवारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रीजिनल मैनेजर सनद सिन्हा व संघ के अन्य पदाधिकारीगण व विशेष न्यायाधीश गिरीश दीक्षित, सीजेएम आलोक सिंह, डीआर अंभुज श्रीवास्तव, न्यायाधीश विकास शुक्ला एवं अन्य न्यायाधीशों की उपस्थिति मे बैंक खुलने से जिला न्यायालय के समस्त अधिवक्ताओं मे हर्ष है।

**पोस्ट आफिस की डिमांड भी होगी पूरी- सैनी**

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने बताया कि पोस्ट ऑफिस की मांग को लेकर वे लगातार प्रयासरत है, आशा है कि जल्दी ही पूरी होगी। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सैनी एवं सचिव राजेश तिवारी ने पोर्टफोलियो न्यायाधीश सुजॉय पॉल एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी का आभार प्रकट किया।

## कदाचरण की शिकायत पर कई गुना फीस वसूली पर लीगल नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** कदाचरण करने वाले अधिवक्ता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिये दी जाने वाली शिकायत पर कई गुना फीस वसूलने का मामला गर्मा गया है। एडवोकेट अमित पटेल ने अधिवक्ता सतीश वर्मा के माध्यम से बीसीआई व एसबीसी अध्यक्ष और सचिव को लीगल नोटिस भेजकर बीसीआई द्धारा निर्धारित शुल्क 450 रुपये ही वसूल किये जाने की मांग की है। नोटिस में कहा गया कि अभी शिकायतकर्ता से 4 हजार से लेकर




55 सौ रुपये जमा कराये जाते है, जो कि गलत है। आवेदक का कहना है ज्यादा फीस लेने का मकसद शिकायतकर्ताओं को हत्सोहित करना है और ऐसे अधिवक्ता को बढ़ावा देना है जो की अपरोक्ष रूप से कदाचरण में लिप्त रहते हैं। जिससे सभ्य समाज में अधिवक्ताओं के सम्मानित पेशे की बदनामी होती है। नोटिस में कहा गया है कि बढ़ी हुई उक्त फीस जल्द ही वापस 450 नहीं की जाती है तो हाईकोर्ट की शरण ली जायेगी, ताकि शुल्क कम हो सके।

## सेवानिवृत्त कर्मियों को दे इंक्रीमेंट का लाभ: हाईकोर्ट

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश रवि विजय मलिमथ की अध्यक्षता वाली यगलपीठ ने जिला अदालत नरसिंहपुर से रिटायर कर्मियों को इंक्रीमेंट का लाभ दिए जाने के निर्देश दिये है। यह मामला प्रकाश चंद्र उमरे व उत्तम सिंह पटेल की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि वे क्रमश: 30 जून 2011 व 30 जून 2014 को सेवानिवृत्त हुए। लेकिन विशेष अभियान अंतर्गत सेवानिवृत्ति के उपरांत भी कार्य करते रहे। लिहाजा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत के अनुरूप आवेदन करके मांग की, कि भले ही सेवानिवृत्ति 30 जून को हुई किंतु एक जुलाई का इंक्रीमेंट लाभ प्रदान किया जाए। जिला रजिस्ट्रार से पात्रता न होने का तर्क देकर आवेदन निरस्त कर दिया। इसीलिए संयुक्त याचिका के जरिए हाईकोर्ट की शरण ली गई। हाईकोर्ट ने तथ्यों पर गौर करने के बाद जिला रजिस्ट्रार का आदेश निरस्त कर दिया। साथ ही एकलपीठ के एक अन्य पूर्व आदेश का हवाला देते हुए उसी के समकक्ष इंक्रीमेंट का लाभ दिए जाने की व्यवस्था दी।

## बर्खास्त होमगार्ड सैनिक हाईकोर्ट की शरण में

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक होमगार्ड सैनिक को बिना जांच सेवा से बर्खास्त करने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ के समक्ष शासन की ओर से निर्देश प्राप्त कर पक्ष रखने मोहलत चाही गई, जिसे स्वीकार कर न्यायालय ने मामले पर अगली सुनवाई 7 अगस्त को नियत की है।

छिंदवाड़ा के जगनु परतेती की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि याचिकाकर्ता और एक अन्य पुलिसकर्मी की ड्यूटी मालखाने में लगी थी। वहां से एक पिस्टल गायब मिलने पर याचिकाकर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई। उस पर पिस्टल चोरी का आरोप लगाया गया। इसके बाद उसे 2 मार्च 2021 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। आवेदक की ओर से कहा गया कि एक सिपाही ड्यूटी के लिए उक्त पिस्टल को ले गया था और मालखाने में जमा किए बिना ही वह छुट्टी पर चला गया। इस बीच याचिकाकर्ता के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया। इतना ही नहीं बाद में संबंधित सिपाही ने पिस्टल मालखाने में जमा भी करा दी, इसके बावजूद याचिकाकर्ता को बहाल नहीं किया गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है।

## जिला दंडाधिकारी व संभागायुक्त का आदेश निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने कटनी जिला दंडाधिकारी द्धारा जारी जिला बदर के आदेश को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने कहा कि जिला दंडाधिकारी ने केवल पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जिला बदर का आदेश पारित कर दिया, जोकि अनुचित है। उक्त मत के साथ न्यायालय ने जिला दंडाधिकारी और उसके बाद संभागायुक्त द्वारा जारी आदेश को निरस्त कर दिया।

कटनी निवासी हरिभान सिंह ने याचिका दायर कर उसके खिलाफ की गई जिला बदर की कार्रवाई को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय को बताया गया कि जिला दंडाधिकारी ने 13 सितंबर 2022 को जिला बदर का आदेश किया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने संभागायुक्त के समक्ष अपील प्रस्तुत की। कमिश्नर ने 30 दिसंबर 2022 को अपील भी निरस्त कर दी थी। आवेदक की ओर से कहा गया कि जिन अपराधों का जिक्र पुलिस अधीक्षक ने 2019 में किया था, उसी के आधार पर जिला बदर की कार्रवाई कर दी गई, जोकि अनुचित है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## गुण-दोषों के आधार पर करो निराकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा कि भूअर्जन मुआवजा बढ़ाने के लिए देरी से की गई अपील खारिज नहीं की जा सकती। चीफ जस्टिस रवि मलिमथ की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने उक्त मत के साथ संभागायुक्त जबलपुर के आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायालय ने कमिश्नर को निर्देश दिए कि मामले का गुण दोष के आधार पर निराकरण करें।

जबलपुर निवासी कविता गंगवानी की जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिये अर्जित की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि भू-अर्जन अधिकारी ने मुआवजे का निर्धारण बहुत कम किया था। इससे व्यथित होकर याचिकाकर्ता ने कमिश्नर के कार्यलय में अपील प्रस्तुत की थी। कमिश्नर ने अपील इस आधार पर खारिज कर दी कि उक्त अपील भू-अर्जन अवॉर्ड पारित होने के तीन वर्ष उपरांत प्रस्तुत की गई है। कमिश्नर के उक्त आदेश को याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि भू अर्जन अधिनियम एक लोक हित अधिनियम है, अत: समय बाधित होने के आधार पर अथवा अन्य किसी तकनीकी आधार पर मुआवजा बढ़ाने की अपील खारिज करना एक वैधानिक त्रुटि है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने संभागायुक्त का आदेश निरस्त करते हुए उक्त निर्देश दिये।


# पाटन चौराहे के सीसीटीवी कैमरा बंद, चोरी, एक्सिडेंट की घटनाओं की समय रहते नही लगती जानकारी

**पाटन देशबन्धु।** पाटन नगर के सीसीटीवी कैमरा बंद होने के कारण नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक्सिडेंट एवं चोरी की घटनाओं की जानकारी पता लगाने पुलिस को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। नगर के प्रेम सिंह,विजय यादव,विनय यादव,रमेश कुमार दीक्षित,अज्जू भाई,राम सिंह आदि लोगो ने बताया कि पाटन चौराहे पर जो सीसीटीवी कैमरा लगे है वे बहुत दिनों से बंद पड़े है यदि नगर में कोई अप्रिय घटना घटती है तो कैमरा बंद होने की वजह से आरोपियों की लोकेशन ट्रेस करने में पुलिस को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यदि हम पाटन सिविल कोर्ट चौराहे की बात करे तो इस चौराहे से शहपुरा,दमोह, कटंगी,जबलपुर की ओर चारो तरफ 24 घंटे यातायात बना रहता है और नगर के मेन चौराहे पर जो कैमरे लटके है उनकी हार्ड डिस्क एवं सीसीटीवी कैमरे आपरेट पाटन थाने से होते है ये सभी कैमरे नगर परिषद पाटन के द्वारा लगाए गए थे लेकिन बंद पड़े कैमरे की सुध लेने वाला कोई नहीं है। अब देखना होगा जिम्मेदारों की नीद कब खुलती है और कब नगर के सीसीटीवी कैमरे पुन: चालू होते है।

**इनका कहना है**

पाटन चौराहे के कैमरे काफी दिन से बंद है और इस संबंध में पाटन नगर परिषद सीएमओ नीलम गोवर्धन सिंह चौहान एवं नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह को अवगत कराया गया है उन्होंने बंद पड़े कैमरे को जल्द चालू करने की बात कही है। और नगर वासियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा मैने संबधित अधिकारियो को निर्देश दिए हैं जल्द ही चौराहे के सीसीटीवी कैमरे चालू हो जाएंगे।

**सुरेंद्र सिंह,**
**थाना प्रभारी पाटन**





## विधायक इंदु तिवारी ने विकास पर्व के बारहवें दिन मोहनिया पंचायत को दी 2 करोड़ 32 लाख रुपये की सौगात

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे विकास पर्व के बारहवें दिन पनागर विधायक सुशील इंदु तिवारी ने मोहनिया ग्राम पंचायत में 2 करोड़ 32 लाख रुपयों की लागत से बनाई जाने वाली मोहनिया से डूंडी रोड का भूमि पूजन किया, उक्त रोड के जर्जर होने के कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसके निर्माण हेतु ग्राम सरपंच अमरनाथ दुबे द्वारा बहुत दिनों से विधायक से रोड निर्माण की मांग की जा रही थी जिसका आज क्षेत्रीय विधायक ने भूमि पूजन कर मोहनिया ग्राम को सौगात प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थितआनंद जैन मिन्चु भैया, पश्चिम मंडल अध्यक्ष अनिल पटेल, ग्राम सरपंच अमरनाथ दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष दींनदयाल पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोनू खरे, सहित क्षेत्रीय ग्रामीणजनों ने विधायक जी को धन्यवाद प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया।

### सार-समाचार

## करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

### कार्यवाही नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**गोसलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा तहसील की ग्राम पंचायत मझगवां के कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय जनपद सदस्य द्वारा सड़क किनारे एक बोर्ड पर एक समाज के प्रति अभद्र भाषा लिखवाने से करणी सेना ने इस बोड पर लिखी भाषा पर एतराज जताते हुए सिहोरा पुलिस अनुभाग की एसडीओपी पारुल शर्मा को ज्ञापन सौंपकरउक्त बोर्ड को हटवाने की मांग के साथ जनपद सदस्य के ऊपर कड़ी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है साथ ही करणी सेना के पदाधिकारियों ने बताया की अगर शीघ्र ही कार्यवाही नहीं होती तो स्थानीय पुलिस थाने का घेराव किया जाएगा ज्ञापन सौपते वक्त पप्पू चौहान गनपत सिंह चौहान चिंटू ठाकुर बिट्टू ठाकुर अजय गौतम आदर्श चौहान कुलदीप ठाकुर मन ठाकुर आयुष सिंह अभिजीत सिंह संजल सिंह बाबू ठाकुर आदि करणी सैनिक उपस्थित थे।

## अनेक मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने दिया धरना

**सिहोरा,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई सिहोरा के अधिकारियों,कर्मचारियों, दैनिक वेतन भोगियों, कम्प्यूटर ऑपरेटर्स व पेंशनर्स कर्मचारियों का प्रांत




व्यापी संगठन के आव्हान पर अनेक मांगों को लेकर सिहोरा नगर पालिका कर्मचारी संघ ने नगर पालिका के बाहर कलम बंद हड़ताल की जिससे अपनी समस्याओं को हल करवाने पहुंचे अनेक हितग्राही परेशान रहे। प्रमुख मांगों में प्रदेश की निकायों के अधिकारी कर्मचारियों दैनिक वेतन भोगियों व स्थाई कर्मियों की न्यायोचित मांगों समस्याओं के संबंध में विगत दिनों प्रमुख सचिव व आयुक्त से सहमति पश्चात आदेश जारी नहीं हुए।मांगों में निकायों में कार्यरत 01 सितंबर 2016 तक के सभी संवर्गो दैनिक वेतन भोगियों का विनियमितीकरण करने निकायों में गत 30 वर्षो से कार्यरत सामुदायिक संगठकों को नियमित करना, निकायों में तृतीय / चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर पूर्व से कार्यरत स्थाई कर्मियों अथवा दैनिक वेतन भोगियें को नियमित किया जाना, निकायों को देय चुंगीकर / यात्रीकर / क्षतिपूर्ति राशि से अघोषित कटौती बंद करने तथा क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने पुरानी पेशन बहाल करने आदि की मांग शामिल हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी के अध्यक्ष आर पी शुक्ला,मनोज खम्परिया,संतोष सूर्यवंशी,रवि कुमार बर्मन द्वारका कोरी, विनोद पटेल, संजय पाठक, मंजू ठाकुर, मुकेश कुमार बिल्हा,सुजीत, पटेल,संतोष तिवारी,गगन पटेल,ज्योति शुक्ला,पूना बाई विश्वकर्मा,दामोदर बर्मन, अनिल गर्ग, संकलित पाठक,देवी सिंह साहू, सुखचैन दहिया, चमन श्रीवास,पवन श्रीवास्तव,यशिका गर्ग, अमर सिंह चौहान,राहुल ठाकुर,भैया जी दुबे,संदीप श्रीवास्तव, शिवम बंशकार,शिवम तिवारी,वीरेंद्र तिवारी, गोपाल भार्गव,राजेश दाहिया एवं समस्त कर्मचारी संघ के सदस्य हड़ताल में उपस्थित रहे।

## करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

### कार्यवाही नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**सिहोरा,देशबन्धु।** सिहोरा तहसील की ग्राम पंचायत मझगवां के कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय जनपद सदस्य द्वारा सड़क किनारे एक बोर्ड पर एक समाज के प्रति अभद्र भाषा लिखवाने से करणी सेना ने इस बोड पर लिखी भाषा पर एतराज जताते हुए सिहोरा पुलिस अनुभाग की एसडीओपी पारुल शर्मा को ज्ञापन सौंपकरउक्त बोर्ड को हटवाने की मांग के साथ जनपद सदस्य के ऊपर कड़ी कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारी की मांग की है। साथ ही करणी सेना के पदाधिकारियों ने बताया की अगर शीघ्र ही कार्यवाही नहीं होती तो स्थानीय पुलिस थाने का घेराव किया जाएगा ज्ञापन सौपते वक्त पप्पू चौहान गनपत सिंह चौहान चिंटू ठाकुर बिट्टू ठाकुर अजय गौतम आदर्श चौहान कुलदीप ठाकुर मन ठाकुर आयुष सिंह अभिजीत सिंह संजल सिंह बाबू ठाकुर आदि करणी सैनिक उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद में पदस्थ विनियमित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सफाई मित्र कर्मचारियों कलम बंद हड़ताल

**मझौली देशबंधु।** नगर परिषद मझौली मैं पदस्थ कर्मचारियों ,स्थायी कर्मियों ,नियमित , विनियमित, दैनिक वेतनभोगी, सफाई मित्र ,अस्थाई कर्मचारी, व सभी कर्मचारियों ओर अधिकारियों, कर्मचारियों-दैनिक वेतन भोगियों व स्थाई कर्मियों की न्यायोचित समस्याओं के संबंध में क्रमश दिनांक 30-07-2017. 28-04 2018 03-07-2018 24-09-2022, 20-12-2022 एवं 31-03-2023 को प्रमुख सचिव व आयुक्त महोदय से सहमति पश्चात् आदेश जारी नहीं हुए (1) निकायों में कार्यरत् 01 सितंबर 2016 तक सभी संवर्गो के देवे भोगियों का विनियमितिकरण किया जाना (2) निकायों में गत 30 वर्षो से कार्यरत सामुदायिक संगठकों को नियमित करना (3) निकायों में तृतीय / चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर पूर्व से कार्यरत् स्थाई कर्मियों अथवा देवे भोगियों को नियमित किया जाना (4) निकायों को देय चुंगीकर यात्रीकर क्षतिपूर्ति राशि से अघोषित कटौती बंद करने तथा क्षतिपूर्ति




राशि में वृद्धि करने (5) पुरानी पेंशन बहाल करने आदि गत 5 वर्षों में भी समस्याओं का निदान नहीं किया तथा निकाय कर्मी वेतन नहीं मिलने से आर्थिक तंगी व भीख माँगने को मजबूर हैं

विशेष बात यह है कि पूरे मध्यप्रदेश मैं सभी नगरी निकाय में अस्थाई कर्मचारी सफाई मित्रों की संख्या सर्वाधिक है और सबसे ज्यादा काम भी उन कर्मचारियों से लिया जाता है उसके बावजूद भी उनको शासन अनदेखी कर नियमित नहीं कर रही चाहे कंप्यूटर ऑपरेटर हो यह सफाई कर्मचारी हो यदि शासन-प्रशासन इनकी मांगों को पूरी नहीं करती और जो हड़ताल पर लंबे समय तक रहेंगे तो सभी नगरी निकाय का काम ठप हो जाएगा चाहे वह लाडली बहना योजना हो या किसी भी प्रकार की शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाएं ठंडे बस्ते में हो जाएंगे ।

## देर रात पुलिस अधीक्षक के बंगले से पकड़ा गया अजगर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सोमवार की देर रात अनूपपुर पुलिस अधीक्षक के बंगला परिसर में विचरण करते हुए एक 4 फीट के लगभग लंबा अजगर प्रजाति का सांप आ गया जिसे देख बंगले में लगे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया सांप के होने की जानकारी मिलने पर सर्पपहरियों ने देर रात स्थल पर पहुंचकर अजगर सर्प का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में ले जाकर स्वतंत्र विचरण के लिए छोड़ा। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के शासकीय बंगला में सोमवार की रात 10 बजे के लगभग कर्मचारियों ने परिसर में 4 फिट के लगभग का लंबा अजगर सांप को विचरण करते हुए देखा जो आसपास के क्षेत्र से विचरण करता हुआ बंगला परिसर में आ गया रहा को देखते ही कर्मचारियों में हड़कंप मचा इस दौरान पुलिस कंट्रोल रूम, कोतवाली थाना अनूपपुर, एसपी बंगला आदि के द्वारा जिले के सर्पपहरी शशिधर अग्रवाल को सूचना दिए जाने पर उनके द्वारा अपने सहयोगी छोटेलाल यादव को तत्काल अजगर के विचरण क्षेत्र में भेज कर 4 फीट लंबे अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया जिसे देर रात ही पोडी के जंगल में स्वतंत्र विचरण हेतु छोड़ा गया। ज्ञातव्य है कि अनूपपुर नगर के सामतपुर स्थित कलेक्टर कार्यालय, कलेक्टर बंगला, कलेक्टर परिसर का यह इलाका पूर्व में अनूपपुर नगर का जंगल का क्षेत्र रहा है विगत कई वर्षों पूर्व निरंतर कालोनियों, मकानों के बनने से वन्यप्राणी अनयंत्र चले गए हैं लेकिन विभिन्न प्रकार के सामान्य एवं जहरीले सर्प क्षेत्र में विचरण करते हैं जो वितरण करते हुए आबादी क्षेत्र में आ जाते हैं जिससे आम जनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## ''कर्मों की कुशलता ही योग है''

**पनागर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में ''स्वस्थ्य जीवन और कल्याण के लिये योग'' पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के स्वागत तथा शुभकामनाओं के साथ वेबिनार का प्रारंभ हुआ तथा वेबिनार के उद्देश्य एवं भूमिका के बारे में वेबिनार संयोजक अवधेश दुबे ने प्रकाश डाला।

ऑनलाइन विषय विशेषज्ञ के रूप में योगाचार्य इंजी. संजय श्रावण खोंडे नागपूर महाराष्ट्र ने योग की विभिन्न क्रियाओं, औषधियों तथा खान-पान से व्यक्ति स्वस्थ्य, निरोगी तथा सतायु हो सकता है, स्वस्थ्य जीवन के लिये योग अतिआवश्यक है पर प्रकाश डाला। दूसरे वक्ता के रूप में योगाचार्य योगेन्द्र श्रीवास्तव ने योग की परिभाषा, योग की व्युत्पत्ति, उद्देश्य तथा धारणाओं के




बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया साथ ही योग मुद्रा की अवधारणा को स्पष्ट किया। योग का विकास तथा व्यक्तियों में शारीरिक तथा मानसिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर के. के. दुबे क्रीड़ा अधिकारी शासकीय कन्या महाविद्यालय रांझी ने विषय प्रवर्तक के रूप में अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़कर लाभान्वित हुये। वेबिनार का संयोजन डॉ. लोकेन्द्र कुमार बोरकर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रशांत नामदेव ने कर भविष्य में इस प्रकार के आयोजन भौतिक रूप से उपस्थित होने हेतु वक्ताओं से आग्रह किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. शिवानी राय, डॉ. अंकिता पाठक, पूजा जैन, अभिषेक त्रिपाठी, शिवम् बर्मन, वीरेन्द्र कुमार कुर्मी का योगदान सराहनीय रहा। इस अवसर पर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार ऑनलाइन जुड़कर लाभान्वित हुआ।

## दर्शनार्थियों से भरी पिकअप पलटी, 30 घायल

**रीवा देशबन्धु।** मैहर देवी मंदिर में दर्शन के लिये जा रहे दर्शनार्थियों से भरी पिकअप रीवा में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हुआ जिस दौरान वाहन में सवार 30 लोग घायल हो गए जिनमें से 5 को गंभीर चोटे आई है। घायलों को फिलहाल उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दुर्घटनाग्रस्त हुये पिकअप वाहन में सवार लोग यूपी मिर्जापुर के रहने वाले है। जानकारी के मुताबिक उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर निवासी दो दर्जन से अधिक लोग पिकअप वाहन में सवार होकर मैहर देवी माता मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। दर्शनार्थियों से भरा यह वाहन रीवा पहुंचने के बाद रात तकरीबन 2 बजे रतहरा बायपास के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया।



### मिर्जापुर से मैहर जा रही थी दर्शनार्थियों से भरी पिकअप

देर रात हुये इस हादसे की खबर मिलते ही पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिये अस्पताल में दाखिल कराया है। हादसे में कुल 30 लोगों को चोंटे आई है जिनमें 5 लोगों को गंभीर चोटे आई है। हांलाकि यह हादसा कैसे हुआ यह साफ नहीं हो सका है। पुलिस ने फिलहाल मामले को जांच में लिया है और हादसे की वजह जानने का प्रयास कर रही है।

## गृह शांति की पूजा के बहाने महिला से बलात्कार

### वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा शास्त्री

**वीडियो वायरल होने पर महिला ने लिखवाई रिपोर्ट**

**कोलगवां थाना पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेजा**

**सतना, देशबन्धु।** खुद को शास्त्री बताने वाले एक कथित बाबा ने गृह शांति की पूजा के बहाने महिला से बलात्कार किया। उसका अश्लील वीडियो बनाया और फिर इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह दो साल तक महिला का बलात्कार करता रहा। कुछ दिनों पहले जब महिला के परिवार के सदस्य के पास वायरल वीडियो आया तो बात उजागर हुई। महिला ने पति और परिवार वालों के साथ जाकर कोलगवां थाना में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने बिना देर किए आरोपी को गिरफ्तार किया और मंगलवार को अदालत में पेश कर दिया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

**फायदा उठाता रहा शास्त्री**

फरियादिया ने पुलिस को बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व उसके पति का काम धंधा नही चल रहा था।

परेशान होकर उसने अभिषेक पांडेय को बताया। तब अभिषेक बोला कि वह गृह शांति की पूजा करा देगा तो सब ठीक हो जाएगा। बातों में आकर महिला अप्रैल 2021 में अभिषेक के घर पूजा कराने गई। तभी पूजा के बाद अभिषेक ने प्रसाद की मिठाई खिलाई। जिसे खाते ही महिला को चक्कर आने लगे



और फिर आरोपी अभिषेक ने उसके साथ बलात्कार करते हुए वीडियो बना लिया। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो वह वीडियो वायरल कर देगा।

**वायरल वीडियो देख उड़े होश**

पीड़िता का आरोप है कि अभिषेक पांडेय ने उसे ब्लैकमेल करते हुए कई बार उसकी मर्जी के खिलाफ बलात्कार किया है। कुछ दिन पहले 24 जुलाई को जब रिश्तेदार के मोबाइल पर वीडियो आया तब घर में इसकी बात उठी। वीडियो देख महिला ने परिवार के सामने हकीकत बयां कर दी। महिला का कहना है कि करीब तीन माह पूर्व अभिषेक पांडेय ने आखिरी बार उसके साथ संबंध बनाऐ थे। इस रिपोर्ट पर आरोपी अभिषेक पांडेय पिता ददोली प्रसाद निवासी मारूति नगर के खिलाफ आइपीसी की धारा 376, 376(2)(एन), 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाही की गइ।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना, देशबन्धु ।** कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार अभियोजन कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 17.03.2021 को फरियादी जीवनलाल आदिवासी वन श्रमिक पन्ना टाईगर रिजर्व रेज मड़ला ने थाना उपस्थित आकर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पुल के पास केन नदी में तैरने की सूचना दिया, सूचना पर मर्ग कायम कर मौके से जांच की गई ।


जांच के दौरान अज्ञात मृतक का गला आधा कटा एवं सिर मे पीछे तरफ भी चोटे होना पाया गया। मृतक की पहचान ट्रक ड्राईवर दुरगपाल प्रजापति नि. जाखलौन थाना जाखलौन ललितपुर उ.प्र. के रूप में हुई। मर्ग जांच में मृत्यु किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से गला काटकर एवं सिर मे पीछे चोट पहुंचाकर हत्या करना पाया जो अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध धारा 302, 201 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटना स्थल का नक्शामौका तैयार किया गया, मृतक के शव के पास से बरामद टोल टैक्सी की पर्ची से एकत्रित साक्ष्य के आधार पर संदेही ट्रक क्र. यूपी 94 टी 7624 के क्लिनर आनंद झा पिता कृष्णचन्द्र झा निवासी बालंगा जिला पुरी उड़ीसा हाल निवासी ललितपुर उ.प्र. के कब्जे से ट्रक क्र. यूपी 94 टी 7624 को मय कागजात के जप्त किया जाकर संदेही आनंद झा को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने भाड़ा के 72000 रूपये को लेकर ड्राईवर दुरगपाल से विवाद होना जिसमें दुरगपाल की हत्या करना जुर्म स्वीकार किया गया। आरोपी को दिनांक 18.03.2021 को गिरफ्तार किया गया।

## चीन में भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत

बीजिंग। चीन में बीजिंग के मेंटौगौ जिले में शनिवार शाम से शुरू हुई लगातार भारी बारिश के कारण सोमवार को दो लोग मृत पाए गए। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह सुचना दी। सोमवार सुबह जिले में एक आपातकालीन गश्त के दौरान नदी में पाए जाने पर दोनों लोगों में कोई जीवित नहीं थे। मेंटौगौ में कई स्टेशनों पर रात 8 बजे से शनिवार से सोमवार दोपहर तक दर्ज की गई औसत वर्षा 320.8 मिमी तक पहुंच गई थी। बीजिंग में मौसम विभाग के अधिकारियों ने सोमवार सुबह भारी बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी रखा है और चेतावनी दी है कि छोटी नदियों में अचानक बाढ़ और भूस्खलन हो सकता है।

### लगातार धमाकों से दहल रहा मॉस्को

# पुतिन के दफ्तर से 5 कि.मी. दूर यूक्रेन का बड़ा ड्रोन अटैक



**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग अब खतरनाक मोड़ ले रही है। अमेरिकी समेत यूरोप के तमाम देशों से हथियार मिलने के बाद यूक्रेन ने अब रूस की धरती पर हवाई हमले करने शुरू कर दिए हैं। रूस की राजधानी मॉस्को में तीन दिनों के भीतर तीसरा अटैक हुआ है। मंगलवार सुबह मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि ताजा हमले में कमर्शियल बिल्डिंग को निशाना बनाया गया।

यह हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दफ्तर से महज पांच किलोमीटर के अंदर हुआ है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडोमिर जेलेंस्की ने हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि अगर रूस ने उसकी धरती पर हमले नहीं रोके तो वो भी उनकी धरती दहलाने से पीछे नहीं हटेंगे। कहा कि अब रूस की धरती को दहलाने की बारी है। दूसरी तरफ पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर यूक्रेन ने हमले नहीं रोके तो वह चुप नहीं रहेंगे।

मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने मंगलवार को दिए एक बयान में कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने मॉस्को क्षेत्र को निशाना बनाने वाले कई ड्रोनों को मार गिराया है। हालांकि एक कमर्शियल इमारत को निशाना बनाया गया। रूस ने दोनों ड्रोन अटैक में किसी भी जनहानि से इनकार किया है। ताजा हमला रूसी राष्ट्रपति पुतिन के दफ्तर से पांच किलोमीटर दूर पर हुआ।

### जेलेंस्की बोले- अब रूस के दहलने की बारी

राजधानी मॉस्को पर ड्रोन हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी है कि रूस में युद्ध फिर से शुरू हो रहा है। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूसी क्षेत्र पर हमले यूक्रेन की तरफ से जवाबी कार्रवाई है। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन मजबूत हो रहा है।

**यूक्रेन के हवाई हमलों के बाद मॉस्को का एयरपोर्ट बंद**

यूक्रेन के रूसी धरती पर लगातार ड्रोन अटैक के बाद मॉस्को के वनुकोवो हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। मेयर सोबयानिन ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। कहा, ड्रोन अटैक से इमारत का 21वीं मंजिल का बाहरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। 150 वर्ग मीटर का ग्लेज़िंग टूट गया था।

**रूस का दावा- यूक्रेनी हमलों को नाकाम किया**

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को के पास ओडिंटसोवो और नारोफोमिंस्क जिलों में वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा दो ड्रोन नष्ट कर दिए गए।

ये ड्रोन नष्ट होने के बाद इमारतों पर गिरे, जिससे इमारतों को थोड़ा नुकसान हुआ है। रूस दुनिया के सामने भले ही यूक्रेनी हमलों को छोटा और निष्प्रभावी बता रहा हो लेकिन, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मॉस्को पर ड्रोन अटैक के बाद आम लोगों में भय का माहौल है।

# भेड़िया बन गया इंजीनियर, 20 लाख खर्च करके पूरा किया बचपन का सपना

**तोक्यो।** हाल ही में जापान में एक शख्स ने अपना कुत्ता बनने का सपना पूरा किया था। उसने इस सपने के लिए 12 लाख रुपये खर्च किए थे। अब जापान का ही एक शख्स उससे भी दो कदम आगे निकल गया है। जापानी युवक का सपना था कि वह भेड़िया बने। आखिरकर उसका यह सपना पूरा हो गया है। 20 लाख खर्च करके उसने एक ऐसा कॉस्ट्यूम तैयार करवाया है जिसे पहनने के बाद वह हूबहू भेड़िए जैसा लगने लगता है। अजीब शौक रहने वाले शख्स का नाम तोरू उएदा है और वह पेशे से इंजीनियर हैं। इसी साल की शुरुआत में उन्हें उनका फेवरिट सूट मिला था। उन्होंने इसे पहनकर फोटोशूट भी करवाया और सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को कॉस्ट्यूम उपलब्ध करवाने वाली मॉडलिंग कंपनी जेपेट वर्कशॉप ने इसे तैयार किया है।

32 साल का इंजीनियर का कहना है कि वह घर पर भी इस सूट को पहनकर आराम करता है। उन्होंने कहा 'भेड़िया बनने' के बाद मैं सारी परेशानियों को भूल जाता हूं। यूके के एक मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, यह कॉस्ट्यूम पहनने के बाद लगता है कि अब मैं इंसान नहीं हूं। मैं सभी इंसानी रिश्तों, परेशानियों, काम के प्रेशर को भूल जाता हूं।

उन्होंने कहा कि इस सूट को पहनने के बाद उन्हें अच्छा अनुभव मिलता है और खुद को ताकतवर महसूस करते हैं। जब मैं शीशे में देखता हूं तो खुद को भेड़िए की तरह पाता हूं। इससे काफी खुशी मिलती है। मैं कोई खतरनाक भेड़िया नहीं बनता हूं। मैं हिंसक भेड़िया नहीं हूं। जेपेट टीम से मुलाकात के दौरान उएदा ने कहा था कि वह एक ऐसा सूट चाहते हैं जो कि इंसान के आकार का हो लेकिन पहनने



के बाद एकदम रियल लगे। उन्होंने यह भी कहा था कि यह सूट पहनने के बाद चलने-फिरने में सुविधाजनक होना चाहिए। जापान के एक शख्स के लिए कुत्ते की पोशाक भी इसी कंपनी ने तैयार की थी। वह आदमी भी बचपन से ही कुत्ते की तरह दिखने का शौक रखता था। उसने कॉस्ट्यूम पहनने के बाद सड़क पर वॉक भी किया था और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसे भी दुनियाभर में खूब पसंद किया गया।

## ऑस्ट्रेलिया में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर में सवार चार सैनिक मृत घोषित

**सिडनी,** (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया में पिछले सप्ताह के अंत में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना के बाद लापता हुए चार ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों को मृत घोषित कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार को अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया सैन्य अभ्यास टैलिसमैन सेबर के दौरान हुई, जिसमें 30 हजार से अधिक सैनिक शामिल थे। दुर्घटना में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित 6वीं एविएशन रेजिमेंट के चार सैनिक लापता हो गए। श्री मार्लेस ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, शुक्रवार रात को एमआरएच-90 हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के बाद से, व्हिट्संडेज़ में होने वाली गतिविधियों से अब हेलीकॉप्टर के महत्वपूर्ण मलबे का पता चला है। अब कैप्टन ल्योन, लेफ्टिनेंट नुगेंट, वारंट ऑफिसर लेकॉक और कॉर्पोरल नैग्स को जीवित खोजने की उम्मीद खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना से संबंधित सभी चार सैनिकों के परिवारों को सूचना दे दी गयी है। इस घटना के बाद 21 जुलाई से चार अगस्त तक चलने वाले टैलिसमैन सेबर 2023 अभ्यास को निलंबित कर दिया गया।

## आज का इतिहास

1763- मुर्शिदाबाद पर कब्जे के बाद ब्रिटिश सेना ने गिरिया की लड़ाई में मीर कासिम को हराया।
1790- अमेरिका में पहली बार जनगणना की गई। उस समय अमेरिका की जनसंख्या 39 लाख के आसपास थी, जिसमें से करीब 7 लाख बंदी लोग थे।
1831- नीदरलैंड की सेना ने दस दिन के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।
1858- ब्रिटिश सरकार ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट पारित किया, जिसके बाद भारत का शासन ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश राजशाही के हाथ में चला गया। भारत में ब्रिटिश सरकार के शीर्ष प्रतिनिधि के रूप में वायसराय का ओहदा बनाया गया।
1870- लंदन में थेम्स नदी के नीचे दुनिया के पहले अंडरग्राउंड रेलवे की शुरुआत हुई।
1878- भारत के राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगे' की रचना करने वाले पिंगली वेंकैया का जन्म।
1922- चीन में समुद्री तूफान से लगभग साठ हजार लोगों की मौत।

## सुडोकू 6274


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 9 |
| 8 | 7 | 3 | | | | | 2 | 4 |
| | | | 3 | | 8 | 1 | | |
| 4 | | 7 | | 5 | | 2 | 1 | |
| | 6 | 5 | | | | 7 | 9 | |
| | 2 | 9 | | 7 | | 4 | | 5 |
| | | 8 | 5 | | 3 | | | |
| 7 | 5 | | | | | 3 | 8 | 1 |
| 9 | | | 6 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6274



**बायें से दायें:-**
१. कलाकार, गुणवान निपुण (उर्दू)
४. झंडा, ध्वज (उर्दू)
६. गति, चाल, वेग (उर्दू)
७. विफल (उर्दू)
८. बातचीत
१०. प्रार्थना करना, मांगना
११. गुत्थी, फंसाव, कठिनाई, चिंता
१३. नाइंसाफी
१४. हर्ष, पुलक
१५. बंददार, मर्दाना पहनावा
१७. लोभी
१९. विपदा, विपत्ति
२१. धनी, अमीर (उर्दू)
२२. चुभना, गड़ना, अनुचित जान पड़ना
२४. पछताना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**
१. आज्ञापत्र (उर्दू)
२. उदारमना (उर्दू)
३. बीच, मध्य (उर्दू)
४. पतंगा, लिखित, आज्ञा, आज्ञापत्र (उर्दू)
५. गाज, बिजली
९. समानार्थी
११. श्रम, उद्यम, उत्पादक जीवन के लिए आवश्यक सामग्री उत्पन्न करने का धंधा
१२. छोटी खिड़की, गवाक्ष
१३. पृथ्वी
१४. रोकने वाला
१५. बदलना, अंतरित करना
१६. बचा-खुचा
१८. बाहरी, इच्छा, लालसा
१९. युद्ध
२०. एड़ी के ऊपर की हड्डी की गांठ
२३. अनेक, विभिन्न

## वर्ग पहेली-6273



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सैनिक ने की खुदकुशी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सोमवार को एक सैनिक ने खुद को गोली मार ली। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। सैनिक द्वारा यह कदम उठाने के पीछे के कारण का पता लगाया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि कानून के तहत जांच शुरू कर दी गई है। अधिक विवरण की प्रतीक्षा है।

## ललन सिंह ने राजेश कुमार के निधन पर जताया दुख

**पटना।** जदयू के सांसद विजय कुमार मांझी के पुत्र के निधन पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह 'ललन' ने दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गया से लोकसभा में साथी सदस्य विजय कुमार मांझी के सुपुत्र राजेश कुमार के असामयिक निधन की दुःखद खबर सुनकर स्तब्ध हूं। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा विजय मांझी एवं उनके परिवार को एक जवान बेटे को खोने का दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## दुर्गा प्रसाद को कैट बिहार ने प्रदेश महासचिव किया नियुक्त

**पटना।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) बिहार अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कैट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल नोपानी व कैट राष्ट्रीय सचिव डा.रमेश गांधी की सहमति और वर्तमान चेयरमैन राजेश गुप्ता के परामर्श कर पटना के पुराने समाजसेवी दुर्गा प्रसाद गुप्ता को कैट बिहार का महासचिव नियुक्त किया गया है। इस पद पर पहले कैट राष्ट्रीय सचिव डा रमेश गांधी थे जो उनके राष्ट्रीय कमेटी में जाने से यह पद रिक्त था। दुर्गा प्रसाद गुप्ता के जुड़ने से संगठन को और मजबूती प्रदान होंगी। गुप्ता काफी समय से समाजसेवा के साथ साथ राजनीति से भी जुड़े हुए हैं यह पटना से एक राजनीतिक दल के तरफ से चुनाव भी लड़ चुके हैं।

# डोकसूरी तूफान से मरने वालों की संख्या 25 हुई, 20 लापता



**मनीला,** (एजेंसियां)। फिलीपींस में तूफान 'डोकसूरी' के कारण आयी बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 25 हो गई है और कम से कम 20 से अधिक लोग लापता हैं। देश की राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह फिलीपींस से डोकसूरी तूफान के दूर जाने के बाद भी यहां भारी बारिश जारी है। जिससे देश के कई हिस्से जल मग्न हैं। इस साल फिलीपींस में आने वाला छठा चक्रवाती तूफान 'खानुन' सोमवार को भी तीव्र होता जा रहा है, जिससे मेट्रो मनीला सहित पूरे देश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश बढ़ गई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने सोमवार को एक रिपोर्ट में कहा कि डोकसूरी ने उत्तरी फिलीपींस में 20 लोगों की जान ले ली, जबकि मेट्रो मनीला के पास के क्षेत्र में तीन और मध्य फिलीपींस में दो लोगों की मौत हो गई। एजेंसी ने कहा कि उत्तरी फिलीपींस में 20 और लोग लापता हैं। डकसूरी ने दक्षिण पूर्व एशियाई देश में लगभग ढाई लाख लोगों को प्रभावित किया।

## जापान में खानून तूफान के कारण 260 उड़ानें रद्द

**टोक्यो।** जापान में तूफान खानून के असर से यहां करीब 264 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एनएचके ब्रॉडकास्टर के अनुसार तूफान के सोमवार से मंगलवार तक ओकिनावा और अमामी के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में पहुंचने की उम्मीद है। जापान एयरलाइंस (जेएएल) ने तूफान के करीब आने पर आज 67 उड़ानें रद्द कर दी हैं, जबकि ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) ने भी आज 73 उड़ानें और मंगलवार को 124 उड़ानें रद्द कर दी हैं। जापानी अधिकारियों ने ओकिनावा और अमामी निवासियों को चेतावनी दी है कि खानून तूफान से ऊंची लहरें, भूस्खलन और बाढ़ आ सकती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने घरेलू हिंसा से सुरक्षा के लिए विशेषज्ञ टीम बनाई



**सिडनी, ( एजेंसियां )।** ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के पुलिस बल ने राज्य में घरेलू और पारिवारिक लक्षित हिंसा की रोकथाम, व्यवधान और जांच प्रतिक्रियाओं को चलाने के लिए एक नई रजिस्ट्री स्थापित की है। एनएसडब्ल्यू पुलिस आयुक्त करेन वेब ने इसकी स्थापना की घोषणा करते हुए रविवार को कहा कि घरेलू और पारिवारिक हिंसा रजिस्ट्री में घरेलू और पारिवारिक हिंसा के मुद्दों में विशेषज्ञता वाले अधिकारी हैं और घरेलू और पारिवारिक हिंसा की घटनाओं पर सलाह, मार्गदर्शन और प्रतिक्रिया प्रदान करने की 24 घंटे की क्षमता है। वेब ने कहा, घरेलू और पारिवारिक हिंसा आज के सबसे चुनौतीपूर्ण और जटिल सामुदायिक मुद्दों में से एक है; यह एक महामारी की तरह महसूस होती है। इसे बदलने का समय आ गया है।

## ओडिशा के रायगढ़ा में निर्माणाधीन पुलिया ढही, पांच की मौत

**भुवनेश्वर, (एजेंसियां)।** ओडिशा के रायगढ़ा जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन पुलिया के अचानक ढह जाने से चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना रायगढ़ा जिले के कल्याणसिंगपुर ब्लॉक में सुबह करीब 11 बजे हुई। लोग पुलिया के पास जमा बारिश के पानी में नहा रहे थे और गलती से निर्माणाधीन पुलिया के पास चले गए, जिसका निर्माण ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और अग्निशमन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। ओडिशा के कानून मंत्री जगन्नाथ साराका, स्थानीय विधायक मकरंद मुदुली और रायगढ़ा के एसपी विवेकानंद शर्मा ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।


**जागरूक** *जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ड्रोन चुनौतियों, उससे निपटने को लेकर अधिकारियों को किया जागरूक*

# ड्रोन के जरिए गिराई जाने वाली सामग्रियों पर जताई चिंता

**जम्मू, (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की पुलिस ने ताजा नई चुनौतियों से निपटने के लिए सुरक्षा बलों के जवानों को जागरूक करने तथा ड्रोन के जरिए जासूसी या हमला करने की कोशिश लगातार बढ़ते मामलों को लेकर जांच अधिकारियों को शिक्षित करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विस्तृत प्रस्तुति दी गई।**

इस बैठक की अध्यक्षता राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल ने की। पुंछ के पुलिस अधीक्षक विनय शर्मा ने अधिकारियों का स्वागत किया और ड्रोन चुनौतियों तथा जांच अधिकारियों के सामने आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। वहीं डीआईजी मुगल ने ड्रोन का परिचय, इसकी विशेषताओं, कार्यप्रणाली और नियंत्रण के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी।

ड्रोन के बारे में अधिकारियों को वीडियो और कागजी तौर पर जानकारियां दी गईं। इस दौरान ड्रोन की चुनौतियों से निपटने के उपाय को लेकर अधिकारियों ने चर्चा की, क्योंकि उन्हें जांच की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। मोहम्मद हसीब मुगल ने कहा कि जब अधिकारी ड्रोन के मामले की



■ **ड्रोन की मूल तकनीक को लेकर आयोजित होने वाली शिविरों में भाग लेने की अपील की**

जांच कर रहे हैं, तो उन्हें एहतियात बरतने की जरूर होगी। उन्होंने बताया कि इस मामले की पहचान, साक्ष्य को सुरक्षित करना और फॉरेंसिक जांच को कैसे संग्रहित करना है। डॉ.मुगल मौजूदा समय में ड्रोन की चुनौतियों के प्रति जागरूकता पर प्रकाश डाला और अधिकारियों से ड्रोन की मूल तकनीक को लेकर आयोजित होने वाली शिविरों में भाग लेने लेने की अपील की।

उन्होंने सीमा के पास ड्रोन के जरिए गिराई जाने वाली सामग्रियों तथा उससे संबंधित अपराध को लेकर चिंता जताई। राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल नेउन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपनी जानकारी में बढ़ोतरी करने तथा इस तरह के अपराध की जांच में व्यवहारिक कौशल को बढ़ाने की आवश्यकता है।

राजौरी पुंछ रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ.मोहम्मद हसीब मुगल ने अधिकारियों को ड्रोन के साथ उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों के बार में बताया और कहा कि कैसे मामलों की जांच के दौरान अपराधों को प्रमाणित करने के लिए उन्हें एकत्र/संरक्षित, विश्लेषण और उपयोग करना है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि ज्ञान और कौशल को बनाए रखने के लिए ऐसी प्रस्तुतियां आरपीएचक्यू राजौरी नियमित तौर पर आयोजित होगी, ताकि भविष्य में अभूतपूर्व तकनीकी चुनौतियों-अपराधों से निपटने के लिए फील्ड अधिकारियों को तैयार किया जा सके। वहीं, एसएसपी ने पुंछ के पुलिस अधिकारियों के लिए इतनी मूल्यवान और जानकारी से भरी प्रस्तुति देने के लिए डीआइजी आरपी रेंज को धन्यवाद दिया।

# खेल जगत

## सिनसिनाटी मास्टर्स में युगल खेलेंगे जोकोविच

**ओहियो ( अमेरिका ),** 1 अगस्त (एजेंसियां)। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने सोमवार को जारी प्रवेश सूची के अनुसार, सिनसिनाटी मास्टर्स में हमवतन निकोला कैसिक के साथ युगल ड्रॉ के लिए साइन किया है, जो यूएस ओपन से पहले उनका एकमात्र अभ्यास कार्यक्रम है। 23 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता की एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के एकल के लिए पहले ही पुष्टि हो चुकी थी, जो 13-20 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। यह पहली बार नहीं होगा जब जोकोविच युगल स्पर्धा खेलेंगे। इससे पहले, उन्होंने साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने सफल खिताब से पहले युगल खेला था जब उन्होंने एडिलेड ओपन में वासेक पोस्पिसिल के साथ जोड़ी बनाई थी, लेकिन यह जोड़ी पहले दौर में हार गई थी। विंबलडन फाइनल में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक पहले विश्व नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के खिलाफ हार के बाद से सर्बियाई खिलाड़ी एक्शन से बाहर है।



# इंग्लैंड के अब तक के सबसे महान कप्तान बनेंगे बेन स्टोक्स : माइकल वॉन




**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट टीम के नेतृत्व के लिए बेन स्टोक्स की प्रशंसा की है और उनका मानना है कि इस ऑलराउंडर में टीम के क्रिकेट इतिहास के महानतम कप्तानों में से एक बनने की क्षमता है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड ने सोमवार को समाप्त हुई एशेज श्रृंखला में दमदार वापसी की। 0-2 से सीरीज में पिछड़ने के बावजूद इस टीम ने वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से बराबरी पर खत्म की। इंग्लैंड आसानी से 3-2 से सीरीज जीत सकता था अगर मैनचेस्टर टेस्ट, जहां उनका दबदबा था, बारिश के कारण ड्रॉ पर समाप्त नहीं हुआ होता।

वॉन ने कहा, वह केवल 14 महीनों से टीम की कमान संभाल रहा है, लेकिन पहले से ही वह इंग्लैंड के महानतम कप्तानों में से एक है। मुझे लगता है कि समय आने पर उन्हें इंग्लैंड का अब तक का सबसे महान टेस्ट कप्तान माना जाएगा। द टेलीग्राफ के लिए अपने कॉलम में वॉन ने लिखा, कप्तान के रूप में स्टोक्स ने अब 18 में से 13 टेस्ट जीते हैं, जो अविश्वसनीय है। लेकिन आप एक गहरे प्रभाव के बारे में भी सोच रहे हैं। मुझे लगता है कि आने वाले समय में स्टोक्स को ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने में मदद की - और यह निश्चित रूप से एक आदर्श विरासत है। उन्होंने आगे कहा कि स्टोक्स को भविष्य में एक ऐसे कप्तान के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने टीम में अपने खिलाड़ियों के साथ टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके को बदलने की कोशिश की। यह एशेज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई है, लेकिन दोनों कप्तानों में स्टोक्स की तुलना में पैट कमिंस के लिए सवाल ज्यादा होंगे। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि स्टोक्स क्या हासिल करना चाह रहे हैं। फिलहाल, वह इंग्लैंड में मौजूद सभी प्रतिभाओं से सर्वश्रेष्ठ हासिल करना चाहते हैं और उन सभी को यह सोचने पर मजबूर करना चाहते हैं कि वे कितने अच्छे हो सकते हैं। एशेज के बाद इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे। वॉन को उम्मीद है कि इंग्लैंड भारत में टेस्ट सीरीज के दौरान स्टोक्स के नेतृत्व में अपना अति-आक्रामक खेल खेलना जारी रखेगा।

## इंग्लैंड क्रिकेट और बेहतर हो सकता है : रिकी पोंटिंग

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सोमवार को खत्म हुई एशेज सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद सीरीज का स्कोर 2-2 करने के बाद इंग्लैंड एक टेस्ट टीम के रूप में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने चीजों में बदलाव करना शुरू कर दिया है। पोंटिंग ने कहा, यदि आप उनके पास मौजूद खिलाड़ियों को देखें, तो मुझे नहीं लगता कि ब्रेंडन मैकुलम (मुख्य कोच) उन्हें ज्यादा कुछ कह रहे हैं। वह बस इतना बोल रहे हैं, बाहर जाओ और अपने तरीके पर भरोसा करो। यह एक युवा टीम है, कुछ लोगों ने बहुत अधिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। हैरी ब्रुक, बेन डकेट और जैक क्रॉली सभी अभी भी सुधार कर सकते हैं। इंग्लैंड बेहतर होगा, बस चीजों में थोड़ा बदलाव करते रहें। हालांकि पहली दो सीरीज़ हारने के बाद इंग्लैंड बैकफुट पर था, पोंटिंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इंग्लैंड अपने अति-आक्रामक दृष्टिकोण से पीछे नहीं हटा और उसने इस सीरीज में कुछ सबक भी सीखे। इंग्लैंड के पास पहले दो टेस्ट मैचों में मौके थे और उन्हें पता था कि उनकी शैली ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले खरी है। जब भी हमने उनसे बात की तो आप स्टोक्स-मैकुलम या सभी खिलाड़ियों की बातों में झलक रहे आत्मविश्वास को सुन सकते थे। उन्होंने कहा, वो इस बात पर अटल थे कि वह क्या करना चाहते थे और कैसे खेलना चाहते थे। मुझे लगता है कि उन्होंने इस दौरान बहुत कुछ सीखा है। इंग्लैंड का अगला टेस्ट असाइनमेंट अगले साल 25 जनवरी से 11 मार्च तक भारत की पांच मैचों की श्रृंखला की यात्रा है, जिसमें हैदराबाद, विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और धर्मशाला में मैच खेले जाएंगे।

# एशियाई खेलों में पहली बार हिस्सा लेगी भारतीय सॉफ्टबॉल टीम



**नई दिल्ली।** चीन के हांग्झोउ में 23 सितंबर से होने वाले एशियाई खेलों में भारत पहली बार सॉफ्टबॉल के खेल में प्रतिस्पर्धा करेगा। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ ने एक विज्ञप्ति में कहा कि एशियाड में हिस्सा लेने के लिये 16-सदस्यीय महिला टीम का चयन किया गया है। टीम चयन के लिये संभावितों की सूची के लिये परीक्षणों के बाद जून-जुलाई में दो सप्ताह के कोचिंग कैंप और परीक्षणों का आयोजन किया गया था। इस टीम में तीन अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी चुना गया है।

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन महाराष्ट्र ने भारतीय टीम में सबसे अधिक खिलाड़ियों का योगदान दिया। राज्य की पांच लड़कियों को राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, जबकि केरल और पंजाब से क्रमश: तीन और दो खिलाड़ियों को चुना गया है। छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से एक-एक खिलाड़ी ने टीम में जगह बनायी है। सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा, एशियाई खेलों में भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम की भागीदारी हमारे खिलाड़ियों के लिये चमकने और महाद्वीप की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपनी योग्यता साबित करने का अवसर है। इसके अलावा, यह उपलब्धि युवा एथलीटों, विशेषकर लड़कियों की भावी पीढ़ियों को सॉफ्टबॉल को पसंदीदा खेल के रूप में अपनाने के लिये प्रेरित करेगी।

उल्लेखनीय है कि सॉफ्टबॉल पहली बार एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहा है। भारत को एशियाई चैंपियनशिप में नियमित भागीदारी के आधार पर एशियाई खेलों में वाइल्ड कार्ड प्रवेश दिया गया है।

एशियाई खेलों के लिये भारतीय सॉफ्टबॉल टीम : ऐश्वर्या रमेश पुरी, ऐश्वर्या सुनील बोडके, मोनाली मानसिंग नातू, स्वप्नाली सी वेडनेड, सई अनिल जोशी, अंजलि पल्लिकरा, स्टेफी साजी, रिंटा चेरियन, ममता गुगुलोथ, गंगा सोना, ममता मिन्हास, संदीप कौर, कुमारी मनीषा, ईशा, स्वेतासिनी सबर, नित्या मालवी, प्रियंका बघेल (स्टैंडबाय)।

अतिरिक्त खिलाड़ी : मनीषा कुमारी, प्रीति वर्मा, चित्रा।

## महिलाओं की 50 मीटर 3पी में सिफ्ट कौर, आशी चौकसे 1-2 से आगे रहीं, भारत ने दो स्वर्ण जीते



**चेंगदू (चीन)।** राइफल निशानेबाज सिफ्ट कौर समरा और आशी चौकसे ने स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारतीय निशानेबाजों ने मंगलवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन 31वें एफआईएसयू विश्व विश्वविद्यालय खेलों में चमक जारी रखते हुए दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। मंगलवार को इन चार पदकों के साथ भारत और चीन निशानेबाजी में 13 पदकों के साथ पहले स्थान पर रहे। भारत के 4 स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक की तुलना में चीन आठ स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा। सिफ्ट कौर और आशी महिलाओं की 50 मीटर एयर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में पहले और दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि ये दोनों उस टीम का हिस्सा थीं, जिसने मंगलवार को महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था। अर्जुन चीमा, वरुण तोमर और अनमोल जैन की पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की राइफल स्पर्धा में, सिफ्ट कौर शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 462.9 का स्कोर किया और हमवतन आशी चौकसे से आगे रहीं, जिन्होंने 461.6 का स्कोर करके रजत पदक जीता। चीन की वांग ज़ेरू ने 451.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में तीसरी भारतीय मानिनी कौशिक पहली दो श्रृंखलाओं में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहने के बाद बाहर होने वाली पहली खिलाड़ी थीं। सिफ्ट पहली दो श्रृंखलाओं में 154.1 और 166.8 के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ आयीं, जिसमें सभी स्कोर 50-प्लस रेंज में थे। आशी ने पहली श्रृंखला की शुरुआत घुटना टेककर 49 और प्रोन तथा खड़े दोनों स्थितियों में 50.4 और 50.6 के साथ की। उन्होंने दूसरी सीरीज में 52.0, 52.6 और 52.5 का स्कोर किया और खुद को पदक की दौड़ में बनाए रखा। अगली श्रृंखला में सिफ्ट ने 50.7 और 51.5 का स्कोर किया जबकि आशी ने 52.2 और 51.6 का स्कोर किया। सिफ्ट ने अपना पलड़ा भारी रखते हुए आशी को दूसरे स्थान पर धकेलते हुए स्वर्ण पदक जीता। आशी, मानिनी और सिफ्ट की भारतीय महिला टीम ने फाइनल में 194 इनर 10 के साथ 3527 अंकों का कुल स्कोर हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। चीन ने 3523 (173 टेन) के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और चेक गणराज्य ने 164 इनर 10 के साथ 3501 के साथ कांस्य पदक जीता।

सिफ्ट कौर ने 1180 (66 टेन) के स्कोर के साथ भारत के लिए स्कोरिंग का नेतृत्व किया, जिसमें आशी ने 1174 (67 टेन) और मानिनी कौशिक ने 1173 (61 टेन) का योगदान दिया। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में, वरुण तोमर, अर्जुन सिंह चेमा और अनमोल जैन की भारतीय टीम 1730 अंक और 57 इनर 10 स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वे दक्षिण कोरिया से पीछे रहे और चीन 1742 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर रहा।

# हमें हाल ही के रणनीतिक बदलावों को एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में लागू करने के मकसद से उतरेंगे : फुल्टन

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्पेन में स्पेन हॉकी संघ की शताब्दी के मौके पर पर आयोजित चार देशों के अंतरराष्ट्रीय पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में नीदरलैंड को 2-1 से हरा तीसरे स्थान पर रहने के बाद बहु-प्रतीक्षित एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नै 2023 में शिरकत करने के लिए मंगलवार सुबह चेन्नई पहुंच गई। चेन्नै पहुंच टीम एक इकाई के रूप में अपनी रणनीतिक योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कड़े अभ्यास में जुट गई। मेजबान भारतीय टीम चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सबसे कामयाब टीम है और इन दोनों टीमों ने अब तब तक यह खिताब तीन-तीन बार जीता है। भारत अब अपने घर चेन्नै में रिकॉर्ड चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीत नया इतिहास रचने के मकसद से उतरेगा। इसमें भारत, पाकिस्तान, चीन, दक्षिण कोरिया, जापान और मलयेशिया सहित कुल छह टीमें शिरकत करेंगी। भारत अपने अभियान का आगाज बुधवार को पहले दिन के अंत चीन के खिलाफ मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में आखिरी मैच से करेगा। छह टीमें इसमें राउंड रॉबिन लीग आधार पर खेलेंगी और हरेक टीम पांच-पांच मैच खेलेगी और अंकों के आधार पर शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी। भारत की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों और टीम के हाल ही के प्रदर्शन की बाबत चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, %मेरा मानना है कि हमने स्पेन में हाल ही सम्पन्न चार देयों के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। हमने बीते दस दिनों और में वाकई कुछ मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीमों के खिलाफ बढ़िया खेल दिखाया। हम जैसे खेलना पसंद करते हैं हमने उस तरह खेलना शुरू कर दिया है। हमने अपने हाल ही के मैचों में अपने खेल में कुछ रणनीतिक बदलाव किए हैं। अब एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में इन रणनीतिक बदलावों को लागू करने के मकसद से उतरेंगे। हम एशियन चैंपियंस ट्रॉफी को एशियाई खेलों की तैयारियों के मंच के रूप में इस्तेमाल करेंगे।




### हमारी भारतीय हॉकी टीम के लिए अगले दो महीने बहुत महत्वपूर्ण : हरमनप्रीत सिंह

दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार से चेन्नई में शुरू हो रही आगामी हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, चेन्नै 2023 और अगले महीने हांगजू (चीन) में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम की तैयारियों की बाबत हॉकी ते चर्चा में खुल कर बोले। भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत सीधे 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने के मकसद से उतरेगी। हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी और एशियाई खेलों जैसे अहम टूर्नामेंटों के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मेंटल हेल्थ कंडीशनिंग कोच पैडी अपटन को नियुक्त कर उनके मार्गदर्शन मेंटल कंडीशनिंग शिविर के साथ नीदरलैंड के जाने माने गोलकीपिंग कोच डैनिस वान डी पोल की भारतीय गोलरक्षकों के लिए खास शिविरों की अहमियत पर चर्चा की। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, %हमारी भारतीय हॉकी टीम के लिए अगले दो महीने बहुत महत्वपूर्ण हैं। हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में हमें हांगजू एशियाई खेलों से पहले बढ़िया मैच खेलने को मिलेंगे। यह हमारे खिलाडियों के लिए अच्छा अनुभव होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमने अपनी जिन रणनीतियों पर मेहनत की है उन्हें अमली जामा पहनाए। मेरा मानना है कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट हमारे लिए खिलाडियों के अहम होगा। अनुभवी पैडी अपटन जैसे मेंटल कंडीशनिंग कोच और डेनिस जैसे गोलकीपिंग कोच से सीखना हमारे गोलरक्षको के लिए बेहद अहम है और इसका बहुत फर्क पड़ेगा।

■ हम जैसा खेलना पसंद करते हैं, वैसा खेलना शुरू कर दिया है

## हमें हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा : हार्दिक सिंह

भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक सिंह ने टीम के स्पेन में प्रदर्शन की तारीफ की और कहा, हमने नीदरलैंड के खिलाफ मैच में 2-1से जीत के साथ स्पेन मे टूर्नामेंट में तीसरा स्थान पाने के साथ पिछले कुछ मैचों में बढ़िया प्रदर्शन किया। अब जहां तक एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने खेल में सुधार की बात है तो मेरा मानना है कि हमें मैच में सकारात्मक शुरुआत के लिएं शुरू से आखिर तक तेज रफ्तार हॉकी खेलनी होगी। मेरा मानना है कि एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शिरकत करने वाली हर टीम बढिया है और मजबूत चुनौती पेश करेगी। हमें इसीलिए हर मैच में खुद को शिद्दत से तैयार करना होगा और हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।' हार्दिक सिंह ने मस्कट में 2018 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी से भारत के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया और वहां पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल बारिश के धुलने से दोनों टीम संयुक्त विजेता रही थी। हार्दिक कहते हैं, %यह मेरा भारत के लिए पहला अहम टूर्नामेंट था, लेकिन मैं किसी दबाव में नहीं क्योंकि मैं जानता था कि मुझे अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ देना है। स्पेन में हाल ही हुए चार देशों के अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट के दौरान मैंने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में खेलने कर भारत के लिए सौ अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए और मेरे लिए यह बड़े गर्व की बात है मुझे भारत के लिए खेलने का इतना मौका मौका मिला।

## सार संक्षेप

### एशेज एक हेवीवेट बॉक्सिंग मैच की तरह है : ब्रैंडन मैकुलम

**लंदन।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने द ओवल में पांचवें और अंतिम मैच के बाद एशेज श्रृंखला की तुलना दो हैवीवेट मुक्केबाजों के बीच मुकाबले से की, जिसमें दोनों पक्षों की जबरदस्त ताकत पर जोर दिया गया। ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड ने पैट कमिंस की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलिया को 49 विकेट से हरा दिया। इंग्लिश टीम की इस जीत के साथ ही इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच एशेज सीरीज 2-2 की बराबरी पर खत्म हुई। हालांकि एशेज कलश ऑस्ट्रेलिया के पास ही रहा। सीरीज ड्रॉ पर खत्म होने के बाद इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने बड़ा बयान दिया है। मैकुलम ने कहा, इस श्रृंखला का हिस्सा बनना अद्भुत है। विपरीत शैलियों वाली दो अविश्वसनीय क्रिकेट टीमें हेवीवेट बॉक्सिंग लड़ाई की तरह हैं। यह वाकई खास था मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि जिस तरह से हमारे लड़के पूरी सीरीज के दौरान हम जो करना चाहते हैं उसके प्रति बहुत मजबूत रहे। मैकुलम ने स्टार तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड की भी सराहना की, जिन्होंने श्रृंखला के अंत में अपने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया।

### चीन को रौंदकर ग्रुप-डी के शीर्ष पर इंग्लैंड

**एडिलेड।** लौरेन जेम्स के दो दर्शनीय गोलों के दम पर इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के एकतरफा मुकाबले में चीन को 6-1 से रौंदकर ग्रुप-डी तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। हिंडमार्श स्टेडियम पर इंग्लैंड की इस विशाल जीत में लौरेन ने 41वें और 65वें मिनट में गोल किये, जबकि एलिसिया रूसो, लौरेन हेम्प, क्लोई केली और रेचल डेली ने एक-एक गोल का योगदान दिया। विश्व कप के आठ आयोजनों में पहली बार ग्रुप चरण में बाहर होने वाले चीन की ओर से सिर्फ वांग शुआंग (57वां मिनट) ही गोल कर सकीं।

# उम्मीद करता हूं कि बुमराह भविष्य में चोटों से मुक्त रहें : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह भारतीय टीम में जसप्रीत बुमराह की वापसी से खुश हैं और कामना करते हैं कि तेज गेंदबाज भविष्य में चोट मुक्त रहें। इंजरी के कारण 10 महीने तक टीम इंडिया से बाहर रहे जसप्रीत बुमराह आयरलैंड के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए कप्तान बनाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में हरभजन ने बुमराह को उनके ठीक होने पर बधाई दी और तेज गेंदबाज को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

हरभजन ने कहा, जसप्रीत बुमराह ने वापसी की है। वह लंबे समय से चोटिल थे और सबको उनकी वापसी का इंतजार था। वह वापस आ गए हैं और सीधे कप्तान बना दिए गए हैं। जस्सी को कप्तान बनने के लिए बधाई और सबसे महत्वपूर्ण फिट होने के लिए। मैं कामना करता हूं कि जस्सी फिर से घायल न हो जाएं। बुमराह काफी समय से एक्शन से दूर हैं। इंजरी के कारण वो ऑस्ट्रेलिया में पुरुष टी20 विश्व कप से भी चूक गए।साथ ही यूएई में हुए एशिया कप में भी वो नजर नहीं आए। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए वापसी का प्रयास किया। लेकिन वो इसमें सफल नहीं हुए।

हरभजन ने कहा कि बुमराह तेज गेंदबाजी विभाग में उतना ही महत्व रखते हैं जितना कि विराट कोहली बल्लेबाजी में रखते हैं। उन्हें बहुत याद किया गया है, चाहे आप डब्ल्यूटीसी फाइनल देखें या उससे पहले खेले गए क्रिकेट को देखें। मैं पहले भी कहता था और आज भी कह रहा हूं कि अगर हम बल्लेबाजी के बारे में बात करते हैं, तो हम विराट कोहली के बारे में बात करते हैं, और अगर गेंदबाजी में कोई विराट कोहली हैं, तो वह हैं जसप्रीत बुमराह। उनसे बड़ा कोई नाम नहीं है। इस गेंदबाज ने 60 टी20 में 6.62 की इकॉनमी रेट के साथ 70 विकेट लिए हैं।




जसप्रीत बुमराह ने वापसी की है। वह लंबे समय से चोटिल थे और सबको उनकी वापसी का इंतजार था। वह वापस आ गए हैं और सीधे कप्तान बना दिए गए हैं। जस्सी को कप्तान बनने के लिए बधाई और सबसे महत्वपूर्ण फिट होने के लिए। मैं कामना करता हूं कि जस्सी फिर से घायल न हो जाएं : हरभजन सिंह

# स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारित होगा महिला विश्व कप सुपर-16 चरण

**मुंबई।** भारत के प्रमुख खेल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में जारी फीफा महिला विश्व कप 2023 के सुपर 16 चरण के प्रसारण अधिकार हासिल किये हैं। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्टार स्पोर्ट्स ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसके चैनलों पर टूर्नामेंट के सुपर-16 मुकाबलों के लाइव प्रसारण के अलावा ग्रुप चरण मुकाबलों की हाइलाइट्स भी दिखाई जायेंगी। प्रसारणकर्ता सेमीफाइनल और फाइनल के लिये क्षेत्रीय भाषा की कमेंट्री जोड़कर टूर्नामेंट के कवरेज को बढ़ाने की भी योजना बना रहा है। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने फीफा विश्व कप 2023 के साथ जुड़ाव पर कहा, फीफा महिला विश्व कप 2023 महिलाओं के खेल का अंतिम प्रदर्शन और उत्सव है। यह खेल में रुचि रखने वाली या आगे बढ़ने की इच्छुक लड़कियों के लिये प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा, यह उन लाखों प्रशंसकों के लिये एक बड़ा आकर्षण है जो फुटबॉल की सर्वश्रेष्ठ पेशकश देखने की इच्छा रखते हैं। हम इस साझेदारी को महिलाओं के खेल की यात्रा में एक मील के पत्थर के रूप में देखते हैं। फीफा महिला विश्व कप 2023 का आयोजन 20 जुलाई से ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में हो रहा है। टूर्नामेंट के सुपर-16 चरण की शुरुआत पांच अगस्त को होगी, जबकि फाइनल 20 अगस्त को खेला जायेगा।




## सुडोकू 6274 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 3 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 |


| SENSEX | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 66527.67 ▲ | 367.44 | NSE | 19753.80 ▲ | 107.75 | MCX | Gold | 59485 ▲ | 58 | silver 74960 ▲ 901 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## शुरुआती कारोबार में रुपया सात पैसे गिरा

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों से विदेशी कोषों की बिकवाली के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे गिरकर 82.25 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 84 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होने से भी रुपये पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.23 पर खुला, और बाद के कारोबार में यह 82.25 तक चला गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले सात पैसे की गिरावट दर्शाता है।



# इस मानसून में बेहतर रही खरीफ फसल की बुआई

## पर नहीं टला है अल नीनो का खतरा, खाद्य महंगाई की चुनौती बरकरार!

*__नई दिल्ली।__ जुलाई का महीना खत्म हो रहा है. और राहत की बात ये है कि देर से ही सही लेकिन देश के कई राज्यों में मानसून की बारिश देखने को मिली है. बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल छोड़ दें तो ज्यादातर राज्यों में जुलाई महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश देखने को मिला है.जुलाई महीने में मानसून बारिश के चलते खरीफ फसलों की बुआई में तेज इजाफा देखने को मिला है.*



**बेहतर रही है खरीफ फसलों की बुआई** – मौजूदा खरीज सीजन में दलहन को छोड़ दें तो बाकी फसलों की बुआई में इजाफा देखने को मिला है. सबसे महत्वपूर्ण धान यानि चावल की बुआई बीते वर्ष के मुकाबले ज्यादा क्षेत्र में इस वर्ष हुई है. धान की बुआई 2023 में 233.37 लाख हेक्येटर में हुई जबकि 2022 में 233.25 लाख हेक्टेयर में हुई थी. सामान्य से ज्यादा बारिश होने के चलते किसानों को राहत मिली ही है लेकिन सबसे ज्यादा राहत की सांस केंद्र की मोदी सरकार ने ली है जिसे अगले साल 2024 में महाचुनाव का सामना करना है और हाल के दिनों में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में तेज उछाल के चलते महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है.

**बेहतर मानसून की बारिश जरुरी** – लेकिन चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है. जून के मध्य से लेकर अगस्त के मध्य के दौरान ज्यादा खरीफ फसलों की बुआई होती है. अगस्त और सितंबर में होने वाली बारिश खरीफ फसल के लिए बहुत मायने रखती है क्योंकि इसी बारिश से खरीफ फसल के पैदावार को बढ़ाने में मदद मिली है. तो इस महीने होने वाली बारिश से नदी नहर तालाब और पानी के जलाशयों को भरने में मदद मिलती है जमीन के नीचे पानी का लेवल भी ऊपर बढ़ता है. इससे ठंड के दौरान रबी फसलों के सीजन में रबी फसल को नमी प्रदान करती है.

**नहीं टला है अल नीनो का खतरा** – अब तक तो खरीफ फसलों की बुआई के आंकड़े बेहतर नजर आ रहे हैं लेकिन इस वर्ष की शुरुआत से ही जिस अल नीनो का खतरा बताया जा रहा है वो अभी टला नहीं है. ज्यादातर मौसम को लेकर भविष्यवाणी करने वाली एजेंसियां इस वर्ष ठंड के सीजन के दौरान भी अल नीनो के रहने की आशंका जता रहे हैं. इसलिए अगस्त सितंबर के दौरान मानसून कमजोर पड़ा तो इसके असर रबी फसलों पर भी पड़ सकता है.

**घट हुआ चावल गेहूं का स्टॉक** – सरकार के भंडार में एक जुलाई तक 71.1 मिलियन टन चावल और गेहूं का स्टॉक था जो पांच साल में सबसे कम है. अन नीनो और खरीफ और रबी फसलों की पैदावार में कोई भी कमी से सरकार की मुसीबत बढ़ सकती है. क्योंकि अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं. यही वजह है कि गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन के बाद भी सरकार के गेहूं के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध को नहीं हटाया और अब तो गैर-बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर भी बैन लगा दिया गया है. चीनी के एक्सपोर्ट पर तो पहले से बैन लगा हुआ था.

**परेशान कर रही अरहर दाल की कीमत** – अरहर दाल की कीमतों में पहले से ही आग लगी है. खुदरा बाजार में 180 से 200 रुपये प्रति किलो में अरहर दाल मिल रहा है. तो इस खरीफ सीजन में अरहर दाल की बुआई कम हुई है. 2022 में 37.50 लाख हेक्टेयर में अरहर दाल की बुआई हुई थी जो 2023 में घटकर 31.51 लाख हेक्टेयर रह गई है. जबकि सामान्य एरिया 46.29 लाख हेक्टेयर है. मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में बेहतर मानसून की बारिश का फायदा सोयाबीन, मूंगफली और तिल के फसल को होगा और उत्पादन ज्यादा होने की उम्मीद है.

**खाद्य महंगाई में तेज उछाल** – टमाटर समेत दूसरी सब्जियों की कीमतों में उछाल सरकार के परेशान कर रही है. जून महीने में खुदरा महंगाई दर के आकड़ों ने फिर से यूटर्न ले लिया है. जून 2023 में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल के चलते खुदरा महंगाई दर 4.81 फीसदी पर जा पहुंची जो मई में 4.31 फीसदी रही थी. खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है. जून में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 4.49 फीसदी पर जा पहुंची है जो मई 2023 में 2.96 फीसदी रही थी. ऐसे में महंगाई में कमी लाने के लिए बेहतर मानसून का होना बेहद जरुरी है.



## जेट एयरवेज फिर उड़ान भरने को तैयार, डीजीसीए ने एओसी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिवालिया एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज के विमान एक बार फिर उड़ान भरने की तैयारी में हैं। नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन के हवाई परिचालक प्रमाणपत्र को रिन्यू कर दिया है। जेट एयरवेज के लिए सफल बोली लगाने वाले जालान-कालरॉक गठजोड़ (जेकेसी) ने यह जानकारी दी है। जालान-कालरॉक गठजोड़ ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि विमान नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन के हवाई परिचालक प्रमाणपत्र (एओसी) को नवीनीकृत कर दिया है। जेकेसी ने बताया कि उसे 28 जुलाई को डीजीसीए से जेट एयरवेज का एओसी मिल गया है। बयान के मुताबिक एओसी का नवीनीकरण जेट एयरवेज के पुनरुद्धार में डीजीसीए के भरोसे को फिर से प्रमाणित करता है। उल्लेखनीय है कि नकदी संकट से जूझ रहे जेट एयरवेज ने 17 अप्रैल, 2019 से उड़ान बंद कर दी थी। इसके बाद डीजीसीए ने 20 मई 2022 को एओसी जारी किया था। हालांकि, एयरलाइन का परिचालन शुरू नहीं हो पाया, जिसकी वजह से एओसी की वैधता 19 मई, 2023 को खत्म हो गई थी।

# शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स 367 अंक उछला



*मुंबई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में शानदार रैली देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में सुस्त शुरुआत के बाद आखिरी घंटे के ट्रेडिंग सेशन में बाजार में जबरदस्त खरीदारी लौटने से सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी तेजी के साथ बंद होने में कामयाब रहें।*

कारोबार बंद होने पर बीएसई सेंसेक्स 367.47 अंक उछलकर 66,527.67 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई निफ्टी 107.75 अंक की तेजी के साथ 19,753.80 अंक पर बंद हुआ। आज के बाजार में पावर और आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। इसके दम पर बाजार हरे निशान में बंद हुआ। आईटी शेयरों की बात करें तो टेक महिंद्रा, टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो, एचसीएल टेक समेत अधिकांश आईटी स्टॉक्स में 2 से 3 फीसदी की तेजी देखने को मिली। दोनों शेयर बाजारों ने इस तेजी के साथ पिछले सप्ताह लगातार दो कारोबारी दिवसों में रही गिरावट से खुद को उबार लिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी का शेयर सकारात्मक तिमाही नतीजों के दम पर करीब चार प्रतिशत तक उछल गया। इसके अलावा पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, टीसीएस, विप्रो, मारुति सुजुकी और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में तेजी का दौर रहा। दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

# 6 साल में 27,426 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई, केवल 922 करोड़ रुपये की हुई वसूली

*__नई दिल्ली।__ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के छह साल में सरकार ने 5,070 धोखाधड़ी के मामलों का पता लगाया जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) क्लेम के लिए लोगों ने पैन और आधार विवरण का दुरुपयोग किया। इन 5,000 मामलों से 27,426 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता चला है।*




हालांकि पिछले छह वर्षों में वसूली केवल 922 करोड़ रुपये की हुई है। ये आंकड़े 1 जुलाई, 2017 (जीएसटी व्यवस्था की शुरुआत) और 30 जून, 2023 के बीच के हैं। महाराष्ट्र, दिल्ली और तमिलनाडु जीएसटी पंजीकरण के दुरुपयोग के धोखाधड़ी के मामलों में शीर्ष तीन में हैं, जहां क्रमश: 765, 713 और 632 मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में 3,889 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गई, जबकि केवल 171 करोड़ रुपये की वसूली हुई। दिल्ली में 4,326 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गई, जबकि वसूली केवल 159 करोड़ रुपये की हुई और तमिलनाडु में 1,877 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी गई और वसूली केवल 44 करोड़ रुपये की हुई। दिलचस्प बात यह है कि 16 मई 2023 से 9 जुलाई 2023 के बीच सरकार ने आश्चर्यजनक रूप से 9,369 फर्जी संस्थाओं का पता लगाया। साथ ही 10,902 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता चला। हालांकि इन फर्जी संस्थाओं से केवल 45 करोड़ रुपये की वसूली हुई है।

# भारत के गैर-बासमती चावल निर्यात पर प्रतिबंध से नेपाल चिंतित, तेज की कूटनीतिक कोशिशें

*__काठमांडू।__ भारत के गैर बासमती चावल के प्रतिबंध का असर नेपाल में दिखने लगा है। देश की कुल खपत का 20 प्रतिशत चावल भारत से ही आयात किया जाता रहा है। करीब 70 लाख मीट्रिक टन चावल की खपत में से 15 लाख मीट्रिक टन चावल भारत से आयात होता रहा है।*



सरकारी आंकड़ा बताता है कि पिछले आर्थिक वर्ष में भारत से करीब 1500 करोड़ रुपये के चावल का आयात किया गया। इतने बड़े पैमाने पर चावल के आयात पर निर्भर रहने वाले नेपाली समाज में प्रतिबंध की खबर आते ही आम जनता से लेकर व्यापारी तक ने चावल का भंडारण करना शुरू कर दिया है। इससे चावल की कालाबाजारी और मूल्य वृद्धि की शिकायत लगातार आ रही है।

इसके मद्देनजर नेपाल सरकार ने अहम फैसला लिया है। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद संबंधित मंत्रालय के उच्च अधिकारियों की बैठक में चावल की कालाबाजारी रोकने, मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण करने और आम जनता को चावल की कमी नहीं होने देने के लिए लगातार बाजार अनुगमन करने का फैसला किया गया है।

नेपाल सरकार के मुख्य सचिव वैकुण्ठ अर्याल की अध्यक्षता में रविवार को हुई बैठक में देश में भारत के चावल निर्यात पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद की परिस्थितियों पर गम्भीरता पूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक के बाद जारी बयान में चावल की कालाबाजारी रोकने और मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण करने के लिए देशभर में नियमित बाजार अनुगमन करने का फैसला लिए जाने की जानकारी दी गई है।

प्रधानमंत्री कार्यालय के सचिव के नेतृत्व में गृह मंत्रालय, योजना आयोग, राष्ट्रीय सतर्कता केंद्र, कृषि मंत्रालय, आपूर्ति मंत्रालय के सचिव सहित विभिन्न सरकारी जांच एजेंसियों के प्रतिनिधियों को शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है।

बैठक के बाद आपूर्ति सचिव मुकुन्द निरौला ने कहा कि आम जनता के घर में चावल की कमी नहीं होने देने के लिए सरकारी गोदामों के अलावा निजी क्षेत्र के गोदामों में भी चावल का भंडारण शुरू करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रविधि और मानवीय दोनों तरीके से चावल की कालाबाजारी को रोकने के लिए मुस्तैदी से निगरानी की जाएगी। साथ ही प्रतिबंध की आड़ में मूल्य वृद्धि न हो सके इसको लेकर भी सरकार सचेत है।

उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्री रमेश रिजाल ने कहा कि नेपाल को चावल प्रतिबंध वाले निर्णय से बाहर रखने के लिए सरकार के तरफ से कूटनीतिक प्रयास भी किया जा रहा है। मंत्री रिजाल का तर्क है कि भारत ने कोरोना के समय भी खाद्यान्न सहित कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन नेपाल सरकार के आग्रह के बाद विशेष व्यवस्था के तहत खाद्यान्न सहित सभी वस्तुओं के प्रतिबंधों से छूट दी गई थी।

भारत सरकार ने पिछले वर्ष चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत का अतिरिक्त कर लगाने का निर्णय किया था, लेकिन नेपाल सरकार के मानवीय आधार पर इसमें छूट देने का आग्रह करने पर भारत ने छह लाख मीट्रिक टन तक के चावल निर्यात को कर के दायरे से बाहर कर दिया था। फिलहाल नेपाल में उसी कोटे के तहत चावल का आयात किया जा रहा था। भारत सरकार के ताजा निर्णय में राहत कोटा के तहत भेजे जा रहे चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगाने के बाद किसी भी प्रकार की असहज स्थिति से बचने के लिए नेपाल सरकार ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं।

## नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस में छात्रों को सुनहरा अवसर



**जबलपुर।** छात्रों की तैयारी को गति देने और अकादमिक रूप से सटीकता लाने के लिए नारायण एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस द्वारा स्कॉलैस्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। एन-एस-ए-टी- की 18 वीं श्रृंखला द्वारा छात्रों को अपनी तैयारी को परखने का मौका मिलेगा। एन-एस-ए-टी- एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक परीक्षा है जिसका उद्देश्य देश भर के युवा छात्रों की शैक्षणिक प्रतिभा निखारना] पुरस्कृत कर और उन्हें प्रेरित करना है। यह कक्षा 7वीं से 11वीं (विज्ञान) के छात्रों के लिए अपने नॉलेज, थिंकिंग और अपने सहकर्मी समूह के बीच समस्या समाधान क्षमताओं का परीक्षण करने में मददगार है। जिससे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को एक मंच मिले। अपने समृद्ध इतिहास और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ एन-एस-ए-टी- ने लगातार छात्रों को अपनी वास्तविक क्षमता बढ़ाने और इस्तेमाल करने के अवसर प्रदान किए हैं। **300 से अधिक शहरों को कवर** – एन-एस-ए-टी द्वारा 2023 रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते है। 1 करोड़, असाधारण प्रतिभा को पुरस्कृत कर, छात्रों को अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया जाता है।

## वालमार्ट का बड़ा दांव, अरबों डॉलर खर्च करके फिल्पकार्ट में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** वालमार्ट ने फ्लिपकार्ट में टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट की बची हुई हिस्सेदारी को खरीद लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार वालमार्ट ने इस हिस्से के लिए 1.4 अरब डॉलर का भुगतान टाइगर ग्लोबल मैनेजमेंट को किया है। इस फैसले से एक बात तो साफ हो गई है कि वालमार्ट भारत के रिटेल मार्केट को लेकर उत्साहित है।

बता दें, यह ट्राजेक्शन पिछले दिनों हुआ है। ब्लूमबर्ग के अनुसार यह नई डील फ्लिपकार्ट के 35 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर हुआ है। जोकि 2021 के फ्लिपकार्ट के वैल्यूएशन से काफी कम है। 2 साल पहले फ्लिपकार्ट की वैल्यूएशन 38 अरब डॉलर बताया गया था। हालांकि, इस पूरे मसले पर फ्लिपकार्ट के प्रवक्ताओं का कोई बयान नहीं आया है।

## कैट और मेटा भारत में 10 मिलियन व्यापारियों को डिजिटल बनाएंगे




**जबलपुर।** देश भर में छोटे व्यवसायों को सशक्त बनाने के प्रयास में, कैट और वैश्विक कंपनी मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप द्वारा अपनी पार्टनरशिप में एक बड़ा आयाम देते हुए देश में 10 मिलियन स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित और कुशल बनाने का दोनों ने संयुक्त रूप से ऐलान किया। साझेदारी का लक्ष्य सभी 29 भारतीय राज्यों में 11 भारतीय भाषाओं में हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुँचाना है। दीपक सेठी (कैट) प्रदेश सचिव ने बताया कि मेटा स्मॉल बिजनेस अकादमी द्वारा प्रमाणन विशेष रूप से नए उद्यमियों और विपणक को मेटा ऐप्स पर बढ़ने के लिए महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग कौशल हासिल करने में मदद करेगा। रोहित खटवानी जबलपुर जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम को पूरे भारत में एमएसएमई तक पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए, पाठ्यक्रम मॉड्यूल और परीक्षा सात भाषाओं – हिंदी, अंग्रेजी,मराठी, बंगाली, कन्नड़, तमिल और तेलुगु में उपलब्ध हैं।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 10000-11000, मीडियम बोल्ड 12000-12500, फाइन 13000-14000, एकस्ट्रा बोल्ड 14000-1450, चना दाल एवरेज 6000-6200 चना दाल मार्का 6200-6500, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7200-7500, उड़द छिलका 8500-9000, फाइन 9500-10000, उड़द धुली 10000-10500, फाइन 10800-11000, मूंग दाल छिलका 9000-9200, मूंग दाल फाइन 9400-9500, मूंगदाल धुली 9800-10000,फाइन 10000-10200।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3100-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3500-3700, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4800 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 4800-5000, फाइन 5300-5500, बासमती कनकी चालू 2800-2900, बासमती कनकी मीडियम 3200-3400, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 6000-6200, तिबार- 7200-7500, बासमती 10000-11500, बेस्ट 11500-12000 पोहा-4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा-5000-5200, फाइन- 6500-7000, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73900 चांदी रिफाइन -75200

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच- 73900 चांदी रिफाइन -75200


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 24 |
| एक यूरो | 90. 77 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 105. 71 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 75 |
| एक जापानी येन | 00. 58 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 94 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 96 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-100 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 58 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6500, 6 एम एम 6500, 8 एम एम 6100, 10 एम एम 5900,12 एम एम, 5900 एवं 16 एम 5900 रु.। तार- 78 रु. किलो।

**देशबन्धु**

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 % गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

**नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।**


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# लंबे अंतराल के बाद जबलपुर में झमाझम बारिश



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में मंगलवार का दिन बारिश के लिहाज से अच्छा दिन रहा। शाम होते तक झमाझम बारिश हुई। इससे जहां लोगों को धूप और उमस भरी गर्मी से राहत मिली वहीं बारिश के चलते शहर के क्षेत्रों में जल भराव हो गया था। अब तक जबलपुर में बारिश का आंकड़ा 24 इंच हो गई है। एक तरह से जिस तरह बारिश हो रही थी उसके बाद माना जा सकता है कि बुधवार की सुबह तक आंकड़ा 25 इंच के उपर पहुंच सकता है।







## अगले चौबीस घंटे में भी मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट

अब्दुल हमीद वार्ड के रिहायशी इलाकों में सड़क निर्माण के चलते कई घरों में पानी घुस गया है। इसी तरह की स्थिति कुछ और वार्डो के क्षेत्रो की बताई जा रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले चौबीस घंटे में रीवा, सीधी, सिंगरौली भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट एवं वज्रपात के साथ भारी वर्षा पन्ना, छतरपुर, सतना जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। कटनी, सिवनी, बालाघाट, डिंडौरी, टीकमगढ़, नर्मदापुरम में भी इसी तरह का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जारी किया है। यही स्थिति जबलपुर संभाग के जिलों के लिये जारी की गई है। यहां पर भी तेज बारिश के आसार हैं। आने वाले दो दिनों तक मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

प्रदेश में फिर से मानसून के बादल सक्रिय हो गये हैं। जिसके चलते 1 अगस्त को नगर और आस-पास जमकर बारिश हुई। काफी समय तक बारिश होती रही। इससे शहर के सिविक सेंटर, मुकादमगंज, अंधेरदेव, कोतवाली, चेरीताल, बल्देवबाग, संगम कालोनी, गढ़ा, सदर, बिलहरी, आधारताल आदि जगह जलप्लावन हो गया था। बारिश की तीव्रता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कई जगह तो लोगों के घरों में भी पानी घुस गया है। जिसके कारण गृहस्थी का सामान आदि भीग गये।

सुबह से आसमान में मानसून के बादल छाने लगे थे। दोपहर बाद बादल और ज्यादा घने होने लगे थे। शाम के पांच बजे के बाद बारिश हो गई थी जो लंबे समय तक होती रही। बारिश इतनी तेज गति से हो रही थी इससे उन स्थानों पर आवागमन प्रभावित होने लगा था जहां पर सड़क निर्माण का काम चल रहा है। पानी के चलते कई वाहन भी फस गये थे, जिसके कारण वाहन परेशान रहे।

**फ्लाई ओव्हर के उपर से झरना की तरह गिर रहा था पानी -** दमोहनाका से रानीताल और मदनमहल के दशमेश द्वार, गुलाटी पेट्रोलपंप, आदि जगह फ्लाई ओव्हर के ऊपर बारिश के दौरान झरना की तरह पानी गिर रहा था। इससे इसके नीचे से गुजरने वालों को कई तरह की असुविधा का सामना भी करना पड़ रहा था। जहां से पानी नहीं गिर रहा था, वहां पर वाहन चालक और दूसरे लोगों ने अपने को बचाने का प्रयास किया। इस तरह का अनुभव लोगों के लिये नया था। कई लोग तो इसका आनंद ले रहे थे।

### अधूरी सड़क बनी मुसीबत का कारण

गौरतलब है कि अब्दुल हमीद वार्ड में देशबन्धु ने सड़क नही होने की समस्या को प्राथमिकता पर प्रकाशित किया था, जिसके बाद यहां पर सड़क का निर्माण शुरू कर दिया गया है लेकिन पूरी सड़क नहीं बनने से बारिश का पानी कई जगह भर गया, पानी की निकासी नहीं होने से लोगों के घरों तक पानी पहुंच गया है। जो परेशानी का कारण बन गया है। यहां -वहां सड़क निर्माण का मटेरियल फैला है, जो समस्या की वजह बताई जा रही है। इस तरह जल्द ध्यान देने की जरूरत है। आने वाले दिन बारिश के हैं, ऐसे में इस तरफ संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को ध्यान देने की जरूरत है।

### क्या सड़क और क्या घर, सब तरफ पानी-पानी, सिविक सेंटर, मुकादमगंज, कोतवाली, बिलहरी, गढ़ा, आधारताल, बल्देवबाग, चेरीताल आदि क्षेत्रों में जल भराव

## संभागायुक्त कार्यालय में 6 फिर एक बाबू 20 हजार की घूस लेते पकड़ा गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन स्थित संभागीय कमिश्नर कार्यालय में मंगलवार को लोकायुक्त पुलिस की टीम ने सहायक ग्रेड थ्री कर्मचारी महेन्द्र कुमार मिश्रा को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचा है।

रिश्वतखोर बाबू महेन्द्र कुमार एक मकान को लेकर एसडीएम कोर्ट में लगे स्टे को हटवाने के 25 हजार रुपए की मांग कर रहा था, 20 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था, जिसे मंगलवार को लोकायुक्त टीम ने पकड़ा लिया। लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि अभिषेक पाठक के बड़े भाई अजय कुमार पाठक का चौकीताल भड़पुरा में मकान है। जिसपर एसडीएम जबलपुर द्वारा बेदखली का आदेश किया गया था। इस संबंध में कमिश्नर कार्यालय में अपील की गई। उक्त आदेश के विरुद्ध स्टे प्रदान करने के एवज में कमिश्नर कार्यालय में पदस्थ बाबू महेंद्र पिता स्वर्गीय चंद्रिका प्रसाद मिश्रा उम्र 58 वर्ष द्वारा 25 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। इस बात की शिकायत अभिषेक पाठक ने लोकायुक्त एसपी संजय साहू से की, इसके बाद दोपहर 12 बजे के लगभग अभिषेक पाठक ने बाबू महेन्द्र मिश्रा को 20 हजार दिये, तभी लोकायुक्त डीएसपी दिलीप झरवड़े, इंस्पेक्टर स्वप्रिल दास, मंजू तिर्की सहित अन्य अधिकारियों ने दबिश देकर रंगे हाथ पकड़ लिया।

## नर्सिंग कॉलेज घोटाला मामले में हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी, कहा, ऐसा रहा तो सीबीआई को सौंप दी जाएगी जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रवि मलिमथ व न्यायाधीश विशाल मिश्रा की बैंच में नर्सिंग कॉलेज घोटाला मामले की फिर से सुनवाई हुई। मप्र लॉ स्टूडेंटस एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता विशाल बघेल द्वारा दायर की गई जनहित याचिका पर हुई सुनवाई में सरकार की ओर से एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता आशीष बर्नाड ने कोर्ट को बताया कि नर्सिंग कॉउंसिल की पूर्व रजिस्ट्रार सुनीता शिजू को दतिया ट्रांसफर करते हुए आरोप पर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही विभागीय जांच 3 माह में खत्म कर ली जाएगी। कोर्ट को बताया गया कि कॉउंसिल में नियुक्त की गई नई रजिस्ट्रार स्टेला पीटर को भी पद से हटा कर वापस मूल पद वापस पर भेज दिया गया है।



नर्सिंग काउंसिल की ओर से एक आवेदन पेश कर कोर्ट को बताया गया कि फैकल्टी फर्जीवाड़े में वर्ष 2022-23 में मान्यता प्राप्त 19 नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता समाप्त कर दी गई है। जिन निरीक्षकों द्वारा कॉलेजों की भौतिक सत्यापन की गलत रिपोर्ट काउंसिल को सौंपी गई थी उनको नोटिस जारी किए गए हैं। उन पर कार्यवाही के लिए कमेटी का गठन किया गया है। नर्सिंग काउंसिल ने कोर्ट से अनुरोध किया कि याचिका का निराकरण किया जाए।

हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल की मांग को खारिज कर सख्त लहजे में कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए एक भी कदम संतोषजनक नहीं हैं। इस मामले में की गई कार्यवाही व सरकार की हीलाहवाली के कारण हम अब इस मामले को सीबीआई को सौंपने पर विचार करेंगे। कोर्ट की टिप्पणी पर सरकार की ओर से बताया गया कि ग्वालियर हाईकोर्ट के आदेश पर पहले से ही सीबीआई प्रदेश भर के नर्सिंग कॉलेजों की जांच कर रही है। जिस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता आलोक वागरेचा ने आपत्ति व्यक्त करते हुए कोर्ट को बताया कि सीबीआई वर्तमान में मध्यप्रदेश के सिर्फ उन 364 नर्सिंग कॉलेजों की जांच कर रही है, जिन्हें वर्ष 2020-21 में मेडिकल यूनिवर्सिटी ने संबद्धता दी थी जबकि नर्सिंग काउंसिल द्वारा वर्ष 2020-21 में खोले गए 670 नर्सिंग कॉलेज में से 364 कॉलेजों के अलावा शेष कॉलेज अभी भी सीबीआई जांच के दायरे से बाहर हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद ग्वालियर बेंच में चल रहे नर्सिंग फर्जीवाड़े से संबंधित 40 मामलों को जबलपुर ट्रांसफर करने के आदेश दिए और मामले की सुनवाई 1 सप्ताह बाद नियत की है।

## कान्हा में दो साल के बाघ का सड़ी गली अवस्था में मिला शव



### पार्क प्रबंधन ने किया अंतिम संस्कार, मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व अंतर्गत कोर जोन में एक बाघ का सड़े-गले अवस्था में शव मिला है। कान्हा के वन्यकर्मियों को 31 जुलाई को गश्ती के दौरान यह शव मिला है। बाघ के शव का राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के प्रोटोकॉल के अनुसार पोस्टमार्टम कर जलाकर नष्ट किया गया। पार्क प्रबंधन ने बताया कि पार्क के कोर जोन अंतर्गत भैसानघाट परिक्षेत्र के खमोडीदादर बीट के कक्ष क्रमांक 240 में कर्मचारियों की गश्ती के दौरान मृत वन्यप्राणी बाघ का सड़ा-गला शव प्राप्त हुआ। पार्क के फील्ड डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया गया। शव 8 से 10 दिन पुराना है। घटना स्थल के आस पास हड्डियां पड़ी मिली हैं। बाघ की अनुमानित आयु 18-24 माह है।

31 जुलाई को मृत बाघ का शव परीक्षण एनटीसीए नई दिल्ली प्रोटोकाल के अनुसार कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. संदीप अग्रवाल एवं एनटीसीए के प्रतिनिधि प्रिया वारेकर, एसके सिंह फील्ड डायरेक्टर कान्हा टाईगर रिजर्व सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में शव का परीक्षण कर आवश्यक अवयव फोरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित रखकर सम्पूर्ण अवशेष को जलाकर नष्ट किया गया। बाघ की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।



## खितौली रेंज में तीन शावकों के साथ दिखी बाघिन तारा

**कटनी, देशबन्धु।** एक बार फिर बाघिन तारा अपने मदमस्त अंदाज़ में घूमते नजर आई, लेकिन इस बार वो अकेली नहीं बल्कि उसके तीन शावक भी साथ दिखाई दिए, जो बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे खितौली रेंज पर भ्रमण करते दिखे। स्थानीय लोगों ने तारा और उसके शावकों का वीडियो बनाया जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

कटनी जिला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है, तो पन्ना रिजर्व का क्षेत्र भी कटनी के जंगलों के पास से गुजरता है, जिससे कटनी में बाघों की हलचल बनी रहती है। वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा के मुताबिक कटनी जिले में 13 एडल्ट और उससे कहीं ज्यादा सब एडल्ट टाइगर मौजूद हैं, जिनकी चहलकदमी अक्सर वन परिक्षेत्रों से लगे ग्रामों में नजर आती है। उसी में से एक वीडियो खितौली रेंज से सामने आया, जिसमें एक बाघिन अपने शावकों के साथ टाइगर रिजर्व से जुड़े बफर जोन में नजर आई।

## लंपी वायरस से मर रहे मवेशी, आक्रोशित युवा भैंस लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट

**दमोह, देशबन्धु।** प्रदेश के दमोह में चिकित्सा विभाग को होश में लाने के लिए अनोखा विरोध दर्ज करवाया। हताश युवा मंगलवार को भैंस लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट पहुंचे। युवाओं ने लंपी वायरस से सुरक्षा और गौशालाओं में हो रही अनियमितताओं को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की। दरअसल, हुआ यूं कि शहर के युवा मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विरोध जताने के लिए एक भैंस लेकर पहुंचे। युवाओं ने कहा कि बड़े पैमाने पर गोवंश की हत्या की जा रही है, जिसे प्रशासन रोकने में नाकाम है। साथ ही दमोह में मवेशियों को लंपी वायरस ने जकड़ लिया है, जिससे कई मवेशियों की मौत हो रही है। मवेशियों को बचाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग कोई प्रयास नहीं कर रहा है। कलेक्टर के नाम इन युवाओं ने आवेदन दिया और नारेबाजी की।




FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888, 4069889

FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS

समदड़िया सिनेमा

WEDNESDAY SHOW OFFER

RS. @ 90/- VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS

MISSION IMPOSSIBLE 01:15 PM

BRO IN TELUGU 08:15 PM

BARBIE IN ENGLISH 10:30 AM 03:45 AM

ROCKY AUR RANI KI PREM KAHANI 10:00 AM 11:15 AM 12:45 PM 02:15 PM 03:45 PM 05:15 PM 07:00 PM 08:00 PM 09:15 PM 10:15 PM 10:55 PM

OPPENHEIMER IN ENGLISH 10:00 AM 04:15 PM 10:55 PM IN HINDI 06:00 PM

SATYAPREM KI KATHA 01:00 PM


## सीआरबी का एचआरएमएस लीव मोड्यूएल लॉन्च, अब रेलकर्मी छुट्टी के लिये ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड चेयरमैन रेलवे बोर्ड अनिल कुमार लाहोटी ने मंगलवार को सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) लीव मॉड्यूल का शुभारम्भ किया गया। अब रेलकर्मी एचआरएमएस एप के जरिये छुट्टी के लिये आवेदन ऑनलाइन कर सकेंगे। साथ ही उनकी छुट्टी भी ऑनलाईन स्वीकृत होगी।

उल्लेखनीय है कि डिजिटली ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) प्रणाली के माध्यम से रेल कर्मियों की सम्पूर्ण जानकारी जैसे नाम, पदनाम, पीएफ नंबर, बिल यूनिट इत्यादि तथा इसके आलावा पारिवारिक विवरण भी ऑनलाइन एचआरएमएस मोबाइल एप्लीकेशन पर प्रदान की जा रही है। इसमें रेलकर्मी की सर्विस रेकॉर्ड फाइल भी डिजिटली होती है, जिसमें स्थानांतरण/प्रमोशन आदेश और यदि कोई अवार्ड मिला हो उसका विवरण दर्ज होता है। मुख्यत: एचआरएमएस के विभिन्न मॉड्यूल में ऑनलाइन रेलवे सुविधा पास का आवेदन कर ई-पास बनाना, पीएफ लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन करना एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुविधाओं को विस्तार करते हुए सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम (एचआरएमएस) लीव मॉड्यूल लॉन्च कर अब छुट्टियों के आवेदन भी ऑनलाइन से भरे जाएंगे।

इसी कड़ी में पमरे के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में भी एचआरएमएस लीव मॉड्यूल की शुरुआत होने जा रही है। एचआरएमएस लीव मॉड्यूल प्रणाली की उपयोगिता से रेलवे की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी। इसके अलावा कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और हर समय रेलकर्मी ऑनलाईन अपना छुट्टी का आवेदन दे सकते हैं। इस प्रणाली में आगे और भी मॉड्यूल लॉन्च किये जायेंगे।


सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 90

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 92

छोटा ब्रॉयलर - रु. 96

मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 100

मुर्गा मीडियम - रु. 96

मुर्गा बड़ा - रु. 94

मुर्गा जम्बो - रु. 94

मो.-9039925000, 9425800409

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496